seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

चिंता इतनी करो कि काम हो जाए, इतनी नहीं कि जिंदगी तमाम हो जाए।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 319 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, सोमवार, 23 नवम्बर, 2026 पंत का शतक; भारत ने पहली पारी 720 रन... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

42 करोड़ रुपए का घोटाला, तीन पकड़े

डीडवाना-कुचामन। करोड़ों रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) घोटाले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद एहसान कुरैशी के तीन सहयोगियों-पंकज शर्मा, रामपाल शर्मा और आसिफ कुरैशी–को गिरफ्तार किया है। जांच में करीब 60 फर्मों के जरिए 41-42 करोड़ रुपये के फर्जी लेनदेन का खुलासा हुआ है। आरोप है कि फर्जी बिल और जीएसटी पोर्टल का दुरुपयोग कर आईटीसी क्लेम किया गया। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।



यूपी के 75 जिलों में ब्लैकआउट मॉकड्रिल

लखनऊ। आतंकी हवाई हमलों जैसी आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी परखने के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में एयर रेड और ब्लैकआउट मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान कुछ समय के लिए बिजली बंद कर सायरन बजाए गए। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने, रोशनी नियंत्रित रखने और प्रशासन के निदेशों का पालन करने का अभ्यास कराया गया। गृह मंत्रालय के निदेशों पर हुए इस अभ्यास में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग और नागरिक सुरक्षा बलों ने भाग लिया।

ब्रेजा नहीं मिलने पर बारात लेकर लौटा

सोनीपत। गोहाना के गांधी नगर निवासी दिल्ली पुलिस के एक जवान पर दहेज में ब्रेजा कार की मांग पूरी नहीं होने पर शादी से इनकार कर बारात वापस ले जाने का आरोप लगा है। दुल्हन पक्ष का कहना है कि शादी की तैयारियों पर 25 से 30 लाख रुपये खर्च किए गए थे और 1,200 मेहमानों के लिए भोज की व्यवस्था की गई थी। शिकायत के अनुसार, सगाई के समय दूल्हे ने दहेज में बुक कराई गई कार लेने से इनकार कर ब्रेजा कार की मांग की। शादी वाले दिन जब मांग पूरी नहीं हुई तो वह बिना विवाह किए लौट गया। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए बुलाया है। फिलहाल मामला दर्ज नहीं किया गया है और जांच जारी है।

सहायक आयुक्त 1.50 लाख रिश्वत लेते काबू

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राज्य कर विभाग की सहायक आयुक्त अंचला गिरी को 1.50 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी जगदलपुर इकाई ने 21 नवंबर को ट्रैप कार्रवाई की। आरोप है कि ई-वे बिल मामले में राहत देने के बदले रिश्वत मांगी गई थी। रकम बिचौलिये इमरान मेमन के माध्यम से ली जा रही थी, जिसे भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है। सहायक आयुक्त की संपत्तियों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

40 गांवों में पलायन रुका : अमित शाह

ईटानगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि चीन सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के 40 गांवों में अब आबादी बढ़ रही है और पलायन रुक गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इन गांवों में रोजगार, बिजली और स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं पहुंचाई हैं। अब सेना और स्थानीय सहकारी समितियों के माध्यम से दूध, अंडे और सब्जियों की खरीद की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

श्रीगंगानगर के नवदीप बैंस ने कनाडा में रचा इतिहास, लिबरल पार्टी की कमान संभाली

रायसिंहनगर क्षेत्र के गांव 12 पीएस से कनाडा की राजनीति के शिखर तक पहुंचने वाले पहले पगड़ीधारी सिख नेता, प्रमुख राजनीतिक दल का नेतृत्व करने वाले प्रथम अल्पसंख्यक नेता भी

रेवती रमण शर्मा

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। राजस्थान और विशेष रूप से श्रीगंगानगर जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि जिले के गांव 12 पीएस के मूल निवासी नवदीप सिंह बैंस ने कनाडा के ओंटारियो में इतिहास रच दिया है। पांच बार सांसद रह चुके नवदीप बैंस को ओंटारियो लिबरल पार्टी का नेता चुन लिया गया है। वे इस पार्टी के नेता बनने वाले पहले पगड़ीधारी सिख हैं। इसके साथ ही वे ओंटारियो में किसी प्रमुख राजनीतिक दल का नेतृत्व करने वाले पहले अल्पसंख्यक नेता भी बन गए हैं। पार्टी नेतृत्व चुनाव में नवदीप बैंस ने तीसरे दौर की मतगणना में बेहद करीबी मुकाबले में जीत दर्ज की। उन्हें 50.3 प्रतिशत वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी विधायक ली फेयरक्लो को 49.7 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। 12 दिनों तक चले मतदान के बाद शनिवार को परिणाम घोषित किए गए। बैंस ने विधायक ली फेयरक्लो, विधायक स्टेफनी बोमैन और नीति सलाहकार डायलन मारांडो को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की।



13 साल सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री रहे

नवदीप बैंस मिसिसॉगा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए कनाडा की संसद में 13 वर्ष तक सांसद रहे। वर्ष 2015 से 2021 तक उन्होंने संघीय सरकार में नवाचार, विज्ञान और उद्योग मंत्री की जिम्मेदारी संभाली। राजनीति में आने से पहले वे फोर्ड मोटर कंपनी में वरिष्ठ वित्तीय विश्लेषक थे। उन्होंने सीआईबीसी और रोजर्स कम्युनिकेशंस जैसी संस्थाओं में कार्यकारी पदों पर काम किया।

[चित्र में नवदीप सिंह बैंस (लाल पगड़ी) व डॉ. रविन्द्र सिंह कंग (क्रीम कलर)]

डग फोर्ड सरकार को चुनौती देने का संकल्प

नेतृत्व जीतने के बाद टोरंटो के मेट्रो कन्वेंशन सेंटर में एक हजार से अधिक समर्थकों को संबोधित करते हुए बैंस ने कहा कि नेतृत्व चुनाव समाप्त हो गया है और अब ओंटारियो में डग फोर्ड की प्रोग्रेसिव कंजरवेटिव सरकार को बदलने के अभियान की शुरूआत हो चुकी है। हालांकि, बैंस के सामने कई चुनौतियां भी हैं। वर्तमान में उनके पास प्रांतीय विधानसभा की सदस्यता नहीं है। इससे पहले भी पार्टी के दो नेता बिना विधानसभा सीट के चुने जा चुके हैं, लेकिन इस बार कुछ सदस्यों ने विधानसभा में सक्रिय मौजूदगी वाले नेता की आवश्यकता जताई थी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इन चुनौतियों को पार कर बैंस आगामी समय में मुख्यमंत्री पद के मजबूत दावेदार बन सकते हैं।

राजस्थान के प्रतिनिधियों ने संभाली चुनाव कमान

नवदीप बैंस के चुनाव अभियान में राजस्थान से गए सिख प्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्रीगंगानगर जिले के डॉ. रविंद्र सिंह कंग, चक 39 बीबी निवासी प्रीतपाल सिंह कंग और भरतपुर के आत्मासिंह गिल ने चुनाव अभियान की रणनीति संभाली। डॉ. रविंद्र सिंह कंग के अनुसार, उन्होंने करीब दो माह पहले कनाडा पहुंचकर चुनाव अभियान को गति दी थी। आत्मासिंह गिल ने अंतिम चरण तक पूरे अभियान की कमान संभाली। कंग ने बताया कि लगभग 150 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी पगड़ीधारी सिख ने ओंटारियो जैसे महत्वपूर्ण राजनीतिक दल का नेतृत्व हासिल किया है। नवदीप बैंस की इस उपलब्धि ने न केवल कनाडा की राजनीति में नया अध्याय जोड़ा है, बल्कि श्रीगंगानगर जिले का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

राजस्थान की मिट्टी से जुड़ी हैं बैंस परिवार की जड़ें

अपने विजय भाषण में नवदीप बैंस ने अपने परिवार के संघर्ष का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उनके माता–पिता करीब 50 वर्ष पहले राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के एक छोटे गांव से कनाडा पहुंचे थे। उनके पिता बलविंद्र सिंह बैंस ने वहां मेहनत कर परिवार को आगे बढ़ाया, जबकि उनकी माता ने फैक्ट्री में रात की पाली में काम किया। श्रीगंगानगर जिले के गांव 12 पीएस और आसपास के क्षेत्र में आज भी उनका परिवार जुड़ा हुआ है। उनके दादा 19 पीएस में सरपंच रहे थे। पिता बलविंद्र सिंह बैंस का इलाके में व्यापक सामाजिक संपर्क रहा। उनके चाचा का बेटा रौनी बैंस आज भी गांव 12 पीएस में निवास करता है।

दो बूंद जिंदगी



रविवार को राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान बच्चे को पोलियोरोधी दवा पिलाते हुए।

सुरक्षा बलों के व्हाट्सऐप ग्रूप में पाक जासूसों की घुसपैठ की आशंका

पीआईओ बनकर संवेदनशील जानकारी जुटाने की कोशिश, सेना और अर्धसैनिक बलों को सतर्क रहने के निर्देश

नई दिल्ली।

सेना, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और रक्षा क्षेत्र से जुड़े संगठनों के कई व्हाट्सएप ग्रुपों में पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) की मौजूदगी को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। आशंका है कि ये लोग पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते हैं और खुद को सुरक्षा बलों से जुड़ा कर्मचारी बताकर संवेदनशील जानकारियां जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।



ऑपरेशनल जानकारी जुटाने का प्रयास : सुरक्षा बलों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि पीआईओ सैन्य गतिविधियों, तैनाती, सामरिक प्रतिष्ठानों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी सूचनाएं हासिल करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुपों में शामिल हो रहे हैं। कई ग्रुपों में ऐसे संदिग्ध सदस्यों की पहचान की गई है, जो खुद को फोर्स या रक्षा क्षेत्र से जुड़ा व्यक्ति बताते हैं।

व्हाट्सएप ग्रुपों की होगी जांच

अलर्ट के बाद सेना, केंद्रीय सशस्त्र बलों, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और अन्य रक्षा संगठनों को सभी व्हाट्सएप ग्रुपों का ऑडिट करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रुप एडमिन को संदिग्ध सदस्यों को हटाने, पुराने अनावश्यक ग्रुप बंद करने और संवेदनशील सूचनाएं साझा नहीं करने की सलाह दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने जवानों और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने को कहा है।

डीआरडीओ वैज्ञानिक बनकर महिला पीआईओ ने फंसाया कर्मचारी

हाल ही में सोनिया नाम की एक महिला पीआईओ का मामला सामने आया था। उसने खुद को डीआरडीओ वैज्ञानिक बताकर एक रक्षा कर्मचारी से संपर्क किया। 'ऑल इंडिया डिफेंस सिविलियन म्यूचुअल ट्रांसफर पोस्टिंग' जैसे ग्रुप में शामिल होकर उसने कर्मचारी से बातचीत बढ़ाई और कथित तौर पर पैसे के बदले संवेदनशील जानकारी हासिल की।

जयपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 30 से होगा

खरगे करेंगे उद्घाटन, राहुल समापन सत्र में होंगे शामिल

जयपुर। कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिवों का पहला 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जयपुर में आयोजित किया जाएगा। शिवदासपुरा के पास बाड़ा पदमपुरा में 30 नवंबर से 9 दिसंबर तक होने वाले इस शिविर का उद्घाटन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे, जबकि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समापन सत्र में शामिल होंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल भी 25 नवंबर के बाद जयपुर आकर शिविर की तैयारियों का जायजा ले सकते हैं। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने 81 राष्ट्रीय सचिवों की नियुक्ति की है, जिन्हें अलग-अलग राज्यों में सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

संगठन की कार्यप्रणाली और राजनीतिक चुनौतियों पर प्रशिक्षण : 10 दिन चलने वाले इस शिविर में नए राष्ट्रीय सचिवों को संगठन की कार्यशैली, राजनीतिक चुनौतियों और पार्टी की आगामी रणनीति से अवगत कराया जाएगा। राष्ट्रीय सचिवों की भूमिका राज्यों में संगठन को मजबूत करने, प्रदेश इकाइयों से समन्वय और पार्टी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होती है।



23 साल बाद फिर बाड़ा पदमपुरा में कांग्रेस का आयोजन

बाड़ा पदमपुरा का कांग्रेस से पुराना संबंध रहा है। वर्ष 2003 में यहां कांग्रेस का तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ था, जिसमें तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी शामिल हुई थीं। करीब 23 साल बाद एक बार फिर यह स्थान राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का केंद्र बनने जा रहा है। राजस्थान से रेहाना रियाज, हेम सिंह शेखावत, धीरज गुर्जर, डूंगर राम गेदर, दानिश अबरार और जगदीश जाणिड़ को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। वहीं सांसद संजना जाटव, दिव्या मदेरणा और विजय जाणिड़ को पद से हटाया गया है।

डिग्री नहीं, कौशल और क्षमता तय करेंगे युवाओं की पहचान : राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चुनाव करें।



उन्होंने कहा कि डिग्री पहली नौकरी दिलाने में मदद कर सकती है, लेकिन भविष्य की पहचान और सफलता कौशल, पेशेवर ज्ञान और क्षमता से तय होती है। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सिंह ने कहा कि छात्रों को अपनी डिग्री तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आपकी डिग्री आपकी योग्यता है, पहचान नहीं।' उन्होंने फिल्म निर्माता रंजीत और श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन का उदाहरण देते हुए कहा कि लोग अपने अध्ययन क्षेत्र से अलग काम करके भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई तकनीकें काम करने के तरीकों में तेजी से बदलाव ला रही हैं। ऐसे में युवाओं को लगातार नए कौशल सीखने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रयास और क्षमता ही भविष्य तय करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए सीमाओं की सुरक्षा जरूरी है, तभी भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

नाव पलटने से 24 लोगों की मौत

अबुजा। दक्षिणी नाइजीरिया के बायेल्सा राज्य में शुक्रवार को नाव पलटने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, यात्री अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने 24 लोगों को बचाए जाने की जानकारी दी है।

हिन्दु-ईसाई विवाह को हिन्दु मैरिज एक्ट में मान्यता का प्रावधान नहीं : मद्रास हाईकोर्ट

कोर्ट ने कहा– अलग-अलग धर्मों के विवाह के लिए विशेष प्रक्रिया का पालन जरूरी, केवल पंजीकरण से शादी वैध नहीं

चेन्नई।

मद्रास हाई कोर्ट ने हिंदु विवाह अधिनियम, 1955 के तहत महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि हिंदु और ईसाई के बीच हुआ विवाह इस कानून के तहत न तो संपन्न कराया जा सकता है और न ही केवल पंजीकरण के आधार पर वैध माना जा सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम केवल दो हिंदुओं के बीच विवाह पर लागू होता है।

शादी की वैधता को दी थी चुनौती

यह मामला एक व्यक्ति की अपील से जुड़ा था, जिसने फरवरी 2009 में महिला के साथ हुए विवाह पंजीकरण को अमान्य घोषित करने की मांग की थी। व्यक्ति का आरोप था कि उसे दूसरी शादी में गवाह बनने के बहाने रजिस्ट्रार कार्यालय बुलाकर विवाह दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए। हालांकि महिला ने इन आरोपों को खारिज करते हुए शादी को सहमति से हुआ बताया। फैमिली कोर्ट ने वर्ष 2019 में उसकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद मामला मद्रास हाई कोर्ट पहुंचा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 1998 और 2006 में जारी बपतिस्मा प्रमाणपत्रों की जांच की और माना कि विवाह पंजीकरण के समय व्यक्ति ईसाई था।



धारा 8 से धारा 5 की शर्तें पूरी नहीं की जा सकतीं

जस्टिस सीवी कार्तिकेयन और जस्टिस एस रवीकुमार की खंडपीठ ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 के तहत विवाह के लिए दोनों पक्षों का हिंदू होना जरूरी है। वहीं, धारा 8 केवल पहले से वैध विवाह के पंजीकरण की व्यवस्था करती है। इसका इस्तेमाल ऐसी शादी को वैध बनाने के लिए नहीं किया जा सकता, जो कानून की मूल शर्तें पूरी नहीं करती।

अन्य कानूनों के तहत हो सकता है विवाह

कोर्ट ने कहा कि अलग-अलग धर्मों के लोगों के विवाह के लिए भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, 1872 या विशेष विवाह अधिनियम, 1954 में प्रावधान मौजूद हैं। इस मामले में इन प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया था। कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए विवाह पंजीकरण को अमान्य घोषित कर दिया।

पारंपरिक आभूषणों से लेकर आधुनिक डिजाइन तक की प्रदर्शनी, पहुंचे खरीदार; सिल्वर उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर सिल्वर शो में चांदी की चमक, कारोबारियों को 10 हजार किलो के ऑर्डर मिलने की उम्मीद, देखने उमड़ी लोगों की भीड़

जयपुर।

गुलाबी नगरी में रविवार को चांदी की चमक देखने को मिली। बिड़ला ऑडिटोरियम परिसर में जयपुर सिल्वर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सिल्वर शो में चांदी से बने पारंपरिक आभूषणों, आधुनिक डिजाइन की ज्वेलरी, रत्न जड़ित गहनों, सजावटी सामान और कलात्मक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। आयोजन में देशभर के प्रमुख चांदी कारोबारी, निमार्ता, थोक विक्रेता और खरीदार शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार, इस शो से जयपुर के कारोबारियों को करीब 10 हजार किलो चांदी के ऑर्डर मिलने की संभावना है।

देशभर से पहुंचे बड़े खरीदार : आयोजन समिति के प्रमुख राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि शो में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोयंबटूर सहित कई शहरों के खरीदार पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सोने की बढ़ती कीमतों के कारण चांदी के आभूषणों की मांग बढ़ रही है। अब चांदी केवल पारंपरिक गहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि फैशन और निवेश के विकल्प के रूप में भी लोकप्रिय हो रही है।



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया उद्घाटन

जयपुर में पहली बार आयोजित इस सिल्वर शो का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर चांदी के उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जयपुर का चांदी उद्योग राजस्थान की समृद्ध शिल्पकला और व्यापारिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन प्रदेश की कला और संस्कृति को नई पहचान देते हैं।

सिल्वर मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगा विस्तार

जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्ज्वल डेरेवाला ने बताया कि जयपुर देश के प्रमुख चांदी निर्माण केंद्रों में शामिल है। यहां 92 प्रतिशत शुद्धता वाले चांदी उत्पादों का बड़े स्तर पर निर्माण होता है। शो में हैंडमेड ज्वेलरी, कास्टिंग ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी और सेमी प्रेशियस स्टोन से बने आभूषण प्रदर्शित किए गए हैं।

ज्वेलरी से पूजा सामग्री तक आकर्षण

प्रदर्शनी में अंगूठी, हार, कंगन, पायल, झुमके सहित आधुनिक आभूषणों के अलावा चांदी की थाली, कटोरी, चम्मच, पूजा के बर्तन और सजावटी वस्तुएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि इस आयोजन से जयपुर की ज्वेलरी कारीगरी को नई पहचान मिलेगी और छोटे व्यापारियों को भी लाभ होगा। तीन दिन चलने वाले इस सिल्वर शो में देश-विदेश के खरीदारों की भागीदारी से जयपुर के चांदी कारोबार और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जोधपुर; नेग लेने के विवाद में किन्नरों के दो गुट भिड़े

पॉश इलाके में हंगामा, स्कॉर्पियो से कार को मारी टक्कर

जोधपुर। शहर के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में रविवार को किन्नरों के दो गुटों के बीच नेग लेने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक गुट ने दूसरे गुट की कार को स्कॉर्पियो से टक्कर मार दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस के अनुसार, किन्नरों के अलग-अलग क्षेत्रों में जाने और नेग लेने को लेकर विवाद हुआ। रविवार सुबह कमला गुट एक मकान में विवाह समारोह का नेग लेने पहुंचा था। इसी दौरान पायल गुट भी वहां पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और आरोप है कि पायल गुट ने स्कॉर्पियो से दूसरी गाड़ियों को टक्कर मार दी। शास्त्री नगर थाना प्रभारी दिनेश लखावत ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लिया है। वहीं, उप निरीक्षक शैतान चौधरी ने बताया कि अभी किसी पक्ष ने रिपोर्ट नहीं दी है। घटना के बाद इलाके के लोगों में भी नाराजगी देखने को मिली। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग की स्कॉर्पियो एक सफेद कार को टक्कर मारती नजर आ रही है। पुलिस अब फुटेज के आधार पर वाहन और आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।



100% एथेनॉल पर दौड़ेगी नई टोयोटा इनोवा, 26 को गडकरी करेंगे लॉन्च

फ्लेक्स-फ्यूल और हाइब्रिड तकनीक से लैस होगी नई इनोवा, किसानों की आय बढ़ाने को बड़ा कदम



नई दिल्ली। भारत में वैकल्पिक ईंधन आधारित वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 26 नवंबर को टोयोटा की नई फ्लेक्स-फ्यूल इनोवा लॉन्च करेंगे। यह देश की पहली ऐसी प्रमुख एमपीवी होगी, जो 100 प्रतिशत बायोएथेनॉल (ई-100) पर चलने में सक्षम होगी। सरकार का मानना है कि इससे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम होगी और किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

फ्लेक्स-फ्यूल को बढ़ावा देने की तैयारी: नीति आयोग और इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) की रिपोर्ट में भी फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत रोडमैप सुझाया गया है। इसमें ई-20 से आगे बढ़कर ई-85 और ई-100 ईंधन के उपयोग, पेट्रोल पंपों पर आवश्यक ढांचे के विकास, उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन तथा प्रति किलोमीटर लागत के आधार पर एथेनॉल की कीमत तय करने जैसे सुझाव शामिल हैं। नई फ्लेक्स-फ्यूल इनोवा को भारत में स्वच्छ, किफायती और आत्मनिर्भर परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। लॉन्च के दौरान इसकी कीमत, तकनीकी विशेषताओं और बाजार में उपलब्धता की विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है। **किसानों व अर्थव्यवस्था को होगा लाभ:** एथेनॉल गन्ने, मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से तैयार किया जाता है। इसके उपयोग में वृद्धि से इन फसलों की मांग बढ़ेगी।

भविष्य की तकनीक का मॉडल

नई इनोवा की सबसे बड़ी विशेषता इसका फ्लेक्स-फ्यूल इंजन है। यह इंजन पेट्रोल और एथेनॉल के विभिन्न मिश्रणों पर चल सकता है, लेकिन इसे विशेष रूप से 100 प्रतिशत बायोएथेनॉल (ई-100) के उपयोग के लिए तैयार किया गया है। वर्तमान में अधिकांश वाहनों में ई-20 ईंधन का उपयोग किया जा रहा है, जबकि यह मॉडल उससे कहीं आगे की तकनीक पेश करेगा।

गंगनहर का वरीयताक्रम

23 नवम्बर 2026, सोमवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (8)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	1030 (6)	18 नवम्बर सायं 3 बजे	26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	1128 (6)	18 नवम्बर रात्रि 9 बजे	26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	1159 (5)	19 नवम्बर दोपहर 12 बजे	26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
बीबी	1357 (5)	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे	27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
जैड	1512 (4)	20 नवम्बर सायं 3 बजे	27 नवम्बर रात्रि 12 बजे
डी-भागसर	1530 (3)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	1571(3)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एच	1878		
पीएस	2038		
समेजा	2240		26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
आरबी	2510		17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
ईईए	2570		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
केके	2583		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
करणीजी	2913		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
जीजी	3114		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	3135		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	3157		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए	3198		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल	3258		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
फार्म	3319		18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
रिडमलसर	3330		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच	3365		17 नवम्बर सायं 3 बजे

नोट : गंगनहर में रविवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1539 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6335	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5237
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

रविवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 22.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8130-5200 (आ. 1267 क्विं.), ग्वार 7848-7300 (आ. 116 क्विं.), नरमा 9180-8300 (आ. 2837 क्विं.), सरसों 9751-9490 (आ. 85 क्विं.), कपास 8735-8505 (आ. 63 क्विं.), गेहूं 2711-2681 (आ. 63 क्विं.), गेहूं 2711-2681 (आ. 38 क्विं.), मक्का 2750-2726 (आ. 37 क्विं.), जौ 2850 (आ. 4 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** नरमा 9419-9221, कपास 8395, ग्वार 7821-7796, मूंग 7991-7945, चना 6899-6788, **गजसिंहपुर :** ग्वार 7380-7900, सरसों 9198-9576, मूंग 8200-7446, बाजरा 9125-8731, नरमा 9125-8731, कपास 8816-8701, **जैतसर :** सरसों 9577-9229, मूंग 8331-7901, ग्वार 7981-7800, नरमा 9898-8310, बाजरी 2696-2681, गेहूं 2771, धान 4461-3952, **घड़साना :** मूंग 8525-7500, नरमा 9255-8800, ग्वार 7905-7625, सरसों 9795-8802, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2890-2200, सरसों 9760-5500, पीली सरसों 10001-6200, ग्वार 7900-6500, मूंग 8150-5000, नरमा 9181-8000, बाजरी 2781-2000,



किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8855, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2650, ग्वार 7850, मूंग व्यापारी 7700, धान पीएफ व्यापारी 2121, धान मुछल 4600, धान 1509 3800, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8900, ग्वार 8031, धान ढफ व्यापारी 2200 , **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8900, नरमा व्यापारी 8980, बाजरा 2591, ग्वार 7760, मूंग व्यापारी 7750, तिल 19000, धान मुड्ल 4500, धान 1509 4400, **रावतसर :** कपास 8500, नरमा व्यापारी 9070, गेहूं व्यापारी 2681, बाजरा 2652, ग्वार 7962, चना व्यापारी 6981, मूंग व्यापारी 8051, मोठ 8655, सरसों व्यापारी 9550, तारामीरा 7451, तिल 19270, अरंडी 7600, मूंगफली व्यापारी 7440, धान मुछल 4900, **नोहर :** बाजरा 1905, ग्वार 8000, मूंग व्यापारी 8100, मोठ 9436, सरसों व्यापारी 8950, तिल 20000, अरंडी 7800, मूंगफली व्यापारी 8550, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8886, गेहूं व्यापारी 2751, बाजरा 2780, ग्वार 7895, चना व्यापारी 7181, मूंग व्यापारी 7350, सरसों व्यापारी 9407, **गोलूवाला :** नरमा व्यापारी 8950, गेहूं व्यापारी 2740, बाजरा 2711, ग्वार 7936, मूंग व्यापारी 8126, मोठ 7300, सरसों व्यापारी 9240, तिल 19201, **पीलीबंगा :** कपास 9125, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2630, ग्वार 8000, सरसों व्यापारी 8840, धान पीएफ व्यापारी 2000, धान मुछल 4580 । **(रविवार अवकाश के कारण भाव यथावत दिये जा रहे हैं।)**



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. *The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

न्यूज इन ब्रीफ

देव दिवाली पर होगा दीपोत्सव कार्यक्रम

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दिवाली के उपलक्ष्य में 24 नवम्बर सायं 5.15 बजे भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री दुर्गा मंदिर प्रबंध समिति सचिव राजेश वाट्स ने बताया कि सर्वप्रथम महिलाओं सहित श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। तत्पश्चात दीपोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। दीपोत्सव के लिए महिलाएं घर से एक-एक दीपक लेकर आएंगी तथा मंदिर में आकर्षक रंगोली भी सजाई जाएगी। दीपोत्सव महोत्सव में समस्त सेवादार व श्रद्धालु तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री दुर्गा मन्दिर प्रांगण में आयोजित दीपोत्सव में घर से एक-एक दीपक लेकर शामिल होने का आह्वान किया।

बाइक पर बकरियों से क्रूरता, गिरफ्तार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जवाहरनगर थाना पुलिस ने पशु क्रूरता के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोटरसाइकिल पर दो बकरियों को क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जा रहा था। पुलिस के अनुसार एएसआई विजेंद्र कुमार ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे साधुवाली चौकी के सामने नाकाबंदी व गश्त के दौरान एक संदिग्ध बाइक को रुकवाया। जांच करने पर सामने आया कि बाइक सवार राजाराम पुत्र शकुराम बाजीगर निवासी उस्मान खेड़ा सर्वर, खुईयां (पंजाब) ने अपनी मोटरसाइकिल पर दो बकरियों को बुरी तरह ठूंस-ठूंस कर बैठा रखा था। पुलिस ने मौके से बकरियों को मुक्त करवाते हुए आरोपी को अदम इदखाल गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण की आगामी जांच एएसआई करणीसिंह कर रहे हैं।

ठंड में जरा सी चूक भारी: बच्चों को सांस की तकलीफ, बुर्जुगों में हार्ट का खतरा बढ़ा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सर्दी के मौसम में जरा सी लापरवाही बच्चों से लेकर बुर्जुगों तक की सेहत पर भारी पड़ सकती है। गिरते तापमान के साथ बच्चों में सर्दी-जुकाम व सांस से जुड़ी समस्याएं बढ़ने लगती हैं, वहीं बुर्जुगों में हृदय रोग का जोखिम भी बढ़ जाता है। महिलाओं को भी इस मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। चिकित्सकों का कहना है कि सही खानपान, गर्म कपड़े, नियमित दिनचर्या और समय पर उपचार अपनाकर ठंड जनित कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

विशेषज्ञ राय: डॉ. पवन सैनी, सीनियर फिजिशियन पूर्व पीएमओ जिला अस्पताल व डॉ. दर्शन आहूजा, सीनियर पीडियाट्रिशियन

बुर्जुगों हेतु खास एहतियात

सैर का समय बदलें: सुबह की ठंड और कोहरे में बाहर निकलने से बचें; धूप निकलने के बाद ही टहलें।

दवाएं नियमित लें: बीपी, शुगर और हृदय रोग की दवाएं लेना बंद न करें।

शरीर को गर्म रखें: सिर, कान, गर्दन, हाथ और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें।

हल्का व्यायाम: घर के भीतर ही टहलना और हल्का व्यायाम जारी रखें।

पौष्टिक आहार: मौसमी सब्जियां, दालें, फल और प्रोटीन युक्त भोजन लें।

खतरे के संकेत: सीने में दर्द, सांस फूलना, असामान्य कमजोरी, भ्रम, अत्यधिक कंपकंपी या बेहोशी होने पर तुरंत अस्पताल ले जाएं।



बच्चों के बचाव के ये उपाय अपनाएं

कपड़ों की लेयरिंग: एक मोटे कपड़े के बजाय दो-तीन हल्की गर्म परतें पहनाएं और कमरे का तापमान आरामदायक रखें।

ठंडी हवा से बचाएं: सुबह-शाम की ठंड व तेज हवाओं में छोटे बच्चों को बाहर ले जाने से बचें।

पोषण व तरल आहार: उम्र के अनुसार पौष्टिक भोजन और पर्याप्त तरल पदार्थ दें।

हल्की धूप: मौसम अनुकूल होने पर कुछ समय हल्की धूप में बैठाएं।


स्वयं दवा न दें: डॉक्टर की सलाह के बिना सर्दी-खांसी की दवा या एंटीबायोटिक न दें।

तुरंत दिखाएं: नवजात में दूध पीने की कमी या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं। तीन माह से कम उम्र के शिशु में तापमान 38 डिग्री होने पर चिकित्सकीय परामर्श लें।

इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें

संक्रमण से बचाव के लिए हाथों की सफाई रखें, पर्याप्त नींद लें और तबीयत खराब होने पर समय पर जांच कराएं। सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। सीने में दर्द होने पर तुरंत अस्पताल जाएं व चेकअप कराएं। लगातार तेज बुखार की स्थिति में भी डॉक्टर से जांच जरूरी। अत्यधिक कंपकंपी या भ्रम जैसी स्थिति बने तो इसकी अनदेखी ना करें। डॉक्टर के पास जाएं।

सर्दी में ऐसा रखें खानपान



- **हरी सब्जियां:** विटामिन, आयरन और जरूरी पोषक तत्व देती हैं।
- **मौसमी फल व आंवला:** विटामिन सी की कमी दूर करते हैं।
- **दालें व दूध:** प्रोटीन और कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।
- **बादाम व अखरोट:** हेल्दी फैट और ऊर्जा प्रदान करते हैं।
- **गाजर व शकरकंद:** बीटा कैरोटीन और फाइबर से भरपूर हैं।

महिलाओं के लिए जरूरी सावधानियां

- **गर्भवती महिलाएं:** गर्म कपड़े पहनें, पौष्टिक भोजन लें और नियमित प्रसव पूर्व जांच कराएं।
- **स्तनपान कराने वाली महिलाएं:** पर्याप्त भोजन और पानी लें।
- **एनीमिया से बचाव:** आयरन और फोलिक एसिड युक्त आहार लें।
- **त्वचा की देखभाल:** नहाने के बाद मॉइस्चराइजर लगाएं।
- **कामकाजी महिलाएं:** सुबह-शाम बाहर निकलते समय सिर, कान और गर्दन ढकें तथा लंबे समय तक खुले में काम करने से बचें।

उपभोक्ताओं को बड़ी राहत; जोधपुर डिस्कॉम के निदेशक (वित्त) ने लागू की नई व्यवस्था, आदेश जारी

अब एसी बोलेरो की जगह दौड़ेंगे यूटिलिटी वाहन, फॉल्ट निस्तारण करने में आएगी तेजी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बिजली कटौती और फॉल्ट की समस्याओं से जूझने वाले श्रीगंगानगर जिले के उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। जोधपुर डिस्कॉम प्रशासन ने व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए सहायक अभियंताओं (एईएन) के पास लगी वातानुकूलित (एसी) पैसेंजर गाड़ियों को हटाकर उनकी जगह यूटिलिटी वाहन लगाने के आदेश जारी किए हैं। इस नई व्यवस्था का सीधा लाभ श्रीगंगानगर सर्किल के सभी सब-डिवीजन के उपभोक्ताओं को मिलेगा, जहां अब बिजली गुल होने पर शिकायतों का निस्तारण दोगुनी रफ्तार से हो सकेगा।

एक साथ दो जगह फॉल्ट आने पर भी नहीं अटकेगा काम : वर्तमान में श्रीगंगानगर सहित डिस्कॉम के हर सब-डिवीजन में फॉल्ट सुधारने के लिए केवल एक एफआरटी (फॉल्ट रिस्पॉन्स टीम) यूटिलिटी वाहन उपलब्ध है, जबकि एईएन के पास एसी बोलेरो गाड़ियां हैं जिनका उपयोग मुख्य रूप से अधिकारी ही करते हैं। ऐसे में जब शहर या ग्रामीण इलाकों में एक ही समय पर दो अलग-अलग जगहों पर फॉल्ट आते हैं, तो तकनीकी कर्मचारियों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है या पहली टीम के लौटने का इंतजार करना पड़ता है।

अब एईएन के पास भी बोलेरो कैंपर जैसे यूटिलिटी वाहन होने से प्रत्येक सब-डिवीजन में दो यूटिलिटी वाहन उपलब्ध हो जाएंगे। इससे एक समय में दो अलग-अलग स्थानों पर तकनीकी टीमों को उपकरणों के साथ तुरंत मौके पर भेजा जा सकेगा।

13 सर्किल के 2400 सब-डिवीजन में लागू होगी व्यवस्था: यह आदेश जोधपुर डिस्कॉम के अंतर्गत आने वाले श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, जोधपुर सिटी, जिला वृत, बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी, बालोतरा, जालोर, पाली और सिरोही सहित कुल 13 सर्किल के 2400 सब-डिवीजन में प्रभावी होगा। डिस्कॉम के कॉल सेंटर में रोजाना औसतन 1500 से 2000 शिकायतें दर्ज होती हैं, जो बारिश या आंधी-तूफान के दिनों में दोगुनी हो जाती हैं।

गाड़ी में ही जा सकेंगे सीढ़ी, तार और छोटे ट्रांसफार्मर : जोधपुर डिस्कॉम के निदेशक (वित्त) अतुल बल रतनू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इन यूटिलिटी वाहनों में आगे कर्मचारियों के बैठने और पीछे सामान रखने के लिए खुली जगह होगी। इससे फील्ड में जाते समय सीढ़ियां, बिजली के तार, आवश्यक उपकरण और छोटे ट्रांसफार्मर आसानी से ले जाए जा सकेंगे। साथ ही, अधिकारियों द्वारा सरकारी एसी वाहनों के निजी या पारिवारिक कार्यों में होने वाले दुरुपयोग पर भी पूरी तरह अंकुश लगेगा।

गाड़ी में जा सकेंगे सीढ़ी, तार व छोटे ट्रांसफार्मर

जोधपुर डिस्कॉम के निदेशक (वित्त) अतुल बल रतनू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इन यूटिलिटी वाहनों में आगे कर्मचारियों के बैठने और पीछे सामान रखने के लिए खुली जगह होगी। इससे फील्ड में जाते समय सीढ़ियां, बिजली के तार, आवश्यक उपकरण और छोटे ट्रांसफार्मर आसानी से ले जाए जा सकेंगे। साथ ही, अधिकारियों द्वारा सरकारी एसी वाहनों के निजी या पारिवारिक कार्यों में होने वाले दुरुपयोग पर भी पूरी तरह अंकुश लगेगा।

कर्मचारी संघ ने किया फैसले का स्वागत

राजस्थान राज्य विद्युत श्रमिक महासंघ के कार्य समिति सदस्य ने बलोर सिंह और लालचंद मेहरड़ा श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिला प्रभारी इंटक ने इस निर्णय का स्वागत किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि इस कदम से इंजीनियरों व फील्ड स्टाफ को संसाधन मिलेंगे, लेकिन सबसे बड़ा फायदा आम उपभोक्ताओं को समय पर बिजली आपूर्ति बहाल होने के रूप में मिलेगा। गौरतलब है कि जयपुर और अजमेर डिस्कॉम में अभी भी एईएन के पास पैसेंजर गाड़ियां ही लगी हुई हैं, वहां इस तरह की पहल शुरू नहीं हुई है।

पंजाब बॉर्डर पर हेरोइन के साथ महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर पुलिस व जिला विशेष टीम ने पंजाब सीमा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 1 किलो अवैध हेरोइन बरामद की है। मामले में दो पुरुष तस्करों समेत एक महिला को गिरफ्तार किया गया है तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के अनुसार जिले में मादक पदार्थों व मेडिकेटेड नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में हिंदुमलकोट थानाधिकारी सुनील खोड के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एमएल नहर के पटरे, कोठा पुल के पास कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से सुखचैन सिंह उर्फ पम्मा (34) पुत्र पाला सिंह व गुरजंट सिंह उर्फ जंटआ (24) पुत्र हंसा सिंह निवासी शमसाबाद, थाना सदर फाजिल्का, पंजाब व शीला बाई (45) पत्नी बाज सिंह निवासी बकेनवाला ,पंजाब को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1 किलोग्राम हेरोइन बरामद कर तस्करी में काम ली जा रही मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध हिन्दुमलकोट थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की अग्रिम जांच चूनावढ़ थानाधिकारी संजय सिंह को सौंपी गई है। कार्रवाई में हिन्दुमलकोट थानाधिकारी सुनील खोड, पुनि. संजुरानी, कांस्टेबल बंशीलाल, रतनलाल, महिला कांस्टेबल पुष्पा, कांस्टेबल भगवान सिंह व चालक सत्यनारायण शामिल रहे। वहीं जिला विशेष टीम से प्रभारी रामविलास, एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, हेड कांस्टेबल मनप्रीत, कांस्टेबल संदीप जाखड़, अश्वनी, विकास बिश्नोई व प्रमोद ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा सूरतगढ़ सदर थाने के एएसआई इंद्राज व हैड कांस्टेबल विद्याधर का सहयोग रहा।

चार वर्षीय काव्यांश चायल ने राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। अहमदाबाद के नारायणपुरा स्थित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कूडो मार्शल आर्ट्स इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 17वीं नेशनल कूडो टूनार्मेंट 2026-27 में श्रीगंगानगर के मात्र चार वर्षीय काव्यांश चायल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। काव्यांश चायल पुत्र सुनील चायल एवं सुपौत्र राजकुमार चायल ने अंडर-5 वर्ष, 15 किलोग्राम भार वर्ग में कूडो कोच कमलेश रानी श्रीगंगानगर के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह उपलब्धि हासिल की।

उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित की गई। विशेष बात यह है कि प्रतियोगिता अवधि में आयोजित तीनों प्रमुख आयोजनों में काव्यांश ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 17वीं नेशनल कूडो टूनार्मेंट में स्वर्ण पदक, अक्षय कुमार 18वीं इंटरनेशनल कूडो टूनार्मेंट में रजत पदक तथा फेडरेशन द्वारा आयोजित फेडरेशन कप प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। काव्यांश चायल की इस सफलता को क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।



आवश्यक सूचना

श्री बिश्नोई मंदिर समिति बुड्ढा जोहड़ डाबला

में आगामी 29 नवम्बर (रविवार) को मंदिर परिसर में **आम सभा** का आयोजन किया गया है श्री बिश्नोई मंदिर समिति के **प्रधान अरविन्द सियाग** ने बताया कि मंदिर समिति का 3 साल के उपरांत गठन किया जाता हैं अतः 29 नवम्बर को नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अतः सभी सामाजिक महानुभावों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें।

अरविन्द सियाग, प्रधान
मो. 9983329029, 9079029499

मास्टर प्लान के अनुसार रोड निर्माण की मांग

मंत्रोच्चारण के साथ 10वें दिन का धरना सम्पन्न

संघर्ष समिति के लोग बोले-आंदोलन जारी रहेगा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पवनधाम रोड क्षेत्र में प्रस्तावित मास्टर प्लान के विरोध में चल रहे आंदोलन के तहत रविवार को 10वें दिन का धरना शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। सद्भावना नगर स्थित बजरंग विहार में आयोजित धरना स्थल पर 10वीं की रस्म अदायगी विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरी की गई। कार्यक्रम के दौरान पंडित पवन शर्मा ने मंत्रोच्चारण के बीच सभी पारंपरिक रीति-रिवाज और रस्म अदायगी संपन्न करवाई। इस अवसर पर आंदोलन के संयोजक नरेश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, स्थानीय नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए संयोजक नरेश शर्मा ने कहा कि श्रीगंगानगर की जनता मास्टर प्लान के कथित बिगड़े स्वरूप को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन क्षेत्रवासियों की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में शामिल विभिन्न वक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए प्रशासन से मांग की कि पवनधाम रोड की वास्तविक स्थिति और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान को लागू किया जाए। धरने में प्रमुख रूप से रामबाबू शर्मा, कॉमरेड विकास निमीवाल, बजरंग सैनी, जगदीश गोदारा, श्याम सुंदर सोनी, प्रमोद बिश्नोई और महेंद्र मईया सहित अनेक स्थानीय निवासियों ने सहभागिता निभाई। अंत में कार्यक्रम का शांतिपूर्ण ढंग से समापन किया गया।

नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत, गतका दल ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

मानसरोवर कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रिद्धि-सिद्धि गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह-बाबा फतेह सिंह की ओर से 22 नवंबर को नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रातः 9:15 बजे गुरुद्वारा साहिब से श्रद्धा और उत्साह के साथ नगर कीर्तन रवाना हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। नगर कीर्तन रिद्धि-सिद्धि प्रथम, मानसरोवर कॉलोनी और रिद्धि-सिद्धि द्वितीय के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। मानसरोवर कॉलोनी में सेवादारों की ओर से दोपहर के लंगर की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्यों में उत्साहपूर्वक सहयोग दिया।



नगर कीर्तन के दौरान गतका समूह रणजीत अखाड़ा के सदस्यों ने पारंपरिक युद्ध कला का शानदार प्रदर्शन किया। गतका के हैरतअंगेज करतब देखकर श्रद्धालु रोमांचित हो उठे। वहीं ढाड़ी जत्था भाई तरसेम सिंह ने गुरु महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल किया। शब्द कीर्तन भाई गुरदीप सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ किया।

पूरे मार्ग में गुरु महाराज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रिद्धि-सिद्धि क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन की तैयारियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सेवादारों ने व्यवस्थाएं संभालीं तथा श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, लंगर और सेवा के माध्यम से गुरु पर्व की खुशियां साझा कीं।

आज सजेगा कीर्तन दीवान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जगतगुरु साहिब श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार को विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। इस दौरान गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को गुरु चरणों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जितेंद्र पाल सिंह कोचर ने बताया कि प्रकाशोत्सव को समर्पित श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश रविवार सुबह श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया था। मंगलवार सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन होगा। इसमें गुरुद्वारा साहिब के हुजूरी रागी जत्थे के भाई हरनेक सिंह मधुर गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल करेंगे।

सेवादार गुरविंद्र सूरत सिंह ने बताया कि समागम के समापन पर गुरु घर में उपस्थित संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। उन्होंने संगत से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की।

कार्यक्रम: पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का अनूठा आयोजन : दिलबाग सिंह

द्वितीय कौमी हीरा सम्मान समारोह में 171 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंजाबी बोली विकास समिति, राजस्थान द्वारा पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित द्वितीय कौमी हीरा सम्मान समारोह नोजगे पब्लिक स्कूल में उत्साह, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में शिक्षा, खेल, साहित्य, कविता, अभिनय, संगीत एवं अन्य क्षेत्रों की कुल 171 प्रतिभाओं को 10 विभिन्न श्रेणियों में बांट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह, डॉ. संदीप सिंह मुंडे, डॉ. परमजीत सिंह मांगट, स. अमरीक सिंह, स. राजवंत सिंह अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरूआत में दिलबाग सिंह शेरदिल ने सभी आगंतुकों तथा प्रतिभाओं का स्वागत किया तथा समिति के विजन एवं मिशन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का अनूठा आयोजन बताया।

समिति की ओर से समारोह की जानकारी देते हुए प्रो.कुलदीप सिंह ने बताया कि कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 25 विद्यार्थियों को ज्ञानी दित सिंह पुरस्कार, कक्षा दसवीं में पंजाबी विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 69 विद्यार्थियों को संत राम उदासी पुरस्कार, कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थियों को भाई कान्ह सिंह नाभा पुरस्कार तथा कक्षा बारहवीं में पंजाबी विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 22 विद्यार्थियों को नरिंदर सिंह कपानी पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त आईआईटी एवं नीट परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थी को स. गुरतेज सिंह पुरस्कार, स. अवरिंदरजीत सिंह द्वारा तथा राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाले 6 खिलाड़ियों को समाजसेवी जी.पी. सिंह अरनेजा ने अपने पिता स. रणजीत सिंह की स्मृति में मिल्खा सिंह सम्मान प्रदान किया। नव नियुक्त 10 सरकारी कर्मचारियों को एस. महिंदर सिंह रंधावा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले 20 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। साहित्य एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिव कुमार बटालवी कौमी हीरा सम्मान राजिंदर सिंह सहू की तरफ से बलविंदर सिंह चाहल, दलीप कौर टिवाणा कौमी हीरा सम्मान स. स्वर्ण सिंह गिल की तरफ से डॉ. संदीप सिंह मुंडे एवं हरपाल सिंह लखियां तथा बलराज साहनी कौमी हीरा सम्मान प्रो. कुलदीप सिंह की तरफ से अमरिंदर सिंह शिल्पी को प्रदान किया गया।

शमिंद्र कौर ने मंच संचालन करते हुए महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पंजाबी साहित्यिक पत्रिका 'पैड़ा' के अक्टूबर अंक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

समारोह में करमजीत कौर की पुस्तक 'दिल दे सफे' का भी विमोचन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. परमजीत सिंह ने अपने संबोधन में पंजाबी भाषा की उत्पति, विकास, विशिष्टताओं और समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए नई पीढ़ी से अपनी मातृभाषा के साथ जुड़े रहने का आह्वान किया।

स. हरभगवान सिंह द्वारा हर साल नरिंदर सिंह कपानी सम्मान और अमित भाटिया द्वारा भाई मरदाना सिंह सम्मान देने की घोषणा की।

13 खालसा फाउंडेशन की तरफ से चाय का लंगर चलाया गया। जिसमें इकबाल सिंह, चरणजीत सिंह, सन्नी सिंह, भूपेंद्र सिंह का खास योगदान रहा।

समारोह में स. गुरविंदर सिंह, स. स्वर्ण सिंह, स. अशदीप सिंह बराड़, स.गुरप्रीत सिंह, अवरिंदरजीत सिंह, हरमन सिंह, अवतार सिंह, स. प्रताप सिंह, स. सतवीर सिंह, स. सुखमंदर सिंह, अमृतपाल सिंह, हरभगवान सिंह तथा जी.पी. सिंह अनेजा सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य, अभिभावक, शिक्षक, साहित्यकार एवं पंजाबी समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





जो खुद पर विश्वास करता है,
वही जीवन में आगे बढ़ता है।

संपादकीय

स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व भी

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन का यह कहना कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता, भारतीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों की पुनर्पुष्टि है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संविधान या कानूनों से नहीं, बल्कि उन संस्थाओं से तय होती है जो संविधान की भावना की रक्षा करती हैं। इनमें न्यायपालिका सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। यदि न्यायालय स्वतंत्र नहीं होंगे तो नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा और कानून के शासन की कल्पना भी अधूरी रह जाएगी।

यह निर्विवाद सत्य है कि न्यायपालिका को कार्यपालिका और राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रहना चाहिए। न्यायाधीश का निर्णय केवल संविधान, कानून और तथ्यों पर आधारित होना चाहिए, न कि किसी प्रकार के दबाव या प्रभाव पर। इसी कारण न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लोकतंत्र की आत्मा माना गया है। लेकिन आज आवश्यकता इस बात पर भी विचार करने की है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता केवल संस्थागत स्वायत्तता तक सीमित रहनी चाहिए, या उसका उद्देश्य आम नागरिक को समय पर न्याय दिलाना भी होना चाहिए।

देश का सामान्य नागरिक न्यायालय की चौखट पर अंतिम उम्मीद लेकर पहुंचता है। उसके लिए न्यायालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि न्याय का अंतिम द्वार है। यदि वर्षों तक मुकदमे लंबित रहें, पीढ़ियां अदालतों के चक्कर लगाती रहें और निर्णय आने तक परिस्थितियां बदल जाएं, तो न्याय की वास्तविक उपयोगिता कम हो जाती है। प्रसिद्ध सिद्धांत है कि *ह्वविलंबित न्याय, न्याय से वंचित करने के समान है।ह्व* इसलिए न्यायपालिका की स्वतंत्रता का वास्तविक मूल्य तभी है, जब वह समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी न्याय के रूप में जनता तक पहुंचे।

आज देश की विभिन्न अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं। न्यायाधीशों के रिक्त पद, अधोसंरचना की कमी, लगातार बढ़ते मुकदमे और जटिल प्रक्रियाएं न्याय व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल सरकार या न्यायपालिका अकेले नहीं कर सकती। इसके लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और समाज–सभी को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। न्यायिक सुधार, तकनीक का अधिक उपयोग, वैकल्पिक विवाद निपटान व्यवस्था और रिक्त पदों की शीघ्र नियुक्ति जैसे कदम अब समय की आवश्यकता बन चुके हैं।

स्वतंत्रता अपने साथ उत्तरदायित्व भी लेकर आती है। यह सिद्धांत केवल न्यायपालिका पर ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था पर समान रूप से लागू होता है। देश को स्वतंत्र हुए दशकों बीत चुके हैं। इस अवधि में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन यह भी सच है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को समय-समय पर आत्ममंथन करते रहना चाहिए। स्वतंत्रता का वास्तविक उद्देश्य नागरिकों का जीवन अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और न्यायपूर्ण बनाना है। यदि व्यवस्था आम आदमी के विश्वास पर खरी नहीं उतरती, तो केवल संवैधानिक प्रावधान पर्याप्त नहीं रह जाते।

न्यायमूर्ति विश्वनाथन का संदेश हमें यह याद दिलाता है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। लेकिन इसके साथ यह भी उतना ही आवश्यक है कि न्याय व्यवस्था आम नागरिक के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बने। जब स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व दोनों साथ-साथ चलेंगे, तभी संविधान की आत्मा सुरक्षित रहेगी और लोकतंत्र में जनता का विश्वास भी अटूट बना रहेगा।

श्रीगंगानगर : शुद्ध घी 2500 रुपये किलो, रोजना 100 लीटर दूध 100 रुपए किलो विक्रय

आत्मनिर्भरता: ना यूरिया, ना डीएपी, फिर भी बंपर कमाई; जानिए कैसे 70 देसी गायों ने बदल दी ममता की जिंदगी

रामकिशन शर्मा

श्रीगंगानगर। आमतौर पर जब कोई युवा बीए, एमए और बीएड जैसी उच्च डिग्रियां हासिल कर लेता है, तो उसका सपना किसी सरकारी दफ्तर की कुर्सी या आरामदायक नौकरी पाने का होता है। लेकिन श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर हिन्दूमलकोट मार्ग पर स्थित गांव 5वाई द्वितीय की निवासी ममता बिश्नोई ने परंपरागत सोच को तोड़ते हुए सफलता की एक बिल्कुल नई परिभाषा गढ़ी है। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा और आधुनिक सोच को खेती तथा पशुपालन से जोड़कर यह साबित कर दिया है कि यदि लगन, सही रणनीति और मेहनत का मेल हो, तो गांव की मिट्टी से भी सोना उगाया जा सकता है। आज ममता बिश्नोई न केवल क्षेत्र की एक प्रगतिशील महिला किसान हैं, बल्कि राजस्थान, पंजाब और हरियाणा स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं।



गुणवत्ता से नहीं कोई समझौता

ममता बिश्नोई की गौशाला से प्रतिदिन लगभग 100 लीटर शुद्ध दूध का उत्पादन होता है। देसी गायों के इस पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर दूध की श्रीगंगानगर शहर में जबरदस्त मांग है, जो 100 रुपये प्रति लीटर की दर से बिकता है। उनके पति स्वयं शहर के बाजारों और घरों में इस दूध की आपूर्ति करते हैं। इसके अतिरिक्त, ममता घर पर ही बुजुर्गों की पारंपरिक बिलोना पद्धति से शुद्ध वैदिक घी तैयार करती हैं। गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के कारण उनका यह शुद्ध घी 2500 रुपये प्रति किलो की दर से हाथों-हाथ बिकता है। इतना ही नहीं, डिजिटल युग के साथ कदम मिलाते हुए वे अपने इस घी की ऑनलाइन बिक्री भी कर रही हैं, जिससे देश के अन्य राज्य पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित विभिन्न हिस्सों से ग्राहक उनसे जुड़ रहे हैं।

सुबह 5 बजे से शुरू होती है संकल्प की दिनचर्या

ममता बिश्नोई की सफलता के पीछे उनका कड़ा अनुशासन और अटूट परिश्रम छिपा है। उनकी दिनचर्या प्रतिदिन सुबह ठीक 5 बजे शुरू हो जाती है। वे स्वयं गौशाला में जाकर गायों की साफ-सफाई, उनके स्वास्थ्य की जांच और संतुलित आहार की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देती हैं। इस प्रयास में उन्हें अपने पूरे संयुक्त परिवार–सास, ससुर, पति और देवर–का भरपूर सहयोग मिलता है। परिवार की यह एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। ममता का मानना है कि पशुपालन और खेती को केवल मजदूरी समझकर नहीं, बल्कि एक शिक्षित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ एक पेशेवर व्यवसाय के रूप में अपनाना चाहिए।

हजारों महिलाओं और किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत

विभिन्न किसान मेलों और राज्य स्तरीय पशुपालन आयोजनों में सम्मानित हो चुकीं ममता बिश्नोई आज ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्तिकरण की एक मिसाल बन गई हैं। उनका संदेश बेहद स्पष्ट और प्रेरक है–यदि किसान खेती के साथ-साथ देसी नस्ल की गायों का पालन करें, तो न केवल खेतों की सेहत सुधरेगी, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। ममता ने यह सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं यदि ठान लें, तो वे घर की दहलीज से निकलकर कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की नई क्रांति ला सकती हैं।

देसी गायों का कुनबा और प्राकृतिक नस्ल सुधार

ममता बिश्नोई ने अपने फार्म पर भारतीय देसी नस्लों के संरक्षण का बीड़ा उठाया है। उनके पास वर्तमान में लगभग 70 देसी गायें हैं, जिनमें साहीवाल, राठी और थारपारकर जैसी विश्वप्रसिद्ध दुधारू नस्लें शामिल हैं। नस्ल सुधार के लिए वे कृत्रिम गभार्धान से पूरी तरह दूरी बनाए हुए हैं। उनके पास साहीवाल नस्ल का एक बेहद उन्नत बुल (सांड) भी है, जो दो बार नेशनल चैंपियन रह चुका है। इसी चैंपियन बुल के माध्यम से वे प्राकृतिक तरीके से नस्ल संवर्धन का कार्यक्रम चला रही हैं।



दादी–नानी के देसी नुस्खों से पशुओं का उपचार

ममता अपने पशुओं को अंग्रेजी दवाइयों के दुष्प्रभावों से भी बचाकर रखती हैं। गायों को होने वाली सामान्य बीमारियों जैसे पेट दर्द, बुखार, सर्दी और जुकाम का इलाज वे स्वयं घर पर तैयार किए गए देसी नुस्खों से करती हैं। वे आंवला, हरड़ और अन्य आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों को मिलाकर एक विशेष चूर्ण तैयार करती हैं, जिसे नियमित रूप से गायों को दिया जाता है। इससे गायों की पाचन शक्ति मजबूत रहती है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।



गोबर गैस प्लांट से ऊर्जा और खेतों के लिए अमृत

ममता का फार्म जीरो वेस्ट और आत्मनिर्भरता का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अपने घर पर एक गोबर गैस प्लांट स्थापित किया है, जिससे उन्हें रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर खरीदने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। घर की रसोई का पूरा काम, सर्दियों में परिवार और गायों के लिए गर्म पानी की व्यवस्था इसी बायोगैस से होती है। गैस बनने के बाद जो तरल गोबर बचता है, उसे एक बड़ी डिग्गी में एकत्र किया जाता है और पंप तथा पाइपलाइन के माध्यम से सीधे खेतों की सिंचाई के साथ दिया जाता है। यह तरल जैविक खाद जमीन की उर्वरा शक्ति को कई गुना बढ़ा देती है।

20 बीघा जमीन पर पूर्णतः जैविक क्रांति

ममता बिश्नोई ने जैविक खेती को अपनाकर किसानों के सामने मिसाल पेश की है। उनके पास 20 बीघा कृषि भूमि है, जहां वे आज तक यूरिया, डीएपी और किसी भी प्रकार के रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं करती हैं। उनके खेत में उगाया जाने वाला गायों का हरा चारा भी पूरी तरह जैविक और विषमुक्त होता है। इसके साथ ही वे किन्नू और नींबू की बागवानी भी प्राकृतिक तरीके से कर रही हैं। ममता का मानना है कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के बिना खेती करने से उत्पादन लागत काफी कम हो जाती है। वहीं, जैविक पद्धति से तैयार फसल की गुणवत्ता बेहतर होने के कारण बाजार में अच्छे दाम मिलते हैं। इससे किसानों को अधिक मुनाफा कमाने का अवसर मिलता है। उनका अनुभव है कि जैविक खेती न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बेहद जरूरी है।



मरुधरा के बारानी अनाज की बाहरी राज्यों में बढ़ी धमक

हरियाणा, पंजाब और दिल्ली की रसोई में महकेगी राजस्थानी मीठी बाजरी व मूंग–मोठ

राजस्थान की रेतीली धरती पर केवल वर्षा जल के सहारे बिना रासायनिक खाद व कीटनाशकों के उपजने वाला पारंपरिक बारानी अनाज अब देश के कई राज्यों की रसोई का मुख्य हिस्सा बन रहा है। विशेष रूप से मरुधरा की मीठी देसी बाजरी, साबुत मूंग और मोठ की मांग हरियाणा, पंजाब और दिल्ली सहित उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में तेजी से बढ़ी है। सघन खेती और अत्यधिक सिंचाई वाले राज्यों के उपभोक्ता अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर शुद्ध व प्राकृतिक रूप से तैयार राजस्थानी अनाज को प्राथमिकता दे रहे हैं। सर्दियों की शुरूआत के साथ ही इन राज्यों की मंडियों और ऑर्गेनिक स्टोर्स में राजस्थानी अनाज की मांग में बड़ा उछाल आया है, जिससे प्रदेश के बारानी किसानों को सीधा आर्थिक संबल मिल रहा है।

पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, यह पारंपरिक आहार आधुनिक जीवनशैली की कई बीमारियों से बचाव में रामबाण है। ग्लूटेन-मुक्त और गर्म तासीर वाली देसी बाजरी में प्रचुर फाइबर, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है, जो मधुमेह और हृदय रोगों को नियंत्रित कर शरीर को अंदरूनी ऊर्जा देता है। वहीं, सुपाच्य मूंग की दाल में मौजूद उच्च प्रोटीन व एंटीऑक्सीडेंट्स वजन नियंत्रण और शरीर को विषमुक्त रखने में सहायक हैं। इसके अलावा मोठ की दाल प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और जिंक से भरपूर होने के कारण हड्डियों को मजबूती और रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती है। इस प्रकार, राजस्थान का यह पौष्टिक अनाज प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

● **जयलाल वर्मा**
चारणवासी

चना की धीमी बुवाई से बढ़ी चिंता : सरकार ने तैयार की आकस्मिक योजना

देश की प्रमुख रबी दलहनी फसल चना की बुवाई इस सीजन की शुरूआत में धीमी रफ्तार से चल रही है। नवंबर के मध्य तक पिछले साल की तुलना में कम रकबे में बुवाई दर्ज की गई है, जिससे दलहन बाजार, मिलों और उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने एक आकस्मिक योजना तैयार की है। हालांकि, कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि रबी सीजन में अभी बुवाई का समय शेष है; यदि आने वाले दिनों में बुवाई में तेजी आती है तो शुरूआती कमी की भरपाई संभव है, लेकिन रकबा कम रहने पर उत्पादन और कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है।

कम रकबे के संभावित कारण और बाजार पर प्रभाव: चना से दाल, बेसन और कई खाद्य उत्पाद तैयार होते हैं, इसलिए इसके रकबे में गिरावट सीधे तौर पर बाजार में उपलब्धता और कीमतों को प्रभावित करती है। बुवाई पिछड़ने के पीछे खेतों में पर्याप्त नमी की कमी, मौसम की अनिश्चितता, सिंचाई के साधन, बढ़ती लागत या गेहूं व सरसों जैसी अन्य फसलों से बेहतर मुनाफे की उम्मीद जैसे कारण हो सकते हैं। यदि घरेलू उत्पादन मांग के अनुरूप नहीं रहा, तो सरकार को आयात और बफर स्टॉक के उपयोग जैसे विकल्पों पर विचार करना पड़ सकता है। हालांकि, शुरूआती आंकड़ों के आधार पर अभी कीमतों में उछाल का अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।

किसानों के लिए सलाह व सरकारी कदम : सरकार की आकस्मिक योजना का मुख्य उद्देश्य बुवाई का समय समाप्त होने से पहले पिछड़ रहे क्षेत्रों में किसानों को समय पर बीज, संसाधन और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे केवल बाजार के मौजूदा ऊंचे भाव देखकर निर्णय न लें, बल्कि खेत की नमी, सिंचाई की स्थिति और फसल तैयार होने के समय की संभावित बाजार स्थिति का आकलन करें। देर से बुवाई की स्थिति में कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र की सलाह के अनुसार ही उपयुक्त किस्मों का चयन करें। अब सबकी नजरें नवंबर के शेष दिनों और दिसंबर की शुरूआत में होने वाली बुवाई के आंकड़ों पर टिकी हैं, जो इस सीजन में दलहन आपूर्ति की असली तस्वीर साफ करेंगी।



जल संकट से निपटने के लिए नई कृषि तकनीकें भूमिगत ड्रिप सिंचाई से 70 फीसदी तक बचेगा पानी

तुर्किये के अंताल्या में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-31) में रूस ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से खेती को बचाने के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया है। रूसी पॉलिमर कंपनी सिबुर के वरिष्ठ प्रबंधक विताली बर्मिस्त्रोव के अनुसार, जमीन के नीचे उपयोग होने वाली ड्रिप सिंचाई प्रणाली से पारंपरिक स्प्रिंकलर की तुलना में 30 से 70 फीसदी तक पानी बचाया जा सकता है। साथ ही, विशेष मल्चिंग फिल्मों से मिट्टी की नमी का वाष्पीकरण 50 से 80 फीसदी तक कम किया जा सकता है। फसलों को गर्मी व ओलावृष्टि से बचाने के लिए पॉलिमर जाल और अनाज को सुरक्षित रखने हेतु एयरटाइट बैग भी पेश किए गए।



इसके अलावा, उर्वरक कंपनी फॉसएग्रो ने पौधों को भीषण सूखे से बचाने वाले जैव उर्वरक और बायोस्टिमुलेंट प्रदर्शित किए। वहीं, सरकारी परमाणु कंपनी रोसाटॉम ने बीजों और कृषि उपज की भंडारण अवधि बढ़ाने तथा खाद्य बबार्दी रोकने के लिए विकिरण (रेडिएशन) आधारित उपचार तकनीक प्रस्तुत की। एफएओ के अनुसार, वैश्विक मीठे पानी का 70 फीसदी हिस्सा कृषि में खर्च होता है, ऐसे में भारत सहित दुनियाभर के किसानों की खाद्य सुरक्षा के लिए ऐसी जलवायु-अनुकूल तकनीकें बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगी।

गिर गाय राधा ने दूध उत्पादन में बनाया रिकॉर्ड, रोज 19.760 ली. उत्पादन

दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उज्जैन जिले की गाय ने नया रिकॉर्ड बनाया है। जिले के तालोद गांव की गिर नस्ल की गाय राधा प्रदेश में सबसे अधिक दूध देने वाली गाय बनी है। पशुपालक गौरव रघुवंशी की इस गाय ने प्रतिदिन औसतन 19.760 लीटर दूध देकर राज्यस्तरीय दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है।

इस उपलब्धि पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग पशुपालक को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेगा।

208 गांवों में हुई स्पर्धा : पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने 27 से 31 अक्तूबर तक राज्य के 208 चयनित वृंदावन गांवों में दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता कराई थी। इसमें अलग-अलग पशुपालकों की गायों के रोजाना दूध उत्पादन का मूल्यांकन किया गया। तालोद निवासी गौरव रघुवंशी की गिर गाय राधा ने औसतन 19.760 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन दर्ज कर सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया और प्रदेश में पहला स्थान पाया। गौरव रघुवंशी को 9 नवंबर को भोपाल में सम्मानित किया जाएगा। गोवर्धन पर्व के अवसर पर भोपाल के रवींद्र भवन में राज्यस्तरीय गौ-पूजन व पशुपालक सम्मान समारोह होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के विजेता पशुपालकों को सम्मानित करेंगे।

मछली पालन से अर्थव्यवस्था को 40 अरब डॉलर और 1.8 करोड़ रुपए रोजगार संभव

गाँवों के तालाब, पोखर और जलाशय किसानों के लिए खेती के साथ अतिरिक्त कमाई का बड़ा माध्यम बन सकते हैं। जलजीविका और चेंज इंजन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यदि देश के अंतदेर्शीय जलस्रोतों का बेहतर उपयोग किया जाए, तो अगले 10 वर्षों में मछली उत्पादन 1.5 करोड़ टन से दोगुना होकर 3 करोड़ टन तक पहुँच सकता है। इससे अर्थव्यवस्था को लगभग 40 अरब डॉलर का लाभ होगा और करीब 1.8 करोड़ नए रोजगार सृजित होंगे।

वर्तमान में देश में औसतन 1.86 टन प्रति हेक्टेयर मछली उत्पादन हो रहा है, जिसे बढ़ाकर 2.5 टन तक करने से ही लक्ष्य का बड़ा हिस्सा पूरा हो सकता है। बिहार, ओडिशा, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में देश के आधे जलक्षेत्र होने के बावजूद उत्पादन बेहद कम है, जहाँ विकास की अपार संभावनाएं हैं।



पिछले दशक में मत्स्य क्षेत्र 8.74 फीसदी की सालाना दर से बढ़ा है, जो कृषि की वृद्धि दर से लगभग दोगुनी है। आज देश के 2.3 करोड़ लोग इससे जुड़े हैं, जिनमें 44 फीसदी महिलाएं हैं। बिहार और ओडिशा में छोटे किसानों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अनुपयोगी तालाबों में मछली पालन कर अपनी आय में कई गुना इजाफा किया है। बेहतर बीज, चारे और तकनीकी जानकारी के सहारे ग्रामीण परिवार अपने ही गाँव में आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

तीन दिवसीय अभियान में पहले दिन बूथ पर पहुंचे 75 फीसदी बच्चे, नवनिर्वाचित सरपंचों ने पिलाई पोलियोरोधी दवा

शुरू हुआ पल्स पोलियो अभियान, आज आपके घर दस्तक देंगी टीमें


श्रीगंगानगर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिले में राष्ट्रीय पोलियो अभियान के तहत रविवार को अभियान जिला मुख्यालय से विधिवत रूप से शुरू हुआ। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने पुरानी आबादी यूपीएचसी पर नौनिहालों को पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं खंड एवं अन्य केंद्रों पर भी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को दवा पिलाकर अभियान को गति प्रदान की। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय अभियान के तहत पहले दिन 74.52 फीसदी बच्चे बूथ पर पहुंचे। वंचित बच्चों को सोमवार एवं मंगलवार के दिन विभाग की टीमें घर-घर जाकर दवा पिलाएगी।

जिले में करीब दो लाख को दवा पिलाने का लक्ष्य: सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि जिले में अभियान के तहत कुल 1 लाख 94 हजार 453 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में कुल 1,355 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 1,277 स्थिर बूथ, 26 मोबाइल बूथ तथा 52 ट्रांजिट बूथ शामिल हैं। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए 2,229 घर-घर भ्रमण टीमें गठित की गई हैं। साथ ही 410 ईंट भट्टों को भी अभियान की कार्ययोजना में शामिल किया गया है, ताकि वहां रहने वाले परिवारों के बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाई जा सके। अभियान की निगरानी एवं व्यवस्थाओं के लिए कुल 238 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें स्वास्थ्य विभाग के 210, आंगनबाड़ी विभाग के 18 तथा आयुर्वेद विभाग के 10 पर्यवेक्षक शामिल हैं। जिले के 2,838 गांवों एवं ढाणियों में अभियान की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पहले दिन सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला सहित आरसीएचओ ज्योत्सना चौधरी, एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता, डीएसी रायसिंह सहारण एवं डीपीओ अजय सिंह शेखावत सहित अन्य अधिकारियों ने फील्ड में निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।


मिर्जेवाला

मिर्जेवाला : 1737 बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्जेवाला के अंतर्गत पल्स पोलियो महाअभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत क्षेत्र में कुल 17 पोलियो बूथ स्थापित किए गए, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्जेवाला, 11 क्यू बख्ताना, संगतपुरा, दौलतपुरा, मटीलीराठान, 5 बी सहित आसपास के गांवों में बूथ स्थापित किए गए। मिर्जेवाला में पोलियो बूथ पर सरपंच पुष्पा देवी जसवंत गोदारा, आशा सहयोगिनी चंद्रमुखी तथा एएनएम सुलोचना चौधरी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने में अपनी सेवाएं दीं। इसी प्रकार 9 वाई ग्राम पंचायत के 7 एफ आंगनबाड़ी केंद्र पर सरपंच राकेश कुमार गुगरवाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपमा, एएनएम कमलेश तथा आशा सहयोगिनी ममता सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सुपरवाइजर संदीप गोदारा एवं नीतू सहारण ने बताया कि महाअभियान के तहत कुल 1737 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं आशा सहयोगिनियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।


3 वाई


श्रीविजयनगर

श्रीविजयनगर क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 16,500 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

श्रीविजयनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) श्रीविजयनगर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाकर किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष हनीश मिड्ढा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक तैयारियां की गई हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में टीमें तैनात की गई हैं। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. कमलकांत छाबड़ा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो से बचाव के लिए पांच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को निर्धारित खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की जागरूकता और सहयोग जरूरी है।उन्होंने बताया कि श्रीविजयनगर ब्लॉक में पल्स पोलियो अभियान के तहत लगभग 16,500 बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि अभियान के दौरान शत-प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाकर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत किया जाए।


सूरतगढ़

सूरतगढ़ : पहले दिन 22,735 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

सूरतगढ़। नौनिहालों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ब्लॉक में पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। अभियान के पहले दिन ब्लॉक के 217 बूथों पर स्वास्थ्य कर्मियों की टीमों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। पहले दिन कुल 22,735 बच्चों को दवा पिलाकर 81.62 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्लॉक में 27,856 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने के बाद शेष बच्चों को अभियान के आगामी दो दिनों में घर-घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ शिवबाड़ी स्कूल में रोटरी क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया गया। उपखंड अधिकारी आईएएस भरत जयप्रकाश मीणा ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का श्रीगणेश किया। इस दौरान बीसीएमओ डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल, पीएमओ डॉ. सुभाष महर्षि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य उपस्थित रहे। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बूथों पर पहुंचने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ अभिभावकों को भी जागरूक किया।



सादुलशहर। उपखंड क्षेत्र सादुलशहर में 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु शहरी क्षेत्र सादुलशहर में सभी वार्डो में कुल 20 बूथ बनाये गये। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय के साथ साथ अन्य गाँवों में कुल 84 बूथ बनाये गये। अभियान में क्षेत्र के समस्त गाँव ढाणिया व ईंट भट्ठों को शामिल किया गया है। इसके अलावा बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर भी बच्चो को पोलियो रोधी दवा पिलाने हेतु बूथ स्थापित किये गये। अभियान के सुचारू संचालन हेतु चिकित्सा विभाग के अलावा महिला एंव बाल विकास विभाग के आगनबाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिन आदि स्टाफ व शिक्षा विभाग का विशेष योगदान रहा है। खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सतीश नरूला ने बताया कि प्रथम दिवस बूथ पर सादुलशहर क्षेत्र में 0-5 के कुल 14424 के विरुद्ध 9972 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलायी गयी। इस अभियान के सुपरविजन हेतु विभाग द्वारा कुल 20 पर्यवेक्षक लगाये गये है। गांव मन्नीवाली की पीएचसी पर नवनिर्वाचित सरपंच सुमित आर्य ने बच्चे को जिंदगी की दो बूंद पोलियो रोधी दवा पिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद अभियान अंतर्गत कार्मिकों ने बच्चों को दवा पिलाई।

मुकन। ग्राम पंचायत 2 एफसी मुकन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ नंबर 61- 62 पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। एएनएम सोनम ने बताया कि अभियान के दौरान 71 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान निर्मला देवी एवं आशा सहयोगिनी सुनीता देवी,आशा सहयोगिनी ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में सहयोग किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके । सोमवार ओर मंगलवार को पोलियो की खुराक घर घर पिलाई जाएगी।

हिरणांवाली। गांव हिरणांवाली स्थित 18 एमएल अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच नीलम सुनील गांधी ने नन्हे बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान सरपंच नीलम सुनील गांधी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिससे बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर पोलियो की खुराक देना बेहद जरूरी है।

वार्ड 23 में बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

अनूपगढ़। पल्स पोलियो अभियान के तहत शहर के वार्ड नंबर 23 में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। वार्ड पार्षद सन्नी धायल ने राजकीय अस्पताल के कर्मचारी वरुण कुमार और अमित मोदी के साथ मिलकर वार्ड के 25 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अभियान के दौरान पार्षद ने वार्ड के अभिभावकों को सूचना दी कि बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। इसके बाद अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे और पार्षद की देखरेख में बच्चों को खुराक पिलाई गई। इस पहल का उद्देश्य वार्ड का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना रहा।


अनूपगढ़

गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में निशान साहिब की सेवा, शबद गायन में बच्चों ने बिखेरी भक्ति की छटा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह अरदास के बाद श्री निशान साहिब जी का चोला बदलने की सेवा की गई और श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ। शाम को सिमरन समागम के बाद गुरबाणी शबद गायन कीर्तन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें बच्चों ने मधुर स्वरों से गुरु महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल कर दिया। कार्यक्रम संयोजक जतिंदर सिंह वासन व अरविंद्रपाल सिंह हैप्पी ने बताया कि जूनियर (8-13 वर्ष) व सीनियर (13-18 वर्ष) वर्ग के लिए कुल 73 आवेदन आए थे। 15 नवंबर को हुए सेमीफाइनल से दोनों वर्गों के 6-6 प्रतिभागी फाइनल में पहुंचे थे। सहसंयोजक जसपाल सिंह सेठी के अनुसार दोनों वर्गों से तीन-तीन विजेता चुने गए हैं। प्रथम विजेताओं को मंगलवार को मुख्य समागम में गोल्ड मेडल तथा द्वितीय व तृतीय को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जाएगा। निर्णायक की भूमिका भाई कुलदीप सिंह दीपक, गुरसेवक सिंह व अमनदीप सिंह ने निभाई। सोमवार शाम को भी कीर्तन दीवान सजेगा, जिसमें एसजीपीसी के पंथ प्रचारक कथावाचक गुरु इतिहास से रू-ब-रू करवाएंगे। आयोजन के दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।



श्री सहज पाठ धर्म प्रचार कमेटी के सदस्यों ने प्रकाशोत्सव पर किया गुरबाणी सिमरन

श्री सहज पाठ धर्म प्रचार कमेटी राजस्थान की ओर से श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित तीसरे सिमरन समागम में रविवार शाम गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार साहिब में एकाग्रचित होकर गुरबाणी सिमरन किया। इस दौरान कमेटी सदस्यों ने श्री जपुजी साहिब एवं श्री चोपाई साहिब के पाठ किए। इसके बाद कीर्तनी जत्थे ने संगत को वाहेगुरु सिमरन तथा गुरु साहिबान की पावन गुरबाणी का गायन करवाया।मुख्य सेवादार एवं कमेटी अध्यक्ष सुखदेव सिंह पंछी ने बताया कि कमेटी की ओर से पिछले 11 वर्षों से ह्यघर-घर पाठ श्री सहज पाठ साहिबह्ल अभियान के तहत देश-विदेश में सहज पाठ किया जा रहा है। अब तक श्री सहज पाठ साहिब की 10 लड़ियों की संपूर्णता विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों एवं धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हो चुकी है।इसी अभियान के तहत संगत को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी से जोड़ने, गुरबाणी एवं सिमरन का अभ्यास करवाने और सेवा भावना जागृत करने के उद्देश्य से माहवार सिमरन समागम की शुरूआत की गई है। रविवार शाम को आयोजित समागम की सम्पूर्णता श्री आनंद साहिब के पाठ, अरदास एवं हुकमनामे के साथ हुई। कार्यक्रम उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

हर गांव में समस्या शिविर लगाकर ग्रामीणों के कार्य करेंगे : तरड़

बींझबायला। 69 एलएनपी ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच ओमप्रकाश तरड़ ने गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने हाथ जोड़कर सभी मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए अपनी युवा टीम के सहयोग के लिए भी आभार जताया। सरपंच तरड़ ने कहा कि पंचायत चुनाव के बाद अब सभी मतभेद भुलाकर क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने उन्हें समर्थन दिया और जिन्होंने नहीं दिया, सभी ग्रामीण उनके लिए समान हैं और पंचायत के हर व्यक्ति के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पंचायत के प्रत्येक गांव में हर माह समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। छोटे-छोटे कार्य गांव स्तर पर ही करवाने का प्रयास रहेगा, ताकि ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

अश्व मेला कल, 25 से सर्किल स्टाइल कबड्डी का महामुकाबला

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में आगामी 24 नवंबर से शुरू होने वाले भव्य अश्व मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में अश्व मेला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले को और अधिक आकर्षक बनाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों व पारंपरिक अश्व पालन से जोड़ने के उद्देश्य से 25 नवंबर को सर्किल स्टाइल कबड्डी महामुकाबले का आयोजन भी किया जाएगा।



मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

निरीक्षण के दौरान कमेटी ने मेले के ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाहर से आने वाले अश्वपालकों, व्यापारियों और अश्वों के लिए पेयजल, बिजली, छाया और साफ-सफाई सहित सभी आधारभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, मेले में सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि गश्त और पर्याप्त रोशनी (लाइट) की पुख्ता व्यवस्था रखने के लिए भी निर्देशित किया गया।

नशे के खिलाफ देंगे संदेश

'नशा मुक्त युवा, सशक्त समाज' के संदेश को आगे बढ़ाते हुए जिला कबड्डी संघ, हनुमानगढ़ द्वारा महाराणा प्रताप अश्व पालक समिति के सहयोग से 25 नवंबर को अश्व मेला प्रांगण, श्रीगंगानगर में सर्किल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा । कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। मेला मैदान के निरीक्षण के मौके पर अश्व मेले के कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह बराड़ (5 चक), सचिव अमन भुंवाल (मिर्जेवाला), उपाध्यक्ष रणदीप बराड़ (44 जीजी), गुरमीत सिंह, नितिन बत्तरा, अंग्रेज सिंह और नवजोत चयल आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

सालासर धाम पंचायत ने शुरू किया विशेष अभियान

सीमा सन्देश # सालासर। सिद्धपीठ सालासर धाम को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत ने दो दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। सरपंच यशोदानंदन पुजारी एवं वार्ड पंचों ने अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थानों, प्रमुख मार्गों और गलियों में सफाई कर कचरे के उचित निस्तारण की व्यवस्था की जाएगी। सरपंच ने कहा कि स्वच्छता में आमजन की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से अभियान में सहयोग कर सालासर धाम को आदर्श धार्मिक स्थल बनाने में योगदान देने की अपील की।

आईपीएस दंपती अनु बेनीवाल और आयुष जाखड़ की पुत्री मनस्विनी के आगमन पर समाज को दिया समानता का संदेश

पहल : पुत्री के जन्म पर जलवा पूजन कर जाखड़ परिवार ने पेश की नई मिसाल

श्रीगंगानगर। बेटी के जन्म को शुभ मानते हुए जाखड़ परिवार ने जलवा पूजन कार्यक्रम आयोजित कर समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। भारतीय पुलिस सेवा के मध्यप्रदेश कैडर के अधिकारी दंपती अनु बेनीवाल और आयुष जाखड़ के घर प्रथम संतान के रूप में पुत्री मनस्विनी के जन्म की खुशी में यह आयोजन किया गया। अनु बेनीवाल वर्तमान में जबलपुर में एएसपी ग्रामीण के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनके पति आयुष जाखड़ जबलपुर सिटी एएसपी हैं। उनकी तीन माह की पुत्री मनस्विनी के जन्म पर दादा पूर्व आईपीएस दिलीप-नेहा जाखड़ के परिवार ने कन्या आगमन को शुभ मानते हुए जलवा पूजन का निर्णय लिया। कार्यक्रम को लेकर समाज में कुछ लोगों ने परंपराओं का हवाला देते हुए आपत्ति भी जताई, लेकिन परिवार और समाज के प्रगतिशील लोगों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में बेटा और बेटी दोनों समान हैं। सर्वसम्मति से जलवा पूजन संपन्न हुआ और समाज के गणमान्य लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नवजात बालिका को आशीर्वाद दिया। जलवा पूजन से पहले रिद्धि-सिद्धि प्रथम के पेंशनर्स पार्क में जाखड़ परिवार की ओर से प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इसमें मनस्विनी के दादा-दादी, नाना-नानी परिवार, रिश्तेदारों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और समाज के प्रमुख लोग शामिल हुए। कार्यक्रम ने बेटी बचाओ और बेटी को समान सम्मान देने के संदेश को मजबूती दी।



विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे, विश्वास को जीवनभर नहीं भूलेंगे : गगनदीप कौर सोहल

सीमा सन्देश # पदमपुर

ग्राम पंचायत 7 डीडी से सरपंच पद पर निर्वाचित हुईं गगनदीप कौर सोहल ने परिवारजनों और समर्थकों के साथ गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर वर्ग से मिले प्यार, समर्थन और विश्वास को वह जीवनभर नहीं भूल पाएंगी। सरपंच गगनदीप कौर के साथ उनके पति घमेन्द्र सिंह सोहल, गुरमेल सिंह सोहल (दिवंगत निदेशक, पंचायत समिति पदमपुर) और सेवानिवृत्त प्राचार्य माला सिंह सोहल सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे। गगनदीप कौर सोहल ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वह पंचायत के प्रत्येक वर्ग के साथ खड़ी रहेंगी और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएंगी। उन्होंने कहा कि मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और सेवा भाव से निभाया जाएगा। भारी मतों से जीत के बाद गांव में आभार कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत कर लोगों ने खुशी जाहिर की और उन्हें बधाइयां दीं। गुरमेल सिंह सोहल और माला सिंह सोहल ने समर्थकों से संवाद करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता राजनीति नहीं, बल्कि सेवा भावना के साथ पंचायत का विकास करना है। उन्होंने सभी मतदाताओं से सहयोग और विश्वास बनाए रखने की अपील की।



डॉ. लखन गौड़-डॉ. भावना परिणय सूत्र बंधे



श्रीगंगानगर

नगर परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं शिक्षाविद् डॉ. बबीता गौड़ के सुपुत्र डॉ. लखन गौड़ (पड़पौत्र वैद्य रामकुमार गौड़) रीको में अधिकारी नरोत्तम शर्मा-चन्दादेवी की सुपुत्री डॉ. भावना शर्मा के साथ परिणय सूत्र में बंध गये हैं। विवाह समारोह 20 नवम्बर को हनुमानगढ़ रोड पर रीको फ्लाईओवर के समीप स्थित एडी क्राउन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं व्यापारियों-उद्यमियों ने परिवार सहित पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया तथा दोनों परिवारों को बधाई दी। 'सीमा सन्देश' की ओर से गौड़ व शर्मा परिवार को बधाई एवं डॉ. लखन व डॉ. भावना को सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं।

भगवानसर, मानकसर सहित कई पंचायतों में जांच शुरू; बीडीओ ने मांगी वित्तीय और कार्य संबंधी पत्रावलियां

मानकसर : आचार संहिता के बीच भुगतान पर उठे सवाल, छह ग्राम पंचायतों का रिकॉर्ड तलब

सीमा सन्देश # मानकसर

सूरतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों में सरकारी राशि के भुगतान को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि पूर्व प्रशासकों और ग्राम विकास अधिकारियों के कार्यकाल में आचार संहिता लागू होने के बाद भी भुगतान किए गए। इतना ही नहीं, 5 नवंबर को सरपंच चुनाव के दिन भी कुछ भुगतान किए जाने की जानकारी सामने आई है।

बिल-वाउचर की जगह लगाए गए आधार और जन आधार कार्ड : मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई है कि कुछ भुगतान प्रक्रियाओं में आवश्यक बिल-वाउचर के स्थान पर आधार कार्ड और जन आधार कार्ड लगाए गए। सामान्य प्रक्रिया में भुगतान के लिए कार्य से संबंधित बिल, माप पुस्तिका और अन्य दस्तावेज जरूरी होते हैं। ऐसे में पहचान संबंधी दस्तावेजों के आधार पर भुगतान किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सूरतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की भगवानसर, मानकसर, पालीवाला, संघर, घमंडिया और ढाबां ग्राम पंचायतों में वर्ष 2026-27 के दौरान हुए कार्यों और भुगतानों की जांच की जाएगी।

बीडीओ ने मांगा पूरा रिकॉर्ड: मामले में तथ्यात्मक जानकारी मिलने के बाद पंचायत समिति के विकास अधिकारी (बीडीओ) मेजर अली ने संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत पंचायतों से रोकड़ बही, सभी बिल-वाउचर, कार्य पत्रावलियां, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां, तकनीकी स्वीकृति, तकमीना, कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और समायोजन आदेश सहित पूरा रिकॉर्ड मांगा गया है। इसके अलावा वर्ष 2026-27 में जारी खुली निविदा, सीमित निविदा और कोटेशन से संबंधित सभी दस्तावेज भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जांच के बाद स्पष्ट होगी भुगतान प्रक्रिया: सभी संबंधित रिकॉर्ड पंचायत समिति कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी प्रथम अनिल कुमार के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे। रिकॉर्ड की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि भुगतान प्रक्रिया में नियमों का पालन किया गया था या नहीं। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर दस्तावेजों की जांच की तैयारी शुरू कर दी गई है।

नोखा विधायक सहित अन्य पर केस; जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी जाएगी

जिला प्रमुख चुनाव से पहले बीकानेर कांग्रेस में घमासान, अजा-जजा एक्ट में मामला दर्ज

सीमा सन्देश # बीकानेर

जिला परिषद में बहुमत हासिल करने के बाद जिला प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा जमाने की तैयारी कर रही कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सामने आ गई है। जिला प्रमुख चुनाव से पहले पार्टी के दो गुटों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया। पुलिस ने नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भंवर कूकना सहित अन्य के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

जिला परिषद सदस्य के पति ने दर्ज कराई रिपोर्ट: यह मामला जिला परिषद वार्ड संख्या-9 से निर्वाचित सदस्य मैना देवी के पति नेमाराम की शिकायत पर दर्ज किया गया है। नेमाराम ने जय नारायण व्यास कॉलोनी थाने में रिपोर्ट देकर आरोप लगाया कि नोखा विधायक सुशीला डूडी उनकी पत्नी को अपने साथ ले गईं। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीआईडी-सीबी को सौंपने की तैयारी है। थानाधिकारी देवेंद्र विश्नोई ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच नियमानुसार की जाएगी।

कांग्रेस ने कहा- जांच से सामने आएगी सच्चाई: पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस देहात अध्यक्ष विशनाराम सियाग ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है तो जांच के बाद ही वास्तविक तथ्य सामने आएंगे। जांच में स्पष्ट होगा कि घटनाक्रम क्या था और किन परिस्थितियों में मामला दर्ज किया गया।

मतगणना के दिन से शुरू हुआ विवाद: दरअसल, विवाद मतगणना परिणाम वाले दिन से जुड़ा बताया जा रहा है। नेमाराम का आरोप है कि जिला परिषद सदस्य का प्रमाण पत्र लेने के दौरान वह अपनी पत्नी से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई। जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद जिला प्रमुख पद को लेकर पार्टी में चल रही खींचतान अब सार्वजनिक हो गई है। आने वाले दिनों में जांच और जिला प्रमुख चुनाव की प्रक्रिया के साथ राजनीतिक स्थिति और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

सूरतगढ़ में नवोदय परिवार का महाकुंभ, पूर्व छात्र साझा करेंगे पुरानी यादें

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

विद्यालय जीवन की यादों को फिर से जीवंत करने और नवोदय परिवार को एक मंच पर जोड़ने के उद्देश्य से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़ में मंगलवार को चतुर्थ जयपुर रीजन नवोदय एलुमनाई मीट-2026 (नवोदय स्मृति संगम) का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष समागम में दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न नवोदय विद्यालयों से जुड़े पूर्व छात्र शामिल होंगे। विद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे शुरू होने वाले इस आयोजन को नवोदय परिवार का महाकुंभ नाम दिया गया है। इसमें पूर्व छात्र अपने विद्यालय जीवन की यादें साझा करेंगे और वर्षों पुराने रिश्तों को फिर से मजबूत करेंगे। प्राचार्य रामावतार बुरड़क ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे नवोदय के पूर्व छात्रों को जोड़ना, आपसी संवाद बढ़ाना और नवोदय की गौरवशाली परंपराओं, संस्कारों व आत्मीयता का उत्सव मनाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सूरतगढ़, नवोदय एलुमनाई सूरतगढ़, मानस (महियांवाली) नवोदय एलुमनाई सोसाइटी श्रीगंगानगर, नवोदय ऊर्जा सोसाइटी राजस्थान, सर्व हरियाणा एलुमनाई एसोसिएशन ऑफ नवोदय हरियाणा और नवोदय एलुमनाई संगठन दिल्ली संयुक्त रूप से सहयोग कर रहे हैं। आयोजक इस मिलन समारोह को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटे हैं।

विधायक सुशीला डूडी सहित तीन नेताओं के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज

सीमा सन्देश# बीकानेर। जिला परिषद में बहुमत हासिल करने के बाद जिला प्रमुख की कुर्सी पर काबिज होने की रणनीति बना रही कांग्रेस के भीतर सियासी घमासान अब खुलकर सामने आने लगा है। जिला प्रमुख के चुनाव से पहले पार्टी की अंदरूनी खींचतान इस कदर बढ़ गई है कि मामला अब पुलिस थाने तक पहुंच गया है। कांग्रेस के इस राजनीतिक विवाद में पुलिस की भी एंट्री हो गई है और नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष एवं यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भंवर कूकना सहित अन्य के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में वार्ड संख्या 9 से निर्वाचित जिला परिषद सदस्य मैना देवी के पति नेमाराम ने जय नारायण व्यास कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में नोखा विधायक सुशीला डूडी पर निर्वाचित सदस्य को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। नेमाराम की ओर से दर्ज करवाई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी जाएगी। जय नारायण व्यास कॉलोनी थानाधिकारी देवेंद्र विश्नोई ने मामले में मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है। पूरे घटनाक्रम को लेकर देहात कांग्रेस अध्यक्ष विशनाराम सियाग ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही मिली है। इस संबंध में पुलिस में मामला दर्ज हुआ है तो पुलिस इसकी जांच करेगी और जांच के बाद पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। सियाग ने कहा कि जांच में ही स्पष्ट होगा कि घटनाक्रम में क्या हुआ और किन तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। असल नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य नैना देवी के प्रति नेमाराम ने आरोप लगाया कि मतगणना परिणाम के दिन शाम को निर्वाचन प्रमाण पत्र लेने के लिए दूसरे कांग्रेसी सदस्यों के साथ मेरी पत्नी भी वहां पहुंची। इस दौरान मैंने पत्नी से मुलाकात करने की कोशिश की, तो मुझे मिलने नहीं दिया गया और मेरे साथ मारपीट की गई। दरअसल इस पूरे मामले में अब दो गुटों में बंटी कांग्रेस की लड़ाई को माना जा रहा है।

सरपंच माया प्रेम झटवाल ने 34 एलएनपी में संभाली पंचायत की कमान

पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल टीटी ने विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया

सीमा सन्देश # बींझबायला



34 एलएनपी ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच माया प्रेम झटवाल ने शनिवार को पंचायत घर में पूजा-अर्चना के साथ पदभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पंचायत के पूर्व सरपंचों, वर्तमान उप सरपंच सुलोचना जसवंत पिलानिया, सभी वार्ड पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में सरपंच माया झटवाल ने पूर्व सरपंच सीमा यादव को शॉल, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही सभी पूर्व सरपंचों, उप सरपंच और पंचों का भी सम्मान किया गया। पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ने कहा कि पंचायत में मनरेगा सहित सभी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रेम झटवाल परिवार से उनका पुराना स्नेह रहा है और वे पंचायत के विकास में पूरा सहयोग करेंगे। समारोह में ओमप्रकाश जाखड़, उग्रसेन भुकर, महेंद्र मंडा, लेखराज अठवाल, मनीराम नायक, रामेश्वर लाल सिगड़, ओम खुड़िया, इंद्राज जलंधरा, युवराज झटवाल, भागीरथ गोदारा, आत्माराम झटवाल, इंद्रसेन खीचड़, श्री भगवान घोड़ेला और राधा कृष्ण तेहरपुरिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सरपंच माया प्रेम झटवाल ने कहा कि वे सभी मतभेद भुलाकर पंचायत के विकास को प्राथमिकता देंगी। राज्य सरकार से भी अतिरिक्त बजट स्वीकृत करवाकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। समारोह के बाद ग्रामीणों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

जेईई मेन 2027: पिछले साल का रिकॉर्ड टूटने के करीब पहुंचा रजिस्ट्रेशन, अब लेट फीस के साथ 4 दिन और मिलेगा मौका

कोटा। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन के जनवरी सेशन के लिए बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की समय-सीमा रविवार रात 11:50 बजे समाप्त हो गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस बार आवेदनों की संख्या पिछले साल के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच गई है। वंचित रह गए अभ्यर्थियों के पास अब 23 से 26 नवंबर तक 500 रुपये लेट फीस के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर रहेगा।एनटीए द्वारा रविवार शाम 5 बजे जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 15.04 लाख विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था, जिनमें से 13.10 लाख ने फीस जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली थी। कोटा के राजीव गांधी नगर स्थित एनटीए फॉर्म फिलिंग केंद्र के संचालक पंकज खंडेलवाल ने बताया कि शाम 7 बजे तक रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा बढ़कर करीब 15.26 लाख और फीस जमा करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 13.30 लाख तक पहुंच गई। रात 11:50 बजे तक इस संख्या में और इजाफा होने की पूरी उम्मीद है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि आगामी चार दिनों में लेट फीस के साथ होने वाले आवेदनों को मिलाकर पिछले वर्ष का रिकॉर्ड टूट सकता है। जनवरी सेशन में 13,55,293 विद्यार्थियों ने फीस जमा कर प्रक्रिया पूरी की थी, जिनमें से 13,04,653 परीक्षा में शामिल हुए थे। वहीं, दोनों सेशन मिलाकर 16.48 लाख यूनिक कैंडिडेट्स ने आवेदन किया था, जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। साल 2025 में कुल 15.39 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया था और 14.75 लाख ने परीक्षा दी थी। जानकारी अनुसार लेट फीस के साथ 23 से 26 नवंबर की रात 11:50 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। इसमें 27 से 29 नवम्बर तक सुधार किया जा सकता है जबकि परीक्षा 20 से 24 जनवरी और 28 जनवरी में होगी।

गजसिंहपुर: सरपंच जगजीत सिंह बराड़ आज संभालेंगे कार्यभार

गजसिंहपुर। ग्राम पंचायत 3 एफएफबी के नवनिर्वाचित सरपंच जगजीत सिंह बराड़ सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे। समारोह सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय 3 एफएफबी में आयोजित होगा। बराड़ ने चुनाव में मिले समर्थन और आशीर्वाद के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पंचायत में सभी को साथ लेकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। गांव में साफ-सफाई, पेयजल, सड़कों, शिक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत को बेहतर बनाने का संकल्प व्यक्त किया।



बिरला पब्लिक स्कूल में 'अधिगम प्रतिफल' पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला



श्रीगंगानगर। शिक्षण को केवल पाठ्यक्रम पूरा करने की औपचारिकता से ऊपर उठाकर विद्यार्थी-केंद्रित और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से बिरला पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर में 'अधिगम प्रतिफल एवं शिक्षणशास्त्र' विषय पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, बीकानेर की प्राचार्या एवं सीबीएसई मास्टर ट्रेनर डॉ. श्रेया थानवी तथा सुबोध पब्लिक स्कूल, जयपुर की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. रिंपल सैनी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. थानवी ने योग्यता-आधारित मूल्यांकन और कौशल विकास को शिक्षण की सफलता की कुंजी बताया, वहीं डॉ. सैनी ने अनुभवात्मक व गतिविधि-आधारित शिक्षण रणनीतियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुशीला सहारण ने कहा कि विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन व रचनात्मकता का निर्माण करना ही सच्ची शिक्षा है। प्रधानाध्यापिका डॉ. आकांक्षा खुल्लर ने किताबी ज्ञान को व्यावहारिक जीवन से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संजीव चौहान, मुकेश तथा भरत का सराहनीय योगदान रहा।

दबाव बनाना स्वीकार्य नहीं : गहलोत

जयपुर। पंचायत और जिला परिषद चुनावों के बाद जिला प्रमुख चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर पुलिस और प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जनादेश कांग्रेस के पक्ष में है, लेकिन कई जगह प्रशासन पर दबाव बनाकर बोर्ड बनाने की कोशिश की जा रही है। गहलोत ने डीजीपी और मुख्य सचिव से निष्पक्ष रहने की अपील करते हुए कहा कि राजनीतिक दबाव में कोई अनुचित कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। 25 नवंबर के चुनाव पर सबकी नजर है।

अनकोरी देवी का निधन

गणेशगढ़। चक चौधरी चेतरामवाला निवासी ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक प्रदीप सहारण की दादी श्रीमती अनकोरी देवी धर्मपत्नी चौधरी रामप्रताप सहारण का देहान्त 20 नवम्बर को हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में अनेक लोग शामिल हुए।



चूरू जिला प्रमुख की कुर्सी पर कांग्रेस का दावा मजबूत, 25 को होगा फैसला

सीमा सन्देश # चूरू। जिला परिषद चुनाव के परिणाम आने के बाद अब चूरू जिला प्रमुख पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिला परिषद की कुल 39 सीटों में कांग्रेस ने 21 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं भाजपा को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सीपीआईएम एक सीट पर सिमट गई। संख्याबल के लिहाज से कांग्रेस का जिला प्रमुख बनना मजबूत माना जा रहा है। जिला प्रमुख पद के लिए चुनाव 25 नवंबर को होगा। इस बार चूरू जिला प्रमुख का पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में कांग्रेस में संभावित महिला चेहरों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। पार्टी के सामने जाट और ब्राह्मण समाज के बीच राजनीतिक संतुलन बनाने की चुनौती है। अंतिम फैसला कांग्रेस नेतृत्व और संगठनात्मक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। कांग्रेस की ओर से वार्ड संख्या-3 से निर्वाचित अंजूबाला शर्मा और वार्ड संख्या-26 से निर्वाचित प्रकाश देवी बुडानिया के नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में सामने आ रहे हैं। अंजूबाला शर्मा पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित भंवरलाल शर्मा की पुत्रवधू हैं, जिससे उनका राजनीतिक प्रभाव मजबूत माना जा रहा है। वहीं प्रकाश देवी बुडानिया भी पार्टी के भीतर प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। यदि दोनों नामों पर सहमति नहीं बनती है तो पार्टी किसी अन्य महिला सदस्य के नाम पर भी विचार कर सकती है। भाजपा के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं है, लेकिन पार्टी की रणनीति को लेकर राजनीतिक चर्चाएं जारी हैं। भाजपा खेमे में कनिका सिंह और संतोष मेघवाल के नामों की चर्चा है। कनिका सिंह पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की पुत्रवधू हैं। उनकी जीत के बाद भाजपा की संभावित रणनीति और राजेंद्र राठौड़ की सक्रियता पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। पिछले पंचायत चुनाव में कांग्रेस के पास बहुमत होने के बावजूद राजनीतिक समीकरणों के कारण प्रधान पद गंवाने की घटना को देखते हुए इस बार भी भाजपा की संभावित जोड़-तोड़ की चर्चा हो रही है। कांग्रेस अपने विजयी जिला परिषद सदस्यों को एकजुट रखने की रणनीति पर काम कर रही है। सांसद राहुल कस्वां और पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया को निर्वाचित सदस्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व बहुमत को सुरक्षित रखते हुए आपसी सहमति से जिला प्रमुख का चयन करने की कोशिश कर सकता है। जिला परिषद चुनाव में कई चर्चित चेहरों को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस खेमे से जिला प्रमुख की दावेदार मानी जा रही कनक बुडानिया चुनाव हार गईं। वे तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी हैं। वहीं भाजपा की चर्चित उम्मीदवार कनिका सिंह चुनाव जीतने में सफल रहीं। अब 25 नवंबर को होने वाले जिला प्रमुख चुनाव में यह साफ होगा कि कांग्रेस किस महिला चेहरे पर भरोसा जताती है। फिलहाल चूरू की सियासत में जातीय समीकरण, राजनीतिक प्रभाव और संगठनात्मक संतुलन के बीच जिला प्रमुख पद को लेकर हलचल तेज बनी हुई है।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 115 जवानों व परिजनों की हुई जांच



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान पुलिस के जवानों और उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य और नेत्र देखभाल के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शहर के जवाहर नगर स्थित एएसजी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर के दौरान कुल 115 मरीजों पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। एएसजी आई हॉस्पिटल की टीम ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से आंखों की रोशनी (रिफ्रेक्शन), मोतियाबिंद (कैटरेक्ट), ग्लूकोमा (काला पानी), रेटिना और आंखों से जुड़ी अन्य सामान्य व जटिल समस्याओं की स्क्रीनिंग की। जांच के बाद चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान धूल, धूप और डिजिटल स्क्रीन से आंखों को सुरक्षित रखने के आवश्यक सुझाव दिए। जिन मरीजों में मोतियाबिंद या अन्य गंभीर समस्याएं पाई गईं, उन्हें आगे के उपचार और परामर्श के लिए अस्पताल आने की सलाह दी गई। पुलिस प्रशासन ने इस जनहितैषी पहल के लिए एएसजी आई हॉस्पिटल की टीम का आभार व्यक्त किया।

सराहनीय आयोजन | यादव (अहीर) समाज संस्था में प्रतिभा सम्मान व दीपावली स्नेह मिलन आयोजित

उपलब्धियां हासिल करने वाली यादव समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर





यादव (अहीर) समाज संस्था श्रीगंगानगर की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया।

श्रीकृष्ण वंदना से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ : कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति एवं वंदना के साथ हुआ। संस्था अध्यक्ष रोहतास यादव ने सभी समाज बंधुओं और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यादव (अहीर) समाज संस्था की स्थापना वर्ष 1978 में हुई थी और तब से संस्था समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, सामाजिक एकता बनाए रखने और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

पांच श्रेणियों में प्रतिभाओं का सम्मान: संस्था सचिव वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रतिभा सम्मान के लिए शिक्षा, राजकीय सेवा, खेल, राजनीति और अन्य क्षेत्र सहित पांच श्रेणियां निर्धारित की गई थीं। इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के प्रतिभावान लोगों को समाज के वरिष्ठजनों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियां, मदर्स प्राइड स्कूल के विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम और विक्रम ज्याणी एवं उनकी टीम द्वारा नशा मुक्ति पर प्रस्तुत अभिनय विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

सामाजिक जागृति के लिए संस्था कर रही कार्य : संस्था उपाध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा कि संस्था समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और नई चेतना व जागृति लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के बुजुर्गों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती बुजुर्गों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही संभव है।

पदाधिकारियों और सदस्यों का रहा सहयोग : इस अवसर पर उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव, मा. बीरबल, डॉ. आर.आर. यादव सहित अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। सफल आयोजन में कोषाध्यक्ष दिनेश बबलू, सहकोषाध्यक्ष परमपाल, सहसचिव लाल सिंह, सदस्य राजेश, फतेह सिंह यादव, यादवेंद्र, करण सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। संस्था के पूर्व अध्यक्ष अमरचंद यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

महाराष्ट्र की कैबिनेट मंत्री मुंडे ने परिवार सहित किए बालाजी महाराज के दर्शन



सीमा सन्देश # सालासर

महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती पंकजा गोपीनाथ मुंडे ने रविवार को परिवार सहित सिद्धपीठ सालासर धाम पहुंचकर श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बालाजी महाराज के समक्ष पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति, सालासर की ओर से मंत्री पंकजा मुंडे का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें सालासर धाम की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता से अवगत कराया। मंत्री मुंडे की सालासर धाम यात्रा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। बालाजी महाराज के दर्शन के बाद उन्होंने धाम की व्यवस्थाओं एवं धार्मिक वातावरण के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की।

भारत की भाषाई विविधता के मुरीद हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, बोले-यह अद्भुत है

पीएम मोदी से बातचीत का किस्सा सुनाया, कहा- एक देश में इतनी भाषाओं का होना हैरान करने वाला

मॉस्को।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता, संस्कृति और भाषाओं की बहुलता दुनिया के लिए बेहद आकर्षक और अद्भुत उदाहरण है। पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए भारत की भाषाई विविधता को लेकर अपना अनुभव साझा किया।



भारत में 22 भाषाओं को संवैधानिक मान्यता

भारत में कोई एक राष्ट्रभाषा नहीं है। केंद्र स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी आधिकारिक भाषाएं हैं। इसके अलावा संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है। इनमें हिंदी, असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, मराठी सहित कई प्रमुख भाषाएं शामिल हैं।

पहले भी कर चुके हैं भारत की तारीफ

गौरतलब है कि पुतिन इससे पहले भी भारत की विविधता और एकता की प्रशंसा कर चुके हैं। पिछले महीने वाल्डाई डिस्कशन क्लब में उन्होंने भारत को अनोखा, विविधतापूर्ण और एकजुट देश बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत का विशाल आकार और सांस्कृतिक विविधता दुनिया को आश्चर्यचकित करती है।

पीएम मोदी से पूछा था आधिकारिक भाषा बोलने वालों का आंकड़ा

एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि भारतीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है और इसके बारे में जितना जानने का मौका मिलता है, उतना ही आकर्षण बढ़ता जाता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के दौरान उन्होंने भारत में आधिकारिक भाषा बोलने वाले लोगों की संख्या के बारे में पूछा था। पुतिन के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि करीब 60 करोड़ लोग आधिकारिक भाषा बोलते हैं। इसके बाद जब उन्होंने भारत की कुल आबादी के बारे में पूछा तो मोदी ने लगभग डेढ़ अरब आबादी की जानकारी दी। इस पर पुतिन ने कहा कि इसका मतलब है कि बड़ी आबादी अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद करती है। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या यह कमाल की बात नहीं है कि इतने बड़े देश में लोग अलग-अलग भाषाएं बोलते हुए भी एकजुट हैं। यह वास्तव में हैरान करने वाला और अद्भुत है।

दुर्घटनाग्रस्त बाइकों के टायर व पेट्रोल टंकियां खोल ले गए चोर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सड़क हादसे में घायल होकर अस्पताल पहुंचे युवकों की परेशानी उस समय और बढ़ गई, जब पीछे से अज्ञात चोर उनकी दोनों मोटर साइकिलों के टायर और पेट्रोल टंकियां खोलकर ले गए। हादसे के बाद दोनों बाइकें घटनास्थल के पास ही छूट गई थीं। इस संबंध में पीड़ित की रिपोर्ट पर टाउन पुलिस थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, टिब्बी थाना क्षेत्र के गांव कुलचंद्र निवासी रिछपाल (52) पुत्र डोगरराम वाल्मीकि ने चक 34 एसटीजी, पीलीबंगा निवासी दीपक सिंह (22) पुत्र रमेश सिंह के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दी कि रिछपाल का बेटा अश्विनी कहीं बाहर जाने के लिए हनुमानगढ़ आ रहा था। उसे यहां से ट्रेन पकड़कर आगे जाना था। अश्विनी व एक अन्य युवक मोटर साइकिल नंबर आरजे 31 एसडब्ल्यू 7846 पर सवार थे, जबकि राज सिंह दूसरी मोटर साइकिल नंबर आरजे 31 एसवी 6875 पर उनके साथ आ रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, जब वे 64 आरडी बोर्ड के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रोशनी के कारण सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं दी। इसी दौरान अचानक निराश्रित पशु सामने आ जाने से बाइक उससे टकरा गई।

ईंट भट्ठे पर मजदूर उपलब्ध करवाने के नाम पर हड़पे सात लाख रुपए, केस दर्ज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। ईंट भट्ठे पर कच्ची ईंट पथेरने के लिए मजदूर उपलब्ध करवाने का झांसा देकर सात लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लेबर ठेकेदार ने अपनी पत्नी और बहनोई के साथ मिलकर मजदूरों की व्यवस्था करने के नाम पर भट्ठा संचालक से सात लाख रुपए लिए, लेकिन न तो मजदूर उपलब्ध करवाए और न ही रकम लौटाई। इस संबंध में भट्ठा संचालक की रिपोर्ट पर भिरानी पुलिस थाना में तीन जनों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, बलवान सिंह (45) पुत्र रामस्वरूप जाट निवासी मुंसरी तहसील भादरा ने थाने में रिपोर्ट दी कि वह छानीबड़ी स्थित बेनीवाल ईंट उद्योग का संचालन करता है। ईंट भट्ठे पर कच्ची ईंट पथेरने के लिए उसने उत्तर प्रदेश निवासी लेबर ठेकेदार मनोज कुमार पुत्र देव सिंह कश्यप निवासी ताली, पोस्ट याकुतगंज, जिला कासगंज तथा उसकी पत्नी और बहनोई सेठपाल के साथ 12 अगस्त 2026 को उप तहसील छानीबड़ी में एग्रीमेंट करवाया था। रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों ने मजदूरों की व्यवस्था करने और अपने घर खर्च व बच्चों के पालन-पोषण के लिए सात लाख रुपए लेने का एग्रीमेंट किया। इसके बाद उन्होंने रकम प्राप्त कर अपने गांव जाकर मजदूर लाने की बात कही, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद मजदूरों की व्यवस्था नहीं की। जब भट्ठा संचालक ने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने जवाब दिया कि न तो उनके पास मजदूर हैं और न ही रुपए। जो करना है कर लो। परिवादी ने बताया कि इसके बाद वह मनोज कुमार के गांव उत्तर प्रदेश पहुंचा तो आरोपियों ने उल्टा उस पर झूठे आरोप लगाए और झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी। परिवादी ने आरोप लगाया कि तीनों ने आपसी साजिश के तहत उसे ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल करण सिंह को सौंपी गई है।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

क्रमांक: - राजकाज रेफ नम्बर 24965532 दिनांक: 09.10.2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री राकेश पाहुजा पुत्र श्री फिरंगी लाल ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर, मकान संख्या 289/564 गली नम्बर 07 इन्द्रा कॉलोनी श्रीगंगानगर पैमायशी 25 गुणा 45 फीट पश्चिम दिशा की तरफ खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकॉर्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 210732 यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 564 इन्द्रा कॉलोनी श्रीगंगानगर का पट्टा शहरी जमीबन्दी के आधार पर आवासीय प्रयोजनार्थ बरहम्मा देवी पत्नी श्री सोहनवीर सिंह के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार बरहम्मा देवी पत्नी श्री सोहनवीर सिंह का देहांत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। संलग्न वारिस प्रमाण पत्र अनुसार वारिस 1. सोहनवीर सिंह पति 2. योगेन्द्र पाल सिंह पुत्र 3. नरेन्द्र चौधरी पुत्र 4. सतेन्द्र पाल सिंह पुत्र। सोहनवीर सिंह, नरेन्द्र चौधरी एवं सतेन्द्रपाल सिंह ने जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 17.01.2022 द्वारा मकान संख्या 289/564 गली नम्बर 07 इन्द्रा कॉलोनी श्रीगंगानगर पैमायशी 25 गुणा 45 फीट पश्चिम दिशा की तरफ खुलता हुआ में से प्रत्येक का 1/4 भाग कुल 3/4 भाग श्री योगेन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व श्रीमती बरहमा देवी पत्नी श्री सोहनवीर सिंह के हक में छोड़ दिया। श्री योगेन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व श्रीमती बरहमा देवी पत्नी श्री सोहनवीर सिंह ने जरिये पंजीकृत विक्रय संलेख पत्र दिनांक 08.11.2024 द्वारा मकान संख्या 289/564 गली नम्बर 07 इन्द्रा कॉलोनी श्रीगंगानगर पैमायशी 25 गुणा 45 फीट पश्चिम दिशा की तरफ खुलता हुआ श्री राकेश पाहुजा पुत्र श्री फिरंगी लाल को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। **आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

2047 तक आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा देश : गिरिराज

मुंबई। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश की उपलब्धियों के बजाय नकारात्मक मुद्दों पर अधिक ध्यान देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने के लक्ष्य की सराहना करते हुए कहा कि देश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पुणे में बातचीत के दौरान गिरिराज सिंह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में करीब 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम हुआ है। उन्होंने बिहार में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार में बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है और कई जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पास विकास का स्पष्ट रोडमैप नहीं था। गिरिराज सिंह ने कपड़ा उद्योग को लेकर कहा कि महाराष्ट्र और पुणे क्षेत्र में कपास उत्पादन, हथकरघा और हस्तशिल्प की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि भारत का लक्ष्य 2030-31 तक कपड़ा क्षेत्र का बाजार 350 अरब डॉलर तक पहुंचाना है, जिसके लिए इस क्षेत्र को और मजबूत किया जा रहा है।



जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर घर से किया अगवा, ढाब पर ले जाकर बरछी से हमला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर एक युवक को घर से जबरन उठाकर ले जाने और सुनसान जगह पर ले जाकर बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने युवक की पीठ पर बरछी से वार किए तथा उसके सिर, आंख, नाक, कान और दोनों पैरों पर गंभीर चोटें पहुंचाईं। मारपीट के बाद युवक को बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। आरोपियों पर युवक के गले से करीब छह तोले की चांदी की चेन, 45 हजार 600 रुपए और मोबाइल फोन छीनने का भी आरोप है। इस संबंध में रावतसर पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, हनुमानगढ़ टाउन थाना क्षेत्र के गांव लखूवाली निवासी मोहम्मद शरीफ (45) पुत्र सदीक खां ने रिपोर्ट दी कि उसके धर्मभाई दुलीचंद की पुत्री सुनीता पत्नी गोविन्द शर्मा निवासी वार्ड नंबर 28, संजय बस्ती, रावतसर के एक वर्षीय बेटे नीरज का 19 नवम्बर को जन्मदिन था। जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए सुनीता ने परिवादी के पुत्र जहूरुद्दीन को अपने घर बुलाया था। जहूरुद्दीन सरदारशहर में नाई का काम करता है। वह 19 नवम्बर की देर शाम करीब 7.30 बजे सुनीता के घर पहुंचा था। इसी दौरान हंसराज पुत्र रूपराम, सुमित पुत्र जगदीश निवासी लखूवाली तथा विष्णु पुत्र दुलीचंद, लवप्रीत पुत्र गेजा सिंह और रामा सिंह निवासी रावतसर सहित दो-तीन अन्य व्यक्ति एकराय होकर सुनीता के घर में घुस गए। सभी ने जहूरुद्दीन को जबरन घसीटकर घर से बाहर निकाला और सुमित की मोटर साइकिल पर डालकर ढाब की तरफ अंधेरे में ले गए। वहां सभी ने जहूरुद्दीन के साथ बेरहमी से मारपीट की। हंसराज और सुमित ने उसकी पीठ पर बरछी से वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा दोनों पैरों, सिर, आंख, नाक और कानों पर भी चोटें पहुंचाई गईं। इसी दौरान मोहल्ले के लोग और आदिल पुत्र सफी मोहम्मद मौके पर पहुंच गए। आदिल ने शोर मचाया तो आरोपी जहूरुद्दीन को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए। इसके बाद मोहल्लेवासियों और आदिल ने घायल को राजकीय अस्पताल रावतसर पहुंचाया, जहां गंभीर हालत देखते हुए उसे हनुमानगढ़ रेफर कर दिया गया।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा - 390007
कॉर्पोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारक(कों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के एवज में लिए गए ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए नोटिस जारी किया गया था।
देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी 23 दिसंबर 2026 को की जाएगी। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में, सभी नियम एवं शर्तें संबंधित कानूनी वारिस(यों) पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	ग्राहक का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम: आऊ		आईसीआईसीआई बैंक लि., तहसील कार्यालय के सामने, नागौर रोड, गाँव आऊ, तहसील फलौदी, जिलाः जोधपुर, राजस्थान - 342311
737657000220	मनीषा मनीषा	
शाखा का नाम: अजमेर वैशाली नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्लॉसम शॉपिंग सेंटर, वैशाली नगर, अजमेर - 305001
680857015076	सत्येन्द्र सिंह तंवर	
शाखा का नाम: अजमेर-बी के कौल नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., डी.के. हाइट्स, बी.के. कौल मेन रोड, अजमेर, राजस्थान - 305004
565557000014	हामा हामा	
शाखा का नाम: बांदनवाड़ा		आईसीआईसीआई बैंक लि., कुमावत भवन, NH79, बांदनवाड़ा, तहसील केकड़ी - 305621
681057015310	महावीर सिंह	
681057015314	महावीर सिंह	
शाखा का नाम: बांसी		आईसीआईसीआई बैंक लि., बस स्टैंड, बांसी बड़ीसादड़ी तहसील - 312401
665762601966	नाना लाल चौधरी	
शाखा का नाम: बड़ी सादड़ी		आईसीआईसीआई बैंक लि., झाला मन्ना सर्कल, उदयपुर रोड, रेलवे स्टेशन के पास, बड़ी सादड़ी, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312403
665957015210	बाबू लाल वैष्णव	
शाखा का नाम: बस्सी		आईसीआईसीआई बैंक लि., सराफ कॉलोनी, बस्सी, जिला जयपुर - 303301
064862002730	गोपाल एनए	
शाखा का नाम: भदसोरा		आईसीआईसीआई बैंक लि., सरकारी अस्पताल के पास, मेन रोड, भदसोरा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312024
666257015299	लक्ष्मी लाल मेनारिया	
शाखा का नाम: भरतपुर मथुरा गेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्रिज टिम्बर स्टोर के सामने, कानी गुर्जर सर्कल, ओल्ड बाग रोड, भरतपुर, राजस्थान - 321001
685657015292	कुसुमेन्द्र सिंह	
शाखा का नाम: भरतपुर-कुम्हेर गेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., सर्कुलर रोड, कुम्हेर गेट, भरतपुर, राजस्थान - 321001
722057000246	हरिओम नारंग	
शाखा का नाम: बीकानेर, कोटे गेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., कोटे गेट, बीकानेर - 334001
670005601502	कुसुम कल्ला	
शाखा का नाम: चक गणेशगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लि., वार्ड नं. 10, प्लॉट नं. 297, गाँव गणेशगढ़, गणेशगढ़ बरानी, जिलाः श्रीगंगानगर, राजस्थान - 335025
670462602492	अमित कुमार	
670457015715	दया शंकर	
शाखा का नाम: चिड़ावा		आईसीआईसीआई बैंक लि., अम्बे टावर, चिड़ावा कोर्ट के पास, जिला झुंझुनूं, राजस्थान - 333026
670557015360	दीपक दीपक	
670557015351	आनंद प्रकाश सैन	
शाखा का नाम: दरीबा		आईसीआईसीआई बैंक लि., हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, दरीबा, जिला - राजसमंद, राजस्थान - 313211
371157000188	ख्याली लाल तेली	
शाखा का नाम: धौलपुर		आईसीआईसीआई बैंक लि., नर्सिंग रोड, टॉप तिराहा, धौलपुर - 328001, राजस्थान
720857000128	अंकित छारी	
720857000339	अंकित छारी	
720857000355	अंकित छारी	
720857000371	अंकित छारी	
शाखा का नाम: गंगानगर-रीको		आईसीआईसीआई बैंक लि., चक 11 एल.एन.पी., खयालावाली, रीको, गंगानगर, राजस्थान - 335041
731957000090	शेर सिंह	
शाखा का नाम: हनुमानगढ़ जंक्शन		आईसीआईसीआई बैंक लि., हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़ - 335512
671057015266	गुरलाल सिंह	
शाखा का नाम: हनुमानगढ़ टाउन		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 244, 245, जनरल मार्केट, नई मंडी, हनुमानगढ़ टाउन, जिला-हनुमानगढ़, राजस्थान - 335513
670957015146	रमेश कुमार	
670957015092	नीरू अरोड़ा	
शाखा का नाम: जयपुर - गिरधर मार्ग		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नं. 32 व 32A, गिरधर मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302017, राजस्थान
676957015087	वैभव बाबूराव भरमल	
शाखा का नाम: जयपुर - कालवाड़ रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. G-6 और G-7, कृष्णा एन्क्लेव-2, गोकुलपुरा, कालवाड़ रोड, जयपुर, राजस्थान - 302012
418157000141	शशि कंवर	
शाखा का नाम: जयपुर - पत्रकार कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 5-6, सीताराम विहार, पत्रकार कॉलोनी, जयपुर, राजस्थान - 302020
430357000049	राजेश कुमार शर्मा	
शाखा का नाम: जयपुर - शिप्रा पथ		आईसीआईसीआई बैंक लि., 33/12, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान - 302020
542157000080	ध्रुव पालीवाल	
542157000083	ध्रुव पालीवाल	
शाखा का नाम: जयपुर आदर्श नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नं. 375/376, बीस दुकान जैन मंदिर के पास, आदर्श नगर, जयपुर, राजस्थान - 302004
674257015098	बाबर अहमद	
शाखा का नाम: जयपुर स्टॉक एक्सचेंज		आईसीआईसीआई बैंक लि., स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, ब्लॉक नं. 4, जे.एल.एन. मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302017
675657015168	देवेन्द्र कुमार शर्मा	
शाखा का नाम: जयपुर, कंवर नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., बग्गा हाउस, कैंवर नगर, जयपुर - 302002
676157015137	अरुण कुमार महलावत	
शाखा का नाम: जयपुर-अम्बाबाड़ी		आईसीआईसीआई बैंक लि., अम्बाबाड़ी शॉपिंग सेंटर, अम्बाबाड़ी, जयपुर - 302039, राजस्थान
733657000031	शालिनी बसंत पाठक	
शाखा का नाम: जयपुर-वैशाली नगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, सौरव टावर्स, प्लॉट नं. C2, सी ब्लॉक, वैशाली नगर, जयपुर - 302021
023557000188	सुमित कुमार	
023557000189	सुमित कुमार	
शाखा का नाम: जेतारन		आईसीआईसीआई बैंक लि., निमाज रोड, जैतारण, जिला पाली, राजस्थान - 306302
379157000095	जयराम रेबारी	
शाखा का नाम: कापरेन		आईसीआईसीआई बैंक लि., शिव नगर, कोटा लाखेरी रोड, जिलाः बूंदी, कापरेन - 323301, राजस्थान
686862606813	मोनिका कुमारी मीणा	
शाखा का नाम: किशनगढ़ - कानपुर		आईसीआईसीआई बैंक लि., फव्वारा चौराहा, दही खेड़ा रोड के सामने, खानपुर (राजस्थान) - 326038
434557000394	भँवर सिंह	
शाखा का नाम: किशनगढ़-मदनगंज		आईसीआईसीआई बैंक लि., खसरा नं. 432/1, आर.के. मार्बल के पास, मार्बल मंडी, मकराना रोड, किशनगढ़ - 305801, राजस्थान
772557000129	रामराज गुर्जर	
शाखा का नाम: मदनगंज		आईसीआईसीआई बैंक लि., अग्रसेन भवन के सामने, मदनगंज, किशनगढ़, जिलाः अजमेर, राजस्थान - 305801
683857015310	शिवराज जाट	
शाखा का नाम: कोटा		आईसीआईसीआई बैंक लि., 18, झालावाड़ रोड, कोटा, राजस्थान - 324007
018457000794	सीमा जैन	
018457000855	सीमा जैन	
शाखा का नाम: लाखेरी		आईसीआईसीआई बैंक लि., नांदवाला स्टेशन रोड, बॉटम लेवल, लाखेरी इंद्रगढ़ तहसील, जिला बूंदी, राजस्थान - 323603
686862606637	रणवीर मीणा	
686862606455	हेमराज मीणा	
शाखा का नाम: मोही		आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राम पंचायत भवन, मोही मेन रोड, तहसील कांकरोली, जिलाः राजसमंद, राजस्थान - 313324
668462601398	अय्यूब मोहम्मद	
शाखा का नाम: नागौर-स्टेशन रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., किले की ढाल, स्टेशन रोड, नागौर, राजस्थान - 341001
671862603390	धर्मा राम	
शाखा का नाम: नाथद्वारा		आईसीआईसीआई बैंक लि., नंद हरि चैंबर्स, इंदिरा रोड, नाथद्वारा, जिला राजसमंद, राजस्थान - 313301
668557015164	हेमंत श्रीमाली	
668557015198	हेमंत श्रीमाली	
शाखा का नाम: नोखा		आईसीआईसीआई बैंक लि., कंकरिया कटला, बीकानेर रोड, नोखा, जिला बीकानेर, राजस्थान - 334803
079457000179	पप्पू राम	
शाखा का नाम: पदमपुर		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 45, पुरानी धान मंडी, पदमपुर, श्रीगंगानगर - 335041, राजस्थान
672362604853	जगप्रीत सिंह	
शाखा का नाम: फुलेरा		आईसीआईसीआई बैंक लि., A-7 राठौड़ कॉम्प्लेक्स, न्यू कॉलोनी, फुलेरा, जिला-जयपुर, राजस्थान - 303338
427062000293	हरि राम	
शाखा का नाम: पिलानी		आईसीआईसीआई बैंक लि., दिव्या कॉम्प्लेक्स, चौधरी अस्पताल के पास, राजगढ़ रोड, पिलानी, जिला झुंझुनूं, राजस्थान - 333031
153857000251	विनय मेहरा	
शाखा का नाम: रायसिंहनगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 71, पुरानी धान मंडी, रायसिंहनगर, जिला-श्रीगंगानगर, राजस्थान - 335051
175062005842	समदीप सिंह बरार	
शाखा का नाम: रतनगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लि., लिंक रोड, रतनगढ़, जिला-चूरू, राजस्थान - 331022
360857000205	रमजान खान	
शाखा का नाम: रावतभाटा-झालरबावड़ी		आईसीआईसीआई बैंक लि., 22, प्रताप नगर, चारभुजा, झालरा बाड़ी, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 323307
159857000275	लवलीन मारू	
शाखा का नाम: रावतसर		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नं. 71, सेक्टर-धम्मंडी, रावतसर, जिला-हनुमानगढ़, राजस्थान - 335524
672557015682	प्रवीण एनए	
शाखा का नाम: सिंघाना		आईसीआईसीआई बैंक लि., बस स्टैंड, सिंघाना - 333516
673157015474	अनिल कुमार शर्मा	
शाखा का नाम: श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., 35/37 मुआल बिल्डिंग, NH15, न्यू क्लॉथ मार्केट के पास, सूरतगढ़ रोड, श्रीगंगानगर - 335001, राजस्थान
670757015193	अमृतपाल सिंह	
शाखा का नाम: पुणे-विश्रांतवाड़ी		आईसीआईसीआई बैंक लि., सुनंदा अपार्टमेंट, विश्रांतवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र - 411015
337357000287	वैभव बाबूराव भरमल	

नीलामी उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित पतों पर एवं तिथियों को आयोजित की जाएगी। समयः दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी के तरीके को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखा/शाखाओं में जा सकते हैं।
दिनांकः 23.11.2026
स्थानः अजमेर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर, जयपुर, नागौर, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, राजसमंद, हनुमानगढ़, फलोदी, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, ब्यावर

भवदीय, हस्ता./- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

गांव रोड़ांवाली की आरती राव ने अंतर विवि क्रॉस कंट्री में जीता स्वर्ण पदक

गांव पहुंचने पर स्वागत के साथ निकाली विजय रैली

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गांव रोड़ांवाली की प्रतिभाशाली एथलीट आरती राव ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर हनुमानगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। मंगलौर यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में आरती ने अलवास महाविद्यालय मंगलौर की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। आरती की इस शानदार सफलता से गांव रोड़ांवाली सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। आरती की उपलब्धियों का सिलसिला लगातार जारी है। इससे पूर्व गत माह जयपुर में आयोजित अंडर-23 राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी उसने 10 किलोमीटर दौड़ में रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। लगातार राष्ट्रीय और अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर आरती ने लंबी दूरी की दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। अखिल भारतीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर रविवार को हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचने पर आरती राव और उसके कोच सुनील सामरिया का ग्रामीणों तथा बाबा सोमनाथ स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने स्वागत किया। इस दौरान फूलमालाएं पहनाकर दोनों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद गांव रोड़ांवाली में विजय रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों ने आरती की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उसका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी देश व क्षेत्र का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। विजय रैली में गांव के सरपंच देवेंद्र जांगू, भाट समाज अध्यक्ष रामप्रताप, मांगीलाल राव, वंशो देवी सहित कई ग्रामीण, युवा और स्थानीय खिलाड़ी मौजूद रहे। सरपंच देवेंद्र जांगू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आरती का अभिनंदन करते हुए उसकी सफलता को पूरे गांव के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। आरती के कोच सुनील सामरिया ने बताया कि आरती पिछले आठ वर्षों से एथलेटिक्स में लंबी दूरी की दौड़ का नियमित अभ्यास कर रही है। निरंतर मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के चलते उसने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आरती ने अपने परिश्रम और लगन से प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। उसकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कोच सामरिया ने बताया कि वे 'नशा हटाओ, दौड़ लगाओ' मुहिम के तहत दर्जनों युवाओं को खेलों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आरती ने सोमनाथ स्पोर्ट्स क्लब सहारनी के तत्वावधान में अभ्यास और खेल गतिविधियों से जुड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। ग्रामीणों ने आरती की सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की आवश्यकता जताई।



ढाणी और घर में घुसकर महिला से मारपीट, कुल्हाड़ी व लाठियों से हमला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। खेत की ढाणी में घुसकर महिला पर कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला करने तथा बाद में गांव स्थित उसके घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने महिला के बाल पकड़कर उसे घर से बाहर गली में घसीटा और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। न्यायालय के इस्तगासे पर टाउन पुलिस थाना में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, भोमपुरा निवासी सोना देवी पत्नी विकास मेघवाल ने न्यायालय में इस्तगासा पेश कर बताया कि उसकी बहन पार्वती की शादी भी उसके ससुराल पक्ष में ही हुई है और वह अपने पति के साथ चक 20 एजी में खेत की ढाणी में रहती है। पीड़िता अपने पति और बच्चों के साथ भोमपुरा गांव में रहती है। उसके खेत के पड़ोस में उसके चाचा ससुर के बेटे श्रवण की जम

न्यूज इन ब्रीफ

हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने पदों से दिया इस्तीफा

सीमा सन्देश# संगरिय। कांग्रेस प्रत्याशी की चुनाव में हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति एवं पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार बारूपाल ने अपने पदों से त्यागपत्र दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पत्र लिखकर अपने निर्णय से अवगत करवाया है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि पंचायत समिति के जोन संख्या 13 से कांग्रेस प्रत्याशी की हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए वे जिला कांग्रेस कमेटी (एससी) के उपाध्यक्ष तथा पंचायती राज संगठन संगरिया के ब्लॉक अध्यक्ष पद का त्याग कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि पदों से इस्तीफा देने के बावजूद वे आम कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी के हित में सदैव कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अपना त्यागपत्र 20 नवंबर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को प्रेषित किया है।



4.21 लाख की माला पहनाकर किया सम्मान



सीमा सन्देश # टोपरियां। जबरासर में सरपंच चुनाव में पराजित युवा किसान प्रत्याशी नरेश कुमार ढाका का रविवार को ढाका परिवार एवं ग्रामवासियों ने भव्य सम्मान किया। उन्हें कुल 4 लाख 21 हजार रुपए की माला पहनाई गई। इसमें ढाका परिवार की ओर से 2 लाख 21 हजार रुपए की माला शामिल रही। ग्रामीणों ने उन्हें सोने की मूर्ति और चांदी की चेन भी भेंट की। सम्मान से अभिभूत नरेश ढाका ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीणों का स्नेह और विश्वास उनकी अनमोल पूंजी है। वे गांव के विकास और मान-सम्मान के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।

बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा

सीमा सन्देश # टोपरियां। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पीएचसी टोपरिया क्षेत्र के सात गांवों में 2192 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। अभियान सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चला। नवनिर्वाचित सरपंच राममूर्ति प्रेमसिंह गोदारा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चे को दवा पिलाकर शुभारंभ किया। हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश सहू ने बताया कि टोपरिया, थालड़का, ढंढेला, भगवान, देईदास, ढाणी लालखां और भुकरका में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को खुराक दी गई। वंचित बच्चों को सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी।

विद्यार्थियों ने गोगामेड़ी विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

सीमा सन्देश # बरवाली। व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोहर के विद्यार्थियों ने महंत रूपनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगामेड़ी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान वर्ग की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। भ्रमण का उद्देश्य किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रमसिंह एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने इस पहल को विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

पोलियो की दो बूंद पिलाई

बरवाली। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बरवाली, रामगढ़, गोगामेड़ी, राजपुरिया सहित आसपास के गांवों में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। टीमों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। अभियान के दौरान दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार का संदेश दिया गया।

एनआई एक्ट के 1875 प्रकरण किए गए थे रैफर, जिला मुख्यालय सहित तालुका स्तर पर गठित की गईं 11 बेंच

विशेष लोक अदालत में 75 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण, 20 लाख के अवॉर्ड पारित

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को एडीआर भवन में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश तनवीर चौधरी के निर्देशन तथा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर प्रो-बोनो की 11 बेंचों का गठन किया गया। जिला मुख्यालय पर गठित बेंच संख्या एक में गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया अध्यक्ष तथा अधिवक्ता संतोष सिंह भाटी सदस्य रहे। वहीं बेंच संख्या दो में सेवानिवृत्त न्यायाधीश अमरचन्द सिंघल अध्यक्ष एवं प्रो-बोनो अधिवक्ता इमरान सदस्य नियुक्त किए गए। प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने बताया कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से एनआई एक्ट से संबंधित प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामे से निस्तारण करवाकर विवादों का अंतिम रूप से निपटारा किया जा सकता है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तालुका विधिक सेवा समिति के समक्ष सादे कागज पर आवेदन करना होता है। इस प्रक्रिया में कोई कोर्ट फीस नहीं लगती।



सुलह के माध्यम से विवाद का निपटारा

प्राधिकरण की ओर से विपक्षी पक्ष को नोटिस जारी कर समझाइश एवं सुलह के माध्यम से विवाद का निस्तारण करवाने का प्रयास किया जाता है। इस लोक अदालत में विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ऋण संबंधी प्री-लिटिगेशन तथा लंबित एनआई एक्ट के प्रकरण शामिल किए गए। बेंच अध्यक्षों एवं सदस्यों ने बैंक प्रतिनिधियों और पक्षकारों के बीच समझाइश करवाकर राजीनामे के प्रयास किए। इसके परिणामस्वरूप हनुमानगढ़ न्यायक्षेत्र में रैफर किए गए कुल 1875 प्रकरणों में से 75 प्रकरणों का आपसी राजीनामे से निस्तारण करवाया गया तथा करीब 20 लाख रुपए के अवॉर्ड पारित किए गए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

डोटासरा की अध्यक्षता में बैठक, 5 महिला दावेदारों के नामों पर चर्चा

जिला प्रमुख पद के लिए मंथन तेज, शबनम गोदारा दावेदारी में आगे

अभिमन्यु पूनिया की गैरमौजूदगी भी रही चर्चा का विषय

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज चुनाव में शानदार सफलता हासिल करने के बाद कांग्रेस अब जिला परिषद और पंचायत समितियों में सत्ता की कमान संभालने की तैयारी में जुट गई है। जिला प्रमुख और प्रधान पदों पर चयन को लेकर पार्टी में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में जयपुर में हनुमानगढ़ जिले के कांग्रेस नेताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रमुख और विभिन्न पंचायत समितियों के प्रधान पदों के संभावित दावेदारों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया की अनुपस्थिति राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी रही। पंचायतीराज चुनाव में कांग्रेस की सफलता के बाद जिला मनीष मक्कासर, एमडी चोपदार, सांसद कुलदीप इंदौरा, विधायक अमित चाचाण, विनोद गोठवाल, सुनील लारा तथा भूपेंद्र चौधरी सहित पार्टी के प्रमुख नेताओं ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की।



पंचायत समितियों के प्रधान पदों पर भी कवायद जारी

बैठक में जिला प्रमुख पद के अलावा विभिन्न पंचायत समितियों के प्रधान पदों के संभावित दावेदारों और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चा की गई। कांग्रेस के सामने जिला परिषद के साथ पंचायत समिति स्तर पर भी संतुलन कायम करने की चुनौती है। पार्टी नेतृत्व की कोशिश होगी कि निर्वाचित सदस्यों, स्थानीय नेताओं और संगठन के बीच समन्वय बनाते हुए पदों का वितरण किया जाए। अब जिले की राजनीति में प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के अगले निर्णय पर नजरें टिकी हैं। जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान पदों पर होने वाला चयन कांग्रेस के भीतर नेतृत्व और शक्ति संतुलन की तस्वीर भी स्पष्ट करेगा। चुनाव में भाजपा को पीछे छोड़कर कांग्रेस ने ग्रामीण राजनीति में अपनी ताकत दिखाई है, लेकिन जीत के जनादेश को संतुलित नेतृत्व और सत्ता के सफल संचालन में बदलना पार्टी के लिए अगली अहम परीक्षा होगी।

जिला प्रमुख पद के लिए पांच महिला दावेदारों के नाम

बैठक में जिला प्रमुख पद को लेकर पांच महिला दावेदारों के नाम सामने आए। इनमें शबनम गोदारा, जश्नजोत कौर, रेणु जांगू, सोनिया मक्कासर, अनीता देग के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। दावेदारों की संख्या से स्पष्ट है कि पार्टी नेतृत्व के सामने चयन को लेकर कई विकल्प मौजूद हैं, लेकिन सर्वसम्मति बनाने की चुनौती भी कम नहीं है। राजनीतिक और संगठनात्मक अनुभव तथा क्षेत्र में सक्रियता के लिहाज से शबनम गोदारा को फिलहाल दावेदारी की दौड़ में मजबूत माना जा रहा है। हालांकि, अंतिम निर्णय निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों की राय, क्षेत्रीय समीकरणों और पार्टी नेतृत्व के विचार-विमर्श के बाद ही सामने आएगा। चयन प्रक्रिया में जातीय एवं क्षेत्रीय संतुलन, सदस्य समर्थन और वरिष्ठ नेताओं की सहमति भी अहम भूमिका निभा सकती है।

मुख्य बाजार से गुजर रहे ओवरलोड वाहन, हादसों का मंडरा रहा खतरा

सुबह-शाम लगता है जाम, राहगीरों व वाहन चालकों को होती है परेशानी



सीमा सन्देश # थालड़का। थालड़का-रावतसर-नोहर मार्ग पर ओवरलोड वाहनों का बेखौफ संचालन राहगीरों और आमजन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। थालड़का के मुख्य बाजार से दिनभर गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विशेषकर सुबह और शाम के समय बाजार में इन वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

आमजन को मिले राहत

मुख्य बाजार में पहले से ही वाहनों और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में ओवरलोड वाहनों के गुजरने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। कई बार वाहन चालकों को रास्ता मिलने में परेशानी होती है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहता है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मुख्य बाजार से ओवरलोड वाहनों के संचालन के लिए समय निर्धारित किया जाए। भीड़भाड़ के समय इन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए, ताकि बाजार में जाम की समस्या से राहत मिले और आमजन सुरक्षित आवागमन कर सके। लोगों का कहना है कि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

---

16 पदों पर होगी नियुक्ति

हनुमानगढ़। विद्या संबल योजना के द्वितीय चरण में जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र के सात विद्यालयों में गेस्ट फैकल्टी के 16 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कड़ेला के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 23 से 25 नवंबर दोपहर 12 बजे तक संबंधित विद्यालय में आवेदन कर सकेंगे। वरीयता सूची शैक्षणिक योग्यता के 75 और प्रशैक्षणिक योग्यता के 25 प्रतिशत अंकों के आधार पर बनेगी। साक्षात्कार नहीं होगा तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्राथमिकता मिलेगी। कक्षा 11वीं और 12वीं के प्राध्यापकों को 400 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से अधिकतम 30 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। अंतिम चयन सूची का अनुमोदन 4 दिसंबर को होगा। नियुक्तियां 31 मार्च 2027 तक अस्थाई रहेंगी।

समाज को एकजुट होकर सेवा कार्य आगे बढ़ाने का आह्वान



सीमा संदेश # संगरिया। रविवार को आयोजित समारोह में सिंधी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगदीश सिंधी ने पद एवं गपनीयता की शपथ ली। उन्हें समाज के सरंक्षक डाल चंद माव ने शपथ दिलाई। समारोह में अध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों–उपाध्यक्ष गोविन्द दामानी , कोषाध्यक्ष मनीष बदरा, सचिव-निर्मल जोईसर ने भी जिम्मेदारी संभाली। अध्यक्ष जगदीश जोईसर ने कहा, समाज ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन और जरूरतमंदों की सहायता मेरी प्राथमिकताओं में रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाल चंद माव, लाल चंद कटारिया, जीवत जोईसर, मोहन लाल खन्ना, छगन कटारिया, नारायण मंगा ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए समाज को एकजुट होकर सेवा कार्य आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु, व समाज के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जगदीश जोईसर व उनकी कार्यकारणी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर हुआ मंथन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वी-सेवन 2026 आयोजित हुई। इसमें आर्थिक विकास, रोजगार, सामाजिक कल्याण, सतत विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजाराम चोयल ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति पर नियंत्रण की आवश्यकता जताई।

गुड़िया ग्राम पंचायत की नवनियुक्त सरपंच ममता ने संभाला पदभार

सीमा सन्देश # बरवाली। गुड़िया ग्राम पंचायत की नवनियुक्त सरपंच ममता पुत्री ओमप्रकाश बिजारणियां ने रविवार को सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। समारोह में निवर्तमान सरपंच मनीराम नायक, फेफाना सरपंच मानसिंह बिजारणियां, पूर्व प्रधान उर्मिला बिजारणियां, जसाना सरपंच लोकेश सहारण, रामगढ़ सरपंच बलिंद्र भांभू, पदमपुरा सरपंच बलवीर सहारण, चारणवासी सरपंच सुभाष भांभू, ललाना सरपंच प्रतिनिधि देवीलाल सहारण, इनेलो नेता जयवीर गोदारा, ममता के पिता ओमप्रकाश बिजारणियां, रमेश पेशकार सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त सरपंच ममता ने सभी का आभार जताते हुए ग्राम पंचायत के विकास के लिए कार्य करने और ग्रामीणों को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया।



महिलाओं ने विधि-विधान से निभाई तुलसी विवाह की रस्में

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन की बरकत कॉलोनी स्थित श्री फाटक गौशाला के सांवरिया सेठ मंदिर में शनिवार को महिला सत्संग मंडल की ओर से तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। पंडित राधेश्याम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और विवाह की रस्में संपन्न करवाईं। महिलाओं ने सामूहिक आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। सरला गर्ग ने तुलसी विवाह के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। गौशाला अध्यक्ष मुरलीधर गर्ग ने बताया कि 24 नवंबर को पूर्णिमा पर शाम 5 बजे से 11 हजार संकल्पित दीपदान का आयोजन होगा।

अधिकांश पंचायतों में भाजपा जीती, कई में पिछड़ी

सीमा सन्देश # चारणवासी। फेफाना उप तहसील क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने सरपंच पद पर जीत दर्ज की, लेकिन पंचायत समिति के कई ब्लॉकों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। चारणवासी से सुभाषचन्द्र भांभू, मलवानी से मनीष डूडी, फेफाना से मानसिंह बिजारणियां और रतनपुरा से जेता बाई सरपंच निर्वाचित हुए। चारणवासी-मलवानी के ब्लॉक नंबर 31 और रतनपुरा के ब्लॉक नंबर 32 में भाजपा ने जीत दर्ज की। वहीं चक 16-17 केएनएन में भाजपा के हेतराम बिजारणियां सरपंच बने, लेकिन ब्लॉक नंबर 34 से कांग्रेस के रामकुमार विजयी रहे। जसाना में भाजपा के लोकेश सहारण सरपंच चुने गए, जबकि ब्लॉक नंबर 33 से माकपा की सुखी देवी जीतीं। गुड़िया में भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश बिजारणियां की बेटी ममता सरपंच बनीं, लेकिन ब्लॉक नंबर 28 से कांग्रेस के शिशपाल विजयी रहे। चुनाव में कई सरपंच प्रत्याशियों ने पार्टी के समर्थन में खुलकर प्रचार नहीं किया। पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने चेताया था कि सरपंच और प्रधान एक ही पार्टी के नहीं होने पर विकास बजट प्रभावित हो सकता है। इसके बावजूद कई ब्लॉक सीटें हारने से क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका है।

ढाका निवास पर आयोजन, पूर्व प्रधान, सरपंच व गण्मान्य लोग पहुंचे

सरपंच मंजू ढाका ने ग्रामीणों से किया संवाद, गांव के विकास का लिया संकल्प

सीमा सन्देश # बरवाली। बड़बिराना में सरपंच मंजू सुभाष ढाका की ओर से ढाका निवास पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान उर्मिला बिजारणिया सहित आसपास के गांवों के सरपंचों, सरपंच प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में अरड़की सरपंच हरिसिंह सुथार, भोगराना सरपंच मनीराम, चक राजासर सरपंच एडवोकेट सुनील, चारणवासी सरपंच सुभाष भाम्भू, देईदास सरपंच राजेंद्र, ढंढेला सरपंच सत्यनारायण, खुईयां सरपंच प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सहू, लाखासर सरपंच प्रतिनिधि जयनारायण, ललाना दिखनादा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश बैनिवाल, ललाना बास नथवानिया सरपंच महावीर खिचड़, पदमपुरा सरपंच बलवीर सहारण, फेफाना सरपंच मानसिंह बिजारणिया, रायसिंहपुरा सरपंच प्रतिनिधि इंद्र सहारण, रामगढ़ सरपंच बलेन्द्र भाम्भू, रतनपुरा सरपंच प्रतिनिधि रोहिताश थोरी एवं सेवानिवृत्त अध्यापक बलवीर ढाका सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर सरपंच मंजू ढाका ने सभी ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि वे समस्त ग्रामवासियों को साथ लेकर गांव के विकास के लिए कार्य करेंगी।



चार विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जाना उच्च शिक्षा का संसार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशालदास विश्वविद्यालय में चार विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कर उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। इसमें जोड़कियां, जंक्शन, रोडांवाली और रावतसर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों, पाठ्यक्रमों, करियर विकल्पों, कौशल विकास और उद्यमिता के बारे में बताया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा, विश्वविद्यालय के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा और आईक्यूएसी निदेशक प्रो. डॉ. अवधेश शर्मा ने विद्यार्थियों को भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने तथा तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक ज्ञान हासिल करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने शिक्षक, रेलवे, सेना, बीएसएफ और पुलिस में करियर बनाने की इच्छा जताई।

नोहर कॉलेज में 7 को होगी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

देश-विदेश के विषय विशेषज्ञ और विद्वान होंगे शामिल


सीमा सन्देश # नोहर। नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर में 7 दिसंबर को प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कॉन्फ्रेंस में सामाजिक रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और विकास की संभावनाओं पर देश-विदेश के विद्वान और विषय विशेषज्ञ मंथन करेंगे। कॉन्फ्रेंस का विषय 'भारतीय दृष्टिकोण : सामाजिक रूपान्तरण, तकनीकी नवोन्मेष और विकास के क्षितिज (उत्तर-मानवीय युग में बहुविषयक परिप्रेक्ष्य : परम्परा, प्रौद्योगिकी, रूपान्तरण और नवाचार का अन्वेषण)' रखा गया है। इसका आयोजन भौतिक और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सरोज न्यौल ने बताया कि कॉलेज की ओर से यह दूसरी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इससे पहले गत वर्ष भी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय एवं राजस्थान के शिक्षाविदों, प्रोफेसर्स और शोधार्थियों को अपने विचार साझा करने तथा नए शोध और नवाचारों पर चर्चा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध करवाना है। कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में बाहरी विषय विशेषज्ञों, विद्वानों और अकादमिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर महाविद्यालय स्टाफ और शोधार्थियों में खासा उत्साह है।



शोधपत्र प्रस्तुत करने का भी मिलेगा अवसर

प्राचार्या ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में इच्छुक प्रतिभागी शामिल होने के साथ अपने शोधपत्र भी प्रस्तुत कर सकेंगे। इसमें भाग लेने और शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति कॉन्फ्रेंस के ब्रोशर के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा अधिक जानकारी और पंजीकरण संबंधी पूछताछ के लिए डॉ. नरेश भारी एवं डॉ. एकता देवी से संपर्क किया जा सकता है।

वर्ग पहली क्रमांक 7986



ó बायें से दायें:- 1) गत, 17) कार्यान्विति, 18) निरर्थक, 3) बहुत कंजूस, चालाक, 19) मैंडराना, 20) 5) मौक़े पर, 6) झंझट, पूर्वलक्षण, 23) पत्थर के 8) क़िस्म, 10) व्यापार, छोटे टुकड़े, 24) मक्कायात्रा. 13) प्रस्थान, 15) सारा, (उत्तरः अगले अंक में) 16) जानकारी, 17) अव- *पिछली पहेली का उत्तर*

रोध; बाधा, 19) रिश्वत, 20) एक फल, 21) नमक, 22) जन्मदिवस, 25) अस्वीकृत, 26) दुनिया.

ó ऊपर से नीचे:- 1) आजीविकाहीन, 2) भोज, 3) दफ़ा, 4) ठंड, 7) बड़-प्पन, 9) पात्र, 11) नक़द, 12) खारापन, 14) पुनरा-

त	ब	दी	ली		त	ज	र	बा	
क़		ब		अ	क	ड़		द	स
दी		ना	था	ब		ना	क		र
र	स		री		पौ		मा	यू	स
	रा	ज		अ	न	श	न		री
	स	मा	प	न		ल		हा	नि
पे	र	ना		ब	रा	ग	ना		गा
ट्रो			भा	र		म		दे	ह
ल		त	ना	त	नी		से	ना	

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता) 23 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1165 - पोप एलेक्जेंडर तृतीय निर्वासन के बाद रोम वापस लौटे।
1744 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री जान कार्टर ने इस्तीफा दिया।
1890 - इटली में आम चुनाव हुये।
1892 - लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया।
1904 - अमेरिका के सेंट लुईस में तीसरे ओलंपिक खेलों का समापन।
1946 - वियतनाम के हैफ्योंग शहर में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में लगी भीषण आग, छह हजार लोगों की मौत।
1983 - भारत में पहली बार राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ।
1984 - लंदन के व्यस्ततम ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर आग लगने से करीब एक हजार लोग फंस गए थे।
1996- इथियोपिया के एक अपहृत विमान का ईंधन समाप्त होने पर वो हिंद महासागर में जा गिरा. इस विमान में चालक दल सहित कुल 175 लोग सवार थे जिनमें से कम से कम 100 लोग मारे गए।
1997 - साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता निराद सी चौधरी ने अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे किये।
2002 - जी-20 की बैठक नई दिल्ली में शुरू। नाइजीरिया में प्रस्तावित विश्व सुंदरी प्रतियोगिता को लंदन स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया था।
2006 - अमेरिका ने रूस की जेट निर्माण कम्पनी सुखोई से प्रतिबंध हटाया।
2007 - आस्ट्रेलिया में हुए चुनाव में लेबर पार्टी की जीत हुई।
2008- जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दूसरे चरण में 65% वोट डाले गये।
2009 - फिलीपींन्स में 32 मीडियाकर्मियों की हत्या।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एनएनएस) मंगलवार कार्तिक पूर्णिमा को गुरुनानक जयंती है। गेहूं, जौ, जई, काबुली चना, देशी चना, राजमा चित्रा, मोठ, हल्दी, जीरा, अजवायन, दालचीनी, पोस्तदाना, कलौंजी, मगज तरबूज, पीतल, कॉपर, सीसा, सोयाबीन, सरसों, बिनौला व इनके तेल, अरंडी तेल, मैंथा ऑयल, गुड़, चीनी में लाभ तथा मक्की, बाजरा, तुवर, उड़द, मसूर, मटर, ग्वार, ग्वारगम, मूंग, तिल, रीठा, मखाना, धनिया, अंजीर, जायफल, लौंग, कलौंजी, कालीमिर्च, जावित्री, राई, अमचूर, इमली, किशमिमश, कपास, टिटेनियम डाइऑक्साइड, सोडाएश मोम, टिन, निकिल में हानि हो सकती है। भाग्यांक 1-2-3-7 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 7.27 बजे प्रातः के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

23 नवम्बर सोमवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, नक्षत्र - भरणी, योग - वरीयान, करण - गर, दिशाशूल - पूर्व, सूर्योदय 7.04 बजे, सूर्यास्त 5.36

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मेष, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध-तुला, सूर्य-वृश्चिक, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा तथा किसी यात्रा की योजना बन सकती है।

वृषभ : नौकरी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। पारिवारिक मामलों में धैर्य रखें और आर्थिक फैसले सोच-समझकर लें।

मिथुन : नए विचारों को अमल में लाने के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ और पुराने मित्र से कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कर्क : कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

सिंह : किसी पुराने काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें और परिवार के साथ बातचीत में संयम रखें।

कन्या : कार्यक्षेत्र में आपकी सूझबूझ से परेशानियां दूर होंगी। व्यापार में नए संपर्क लाभदायक रहेंगे, लेकिन निवेश में सावधानी बरतें।

तुला : नौकरी में आपके सुझावों को महत्व मिल सकता है। कारोबार में नए अवसर मिलेंगे और परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा।

वृश्चिक : कामकाज में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें और परिवार के सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें।

धनु : मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। व्यापार में लाभ और सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी बढ़ सकती है।

मकर : कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है, लेकिन सूझबूझ से सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा।

कुंभ : नए संपर्क और साझेदारी के काम में सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

मीन : कार्यक्षेत्र में सावधानी से काम करें और दूसरों की गलतियों से बचकर रहें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लें, परिवार का सहयोग मिलेगा।

अपने बच्चे की सुरक्षा में चूक ना होने दें, उन्हें जरूर पिलाएं पोलियो की दवा : जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव

1 लाख 25 हजार 167 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई


हनुमानगढ़


सरदारपुरा जीवन


संगरिया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को हनुमानगढ़ टाउन के शीलापीर के नजदीक जनता क्लिनिक में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर जिला स्तरीय अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा सहित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भी बच्चों को दवा पिलाई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में 1278 से अधिक बूथों पर अभियान संचालित किया गया। रविवार को 1 लाख 25 हजार 167 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जो निर्धारित लक्ष्य 1 लाख 99 हजार 464 का 62.75 प्रतिशत है। इस दौरान 7372 पोलियो वाइल इस्तेमाल की गईं। जिला कलक्टर ने अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन पड़ोसी देशों में मामले सामने आने के कारण सतर्कता जरूरी है। अब 23 व 24 नवम्बर को स्वास्थ्यकर्मियों की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगी। विशेष रूप से गाडिया लौहार, मनिहार, निर्माण श्रमिकों और ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले परिवारों के बच्चों को कवर किया जाएगा।

उत्तमसिंह वाला व कुम्हारावाली ढाणी बूथ पर पिलाई दवा

सरदारपुरा जीवन। भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को उत्तमसिंह वाला एवं कुम्हारावाली ढाणी में पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के अंतर्गत सुबह 8 बजे सरपंच प्रत्याशी सुमन ने दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की शाम 5 बजे तक बूथों पर स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभिभावकों को अभियान के प्रति जागरूक किया।वहीं, कुम्हारावाली ढाणी और उत्तमसिंह वाला स्थित पोलियो बूथ पर दवा निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे देरी से पहुंची, जिसके चलते अभियान की शुरूआत में देरी हुई। बूथ पर पहुंचे अभिभावकों को कुछ समय इंतजार करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम सोमवार को बूथ पर दवा पीने से वंचित रह गए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे।

बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा

संगरिया। एमआर एजुकेशनल एकेडमी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ भाजपा के जिला आईटी संयोजक पारस मिढ़ा ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोमा देवी, सहयोगिनी संतोष, आशा कार्यकर्ता सोनू , एएनएम, राजविंद्र कौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभिभावकों को बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने के लिए जागरूक किया गया।

हरवाला में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

भोमपुरा। निकटवर्ती गांव केहरवाला में रविवार, 22 नवंबर को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। गांव के प्रथम सरपंच विजय गोदारा ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई तथा अभिभावकों को अभियान के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी अभिभावकों से अभियान में सहयोग करने की अपील की।



चारणवासी : बच्चों को पिलाई दवाई



सीमा सन्देश # चारणवासी। रविवार को प्लस पोलियो अभियान के तहत गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में पांच साल तक के बच्चों को दवाई पिलाई गई। अभियान का शुभारंभ नवनिर्वाचित सरपंच सुभाषचन्द्र भांभू ने एक बच्चे को दवाई पिलाकर किया। केंद्र प्रभारी एएनएम छिन्द्रपाल कौर ने बताया कि एक भी बच्चा छूट गया सुरक्षा चक्कर टूट गया की थीम पर मुनादी करवाकर दिन भर 136 बच्चों को दवा पिलाई गई। वंचित बच्चों को दवाई पिलाने के लिए अगले दो दिनों तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी घर-घर व ढाणी-ढाणी जाकर बच्चों को दवाई पिलाएंगी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला- रोशनी देवी, आशा सहयोगिनी मनोहरी व जानकी के अलावा गोविन्द भांभू, ओम सिहाग, रामेश्वरलाल सोलड़ा, सुधीर खीचड़, बलराम मेहरा सहित अभिभावक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, नन्हें मुन्नों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की

टिब्बी। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष तक नन्हें मुन्नें बच्चों को पोलियों रोधी खुराक पिलाई गई। टिब्बी कस्बे के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। पालिकाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, बीसीएमओ डॉ. रितिका पारीक और पार्षद प्रभु राम ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सूरांवाली : पिलाई दो बूंद जिंदगी की

सीमा सन्देश # सूरांवाली। पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को उपस्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) सूरांवाली में पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। अभियान का संचालन एएनएम सुमन कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सरपंच दर्शन सिंह ने अभियान में सहभागिता निभाते हुए अभिभावकों से अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। अभियान में आशा सहयोगिनी परमेश्वरी, सरोज देवी, सहायक मंजु सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहयोगी स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को पोलियो



की दवा पिलाने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की दो बूंद दवा से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो रोधी दवा पिलाना उसे पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

पंचायत समिति चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त, 23 में से 5 पर जीत

सीमा सन्देश # टिब्बी। पंचायत समिति चुनाव के परिणामों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। कुल 23 सीटों में से पार्टी महज 5 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी, जबकि कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अधिकांश सीटों पर कब्जा जमाया। चुनाव परिणामों ने क्षेत्र की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। भाजपा की हार को लेकर राजनीतिक हलकों में मंथन शुरू हो गया है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार भाजपा की हार के पीछे बूथ स्तर पर मजबूत प्रत्याशियों की कमी, संगठनात्मक कमजोरी और स्थानीय कार्यकर्ताओं की नाराजगी प्रमुख कारण रहे। कई गांवों में संगठन मौजूद होने के बावजूद पार्टी प्रभावी उम्मीदवार मैदान में नहीं उतार सकी। वहीं मतदाताओं ने बड़े नेताओं के प्रभाव के बजाय स्थानीय स्तर पर सक्रिय और जनता से जुड़े प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी। स्थानीय स्तर पर भाजपा की हार को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। आलोचकों का मानना है कि अफसरशाही के बढ़ते प्रभाव, भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों और जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी से संगठन कमजोर हुआ। स्थानीय नेतृत्व को पर्याप्त महत्व नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं और पार्टी के बीच दूरी बढ़ी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा को अब बूथ स्तर से संगठन मजबूत करने की जरूरत है। जनता से जुड़े सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर उनकी सुनवाई सुनिश्चित करनी होगी। 23 में से केवल 5 सीटों पर जीत पार्टी के लिए आत्ममंथन का विषय है। समय रहते संगठनात्मक सुधार नहीं किए गए तो आगामी चुनावों में भी चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

होम्योपैथिक शिविर में 30 रोगियों को मिला परामर्श

पीलीबंगा। नगर की समाजसेवी संस्था एकता मंच द्वारा आज नए बस स्टैंड पर होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में डॉक्टर सतीश चंद्र मिश्रा द्वारा 30 रोगियों को परामर्श दिया गया। एकता मंच के पूर्व अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया की संस्था पिछले 30 वर्षों से लगातार हर रविवार होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन नए बस स्टैंड पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक करती है। शिविर में रविवार को प्रदीप गोयल, नितिन एवं गौरव द्वारा सेवाएं दी गई। इस शिविर में चमड़ी रोग, पथरी रोग एवं एलर्जी,पुराना खांसी जुकाम संबंधी रोगों का विशेष रूप से इलाज डॉ सतीश चंद्र मिश्रा द्वारा किया जाता है।

बोले-कार्यकर्ताओं की मेहनत से हनुमानगढ़ में भाजपा का सूपड़ा साफ हुआ

नोहर : पंचायत चुनाव में जीत के बाद डोटासरा से मिले विधायक चाचाण

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत राज चुनाव में नोहर-पल्लू पंचायत समितियों और जिला परिषद में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में नोहर विधायक अमित चाचाण ने शनिवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के विधायक, सांसद और कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने विधायक अमित चाचाण को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ जिले में कांग्रेस की इस शानदार सफलता के पीछे पार्टी कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत और एकजुटता है। कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में जुटकर भाजपा का सूपड़ा साफ करने का काम किया है।



पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने भी पूरे चुनाव के दौरान कड़ी मेहनत कर कांग्रेस को विजय दिलाई। इस दौरान पंचायत राज चुनाव में मिली जीत के बाद जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान पदों को लेकर भी चर्चा हुई। दोनों पदों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों और राजनीतिक समीकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर श्रीगंगानगर सांसद कुलदीप इंदौरा, चुनाव प्रभारी एमडी चोपदार, सह प्रभारी सुनील लारा, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, संगरिया विधायक अभिमन्यु पुनिया,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष मक्कासर, पीसीसी सदस्य भूपेंद्र चौधरी सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।

उदारता : शहीद की बेटी के सिर पर जवानों ने रखा हाथ, अर्धसैनिक संस्था ने किया कन्यादान

अनूपशहर पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, एक लाख का सामान व चांदी का सिक्का दिया

सीमा सन्देश # नोहर।

देश की सरहदों की हिफाजत करते हुए शहीद हुए जवान के परिवार की खुशियों में सहभागी बनकर अर्धसैनिक जवानों ने देशभक्ति और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की। अर्धसैनिक आश्रित सहायता संस्था, नोहर के सदस्यों ने गांव अनूपशहर (भादरा) पहुंचकर शहीद शिव भगवान की बेटी ममता के विवाह में कन्यादान किया। जवानों ने बेटी के सिर पर आशीर्वाद का हाथ रखकर उसे भावुक माहौल में विदाई की शुभकामनाएं दीं। संस्था का प्रतिनिधिमंडल सुबह नोहर से रेलगाड़ी के जरिए ढोल-नगाड़ों के साथ अनूपशहर पहुंचा।



विवाह समारोह में संस्था की ओर से कन्यादान स्वरूप डबल बेड, सोफा सेट, अलमारी, वॉशिंग मशीन, गद्दा, दीवार घड़ी, रूम हीटर और चांदी का सिक्का भेंट किया गया। भेंट किए गए सामान की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है। जवानों के इस आत्मीय सहयोग से विवाह समारोह का माहौल भावुक और गौरवपूर्ण हो गया।

2013 में बीएसएफ में सेवाएं देते हुए शहीद हुए थे शिव भगवान

उल्लेखनीय है कि शहीद शिव भगवान वर्ष 2013 में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सेवाएं देते हुए देश की सीमाओं की रक्षा के दौरान शहीद हो गए थे। उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए संस्था ने उनकी बेटी के विवाह में सहभागी बनकर यह संदेश दिया कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों के परिवार कभी अकेले नहीं हैं। संस्था के महासचिव पूर्णा राम नेहरा ने कहा कि जब पूरा समाज शहीद की बेटी के पीछे खड़ा होता है तो सरहद पर तैनात हर जवान का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। शहीद परिवारों के सुख-दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची देशभक्ति और शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। संस्था के अध्यक्ष ब्रजलाल गोदारा ने कहा कि नोहर-भादरा क्षेत्र के पैरामिलिट्री बलों के प्रत्येक शहीद परिवार की हरसंभव मदद करना संस्था का संकल्प है। इस पहल की नोहर-भादरा क्षेत्र के लोगों और अनूपशहर के ग्रामीणों ने सराहना की। शहीद के परिजनों ने संस्था के सदस्यों का आभार जताया। जवानों ने साबित किया कि शहीदों के परिवार अकेले नहीं हैं। बेटी ममता के विवाह में किया गया यह कन्यादान समाज के लिए प्रेरणा बन गया।

नवसृजित ग्राम पंचायत डूंगरवास की प्रथम सरपंच गीता कंवर ने संभाला पदभार



सीमा सन्देश # भादरा। नवसृजित ग्राम पंचायत डूंगरवास की प्रथम सरपंच गीता कंवर ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संतोष बेनीवाल ने माल्यार्पण कर नवनिर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं दीं। पूर्व सरपंच इकबाल कौर नेहरा ने गीता कंवर का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यभार सौंपा। सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शिक्षा, पेयजल, सफाई सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए ग्राम पंचायत के सभी पंचों के साथ मिलकर समर्पित भाव से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उपसरपंच सुनील कुमार यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद हरिप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह शेखावत, भागचंद जेवलिया, नगर पार्षद सज्जन सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, गोपाल कौशिक, मनीष जांगिड़ रेवाड़ीवाला सहित गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

भाजयुमो के राष्ट्रीय मंत्री शर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के श्रीविजयनगर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनोज रुखाया के नेतृत्व में 28 जीबी पुलिया पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान करौली जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, हनुमानगढ़ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशील जोशी एवं सुदेश पारीक भी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाहर से आए पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत कर संगठन की एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता सतीश बवेजा, नगर मंडल महामंत्री रविशंकर गजरा, नगर मंडल उपाध्यक्ष राकेश मिड्ढा, रतन सारस्वत, शिव लखोटिया, स्वामीनाथ पासवान, प्रिंस मिड्ढा, नरेश रुखाया, लवली रुखाया, अशोक फुलिया सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रीविजयनगर: नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



सीमा सन्देश # सादुलशहर

गुरू पर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरुद्वारा साहिब शिरोमणि भगत बाबा नामदेव जी में संचालन समिति द्वारा साध-संगत के लिए निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्षदीप कौर द्वारा करीब 115 संभावित दंत रोगियों जिनमें बच्चे, किशोर, पुरुष एवं महिलाएं शामिल थी जांच कर दंत रोगों का इलाज किया गया। परामर्श दिया गया। खास बात यह भी रही कि निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। कैंप में साध-संगत ने काफी रूचि दिखाई। डॉ. मुस्कान एवं स्टाफ पूजा, ज्योति ने भी शिविर में रोगियों को अपनी सेवाएं दीं।

दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लोगों ने किया पुलिस के हवाले



सीमा सन्देश# श्रीकरणपुर

वार्ड संख्या 8 गंदे पानी के जौहड़ के निकट बार-बार रोड़ पर पैदल चक्कर लगा रहे दो संदिग्ध युवक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी अनुसार लड़कों के बार-बार चक्कर लगाने पर वार्ड निवासी रामस्वरूप सेठी को युवकों की हरकतों पर संदेह हुआ । इस पर उन्होने स्थिति को भांपते हुए दोनों संदिग्ध युवकों को रोककर उनसे पूछताछ की। इसमें वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। वहीं मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जमां हो गई । जब मोहल्ले के लोगों नें युवकों के आधार कार्ड देखे तो उसके ऊपर श्रीविजयनगर क्षेत्र का पता लिखा हुआ था। गत दिनों क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर व अन्य आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर स्थानीय पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस थाने से एएसआई महावीर प्रसाद और आसूचना के अधिकारी महावीर पुलिस की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। पकड़े गए युवकों से प्राथमिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह तीन लोग श्री विजयनगर क्षेत्र से आए हैं। इस पर तीसरे युवक की तलाश शुरू की। इसे भी नेहरू पार्क के पास आसूचना अधिकारी महावीर ने काबू कर लिया। फिलहाल तीनों युवकों को पुलिस थाना लेजाकर पूछताछ की जा रही है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री अखंड पाठ के भोग के साथ समापन



सीमा सन्देश # सादुलशहर

पटवारी मोहल्ले में स्थापित श्री गुरुद्वारा साहिब शिरोमणि भगत बाबा नामदेव जी में गुरू पर्व के उपलक्ष्य में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का रविवार को श्री अखंड पाठ के भोग के साथ समापन हुआ। मुख्य ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरू ग्रंथ साहिब की हुजूरी में वाहे गुरू से क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख-शांति की अरदास की गई। इसके बाद देग वितरित कर अटूट लंगर बरताया गया। मुख्य सेवादार शिक्षाविद मोहर सिंह सिधू, पूर्व पार्षद जगजीत सिंह जग्गा, व्यापार मंडल के पूर्व प्रशासक सुखविंद्र सिंह लालगढिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इससे पूर्व लगातार लडीवार 25 दिन तक श्री सुखमणि साहिब का पाठ एवं दो बार श्री अखंड पाठ का भोग संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मद्देनजर श्री गुरुद्वारा साहिब को रंग-बिरंगी लडियों एवं फरियों से सजाया गया। कालीन बिछाई गई। कार्यक्रम में सादुलशहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी साध-संगत पहुंची। इस दौरान सुखविंद्र सिंह लालगढिया, अमनदीप सिंह, रूप सिंह, रिपुदमन सिंह, इकबाल सिंह बराड, कुलजिंद्र सिंह, बलजिंद्र सिंह काका, शिवराज सिंह, मिठू सिंह, प्रवेश गोयल, रवि गोयल, जगर सिंह, कुलदीप गोयल, कृष्ण सहारण, पार्षद रणजीत सहारण, कमलजीत सिंह सहित काफी संख्या में साध-संगत मौजूद थी।

गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम, आज निकलेगा नगर कीर्तन

पदमपुर: संध्या फेरी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सीमा सन्देश # पदमपुर

श्री गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को गुरुद्वारा अरोड़वंश साहिब से निकाली गई संध्या फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब की फूलों से सजी पालकी का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



प्रभात फेरियों से भक्तिमय हुआ वातावरण: जयंती समारोह के तहत महिला और पुरुष सेवादारों की ओर से नगर के विभिन्न वार्डों में प्रभात फेरियां निकाली गईं। अमृतवेले 'वाहेगुरु-वाहेगुरु' का जाप करते हुए श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान गुरु नानक देव जी के सर्वोच्च जीवन, उनकी शिक्षाओं और मानवता के संदेश का उल्लेख करते हुए सुख-समृद्धि की अरदास की गई।

23 नवंबर को निकलेगा नगर कीर्तन: गुरुद्वारा साहिब की नवनिर्मित इमारत से 23 नवंबर को पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला जाएगा। गुरुद्वारा साहिब में चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग 24 नवंबर सुबह पड़ेगा। इसके बाद दिन और रात्रि में कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे। कीर्तन दरबार में डॉ. स्वामी रामतीर्थ हरिद्वार वाले, भाई संदीप सिंह, भाई कारणदीप सिंह हेड ग्रंथी और बीबी गगनदीप खालसा सहित अन्य कीर्तनीय जत्थे संगत को गुरु वाणी से निहाल करेंगे। धार्मिक आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

राज्य सरकार जनहित के कार्य करवाने में असफल : जांगिड़

पूर्व विधायक के निवास पर सरपंचों का सम्मान

सीमा सन्देश # सादुलशहर

पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड के वार्ड नंबर तीन में स्थित आवास पर नवनिर्वाचित सरपंचगणों, उप सरपंचों, पंचों का स्वागत एवं सम्मान कर मुंह मीठा करवाया गया। विधायक जांगिड ने कहा कि राज्य सरकार जनहित के कार्य करवाने में असफल होने के साथ-साथ राज्य में कानून व्यवस्था भी ठप होकर रह गई है। सरकार मात्र सच्चाई और सच का साथ देने वालों को दबाने का कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की योजनाओं को बंद करने के काम में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। इसी का परिणाम पंचायत राज चुनाव में देखने को मिला जब भाजपा का सफाया हो गया और कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिला।



इनका हुआ सम्मान: गांव पतली सरपंच राजपाल कौर पत्नी जसविंद्र सिंह, छापांवाली सरपंच एडवोकेट संत कुमार, खाराचक सरपंच बेअंत कौर पत्नी जसकरण सिंह, सरदारपुराजीवन सरपंच बलवीर लूथरा, बनवाली के सरपंच बिशंबरदास, दौलतपुरा के सरपंच अजय कांवलिया, तख्तहजारा बावरियान सरपंच जसवीर कौर पत्नी सतपाल सिंह बावरी, छापांवाली से उप सरपंच सुभाष चंद्र, उप सरपंच सुखपाल सिंह भुल्लर, उप सरपंच कालूराम सेवटा, बनवाली से उप सरपंच सुखराज मेघवाल, दौलतपुरा से उप सरपंच विपुल बेनीवाल का स्वागत कर सम्मान किया।

ये थे मौजूद: इस दौरान पतली से करणी सिंह, अवतार सिंह सरां, गुरजीत सिंह बेनीवाल, जगदीप सिंह, मेजर सिंह, पूर्व सरपंच श्योपतराम, गुरमीत सिंह, निरंजन गिल्होत्रा, कृष्णलाल वर्मा, रायसाहब देवरथ, अमीलाल सौलंकी, सुखराम सौलंकी, नत्थूराम देवरथ, पूर्व उप सरपंच बलराम सांगवाल, बलराम माहर, राजेंद्र कुमार, गोपालराम सांगवाल, खाराचक से बलकरण सिंह खालसा, प्रगट सिंह मान, बलकरण सिंह भुल्लर, मनीराम साउ, गुरतेज सिंह, बलतार सिंह बराड, वकील सिंह बराड, बलदेव सिंह धौंसी, बलदेव सिंह नंबरदार, बलदेव सिंह बराड, डायरेक्टर प्रत्याषी सर्वजीत सिंह बराड, सुखचैन सिंह बराड, सरदारपुराजीवन से अन्नतराम कारगवाल, पूर्व सरपंच भूपेष धामू, महेंद्र छींपा, रघुवीर सहारण, मदनलाल भुरटा, सोहनलाल नायक, करणा सिंह, चंद्रभान जालवाल, धर्मपाल खोखा, राजविंद्र सिंह अध्यापक, सुखपाल सिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र, बलराज सिंह, मनफूलराम, रमेश सेवटा, सुलतान सेवटा, धर्मपाल जलंधरा, दयालाराम, मनोहरलाल, जगदीश दूपका, राम सिंह जलंधरा, मेजर सिंह बराड, संदीप, रामकुमार इंदलिया, राजेंद्र, रामकुमार, डायरेक्टर प्रत्याशी चरणजीत, तख्तहजारा बावरियान से पूर्व उप सरपंच सुरजीत सिंह अक्कू, डॉ. सुभाष शर्मा, मनफूल बुडानिया, राजेंद्र महिया, वेद प्रकाश सहारण, राकेष बेनीवाल, राजेश महला, संदीप सहारण, अनिल गोदारा, रमेश भाटिया, दीपक भाटिया, मोहन सेवडिया, सुनील गोदारा, रविंद्र भाटिया, हिमांशु सुथार, साहिल आलडिया, राजेंद्र कांवलिया, जगदीश बुगालिया, जगदीप सिंह दीपा रामगढिया, अजमेर सिंह, खजान सिंह, पूर्व सरपंच सुरेश बिश्नोई, काका सिंह भुप्पल, हरमीत सिंह सरसुआ आदि मौजूद थे।

अनूपगढ़: सरपंच प्रमिला विष्णु बिश्नोई ने संभाला पदभार



सीमा सन्देश# अनूपगढ़। ग्राम पंचायत 15 एबी की नवनिर्वाचित सरपंच प्रमिला विष्णु बिश्नोई ने रविवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिमला नायक, ग्राम विकास अधिकारी गिरीश कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति पहुंचे और सरपंच को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सरपंच की ओर से राजविलास रिसोर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सरपंच को शुभकामनाएं दीं।

चातुर्मास साधना महायज्ञ का समापन, सादुलशहर को धर्म नगरी का दिया दर्जा

सादुलशहर की एक अलग पहचान : स्वामी राजशेखर

सीमा सन्देश # सादुलशहर

कैंचियां स्थित श्री हनुमान मंदिर गुरू कृपा धाम परिसर में जनकल्याण की भावना से 74 दिवसीय चातुर्मास साधना महायज्ञ का रविवार को हवन-यज्ञ एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी राजशेखर आनंद सरस्वती महाराज ने कहा कि देश के कोने-कोने में धार्मिक कार्यक्रम किए हैं परंतु सादुलशहर की एक अलग पहचान है। अलग ही शानदार भाईचारा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जागरण, अर्द्धजागरण, धार्मिक स्थलों पर धार्मिक कार्यक्रम कहीं न कहीं होते रहते हैं। इससे भी बडी बात है कि श्री सालासर धाम, श्री खाटू श्याम, पल्लू माता मंदिर में श्रधालुओं का आना-जाना बना रहता है। धर्म परायण जनता होने के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के प्रति भी काफी गहरी निष्ठा देखने को मिलती है। भाईचारा जो यहां है वह शायद ही अन्य कहीं हो। उन्होंने अंत में अपनी वाणी से सादुलशहर को धर्म नगरी का दर्जा देते हुए सादुलशहर की मिट्टी को नमन किया। सरस्वती महाराज ने यह भी कहा कि धर्मनगरी के इस पवित्र मंदिर परिसर में पिछले कई दिनों से महाकाल मंदिर का निर्माण चल रहा है, जो करीब छह वर्ष की अवधि में पूर्ण होना है। उन्होंने कहा कि यह महाकाल मंदिर देश में उज्जैन के बाद दूसरा होगा। इसके बाद सरस्वती महाराज ने अपनी कुटिया में प्रवेश किया। इन्होंने डाली यज्ञ में आहुतिः हवन-यज्ञ में आहूति डालने वालों में चेयरमैन प्रतिनिधि आयुष खीचड, व्यापार मंडल के पूर्व संरक्षक सुनील अग्रवाल, वकीलचंद चौधरी, हर्ष बंसल, सहकारी समिति के व्यवस्थापक रामभगत शर्मा, गिरधारी काकडिया, विकास गोयल, योगेश बंसल, बृजमोहन बजाज, सतीश ग्रोवर, वैद्य सुनील गोयल, विजय गोयल, गिरधारी मित्तल, सुखदेव सिंह ढिल्लों, पूर्व पार्षद मनोज सहारण, सुनीता सहारण, राजवीर सहारण, सतीश गर्ग पिंटा, अंजनी सरावगी, युवराज शर्मा, प्रवेश गोयल, अभिषेक सहारण, कुलदीप गोयल आदि शामिल थे।



अनूपगढ़ : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रकाश पर्व को लेकर अखंड पाठ आरंभ

सीमा सन्देश# अनूपगढ़। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा (देहाती) अनूपगढ़ में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया गया। इस अवसर पर संगत ने गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। प्रबंधक कमेटी के अनुसार तथा हेड ग्रंथी हरपाल सिंह ने बताया प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 23 नवंबर को संध्या फेरी निकाली जाएगी। वहीं, 24 नवंबर मंगलवार को श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से हरियाणा से ज्ञानी मक्खन सिंह गिल अपने साथी बलविंदर सिंह संधू और हरजीत सिंह मल्ली के साथ पहुंचेंगे। कविश्री जत्थे द्वारा गुरु इतिहास की कथा सुनाकर संगत को निहाल किया जाएगा। इसके साथ ही गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, अनूपगढ़ हजूरी रागी जत्थे के अलावा भाई जगदीप सिंह जी करण पुरी भी अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा।



रक्तदान शिविर में 102 यूनिट संग्रहित किया



सीमा सन्देश # घड़साना

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन घड़साना द्वारा स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ नगरपालिका सुरतगढ़ संयोजक नरेश नागपाल, अध्यक्ष ज्योति मेघवाल, कांग्रेस महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुमन ज्यानी, पूर्व विधायक पवन दुग्गल पार्षद विनोद पारीक, स्थानीय मुखी सुरेश खाम्बरा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में राजकीय ब्लड बैंक श्री गंगानगर की टीम ने सेवाएं दी। शिविर में कुल 102 सदस्यों ने रक्तदान किया। संत निरंकारी




ब्रांच घड़साना द्वारा 200 यूनिट रक्तदान एकत्रित करने का टारगेट रखा गया था। इस मौके पर अनूपगढ़ रावला घड़साना के सेवादल के भाई-बहन, बच्चे बुजुर्ग उपस्थित रहे व आसपास के क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

सेमेस्टर प्रणाली के बावजूद छात्राओं ने हासिल किए शानदार अंक, छात्राओं ने प्राप्त किए 60 प्रतिशत से अधिक अंक

एमआरएम कॉलेज का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

सीमा सन्देश # निरवाना

चौ. मोटा राम मील मेमोरियल कॉलेज कैंपस निरवाना का सेमेस्टर प्रणाली के बावजूद परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्कृष्ट रहा। महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न कक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। बीए सेमेस्टर प्रथम में आईना ने 87.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, छनसिमर कौर ने 83.80 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और अंजना ने 79.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। बीए सेमेस्टर चतुर्थ में नवलीन कौर 84.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अल्पना 83.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय और रजनीप कौर 83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रही। बीए द्वितीय सेमेस्टर में अवनी ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, भावना ने 79.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और अन्वेषा ने 77.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीएससी सेमेस्टर प्रथम में लाविषा शर्मा 82.20 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सुरीला 79.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय और दीपिका 78.20 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर में नवनीत कौर ने 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मानसी नोख्वल ने 80.40 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और अमनदीप कौर ने 79.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।



बड़ी संख्या में छात्राओं ने हासिल किए अच्छे अंक: बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में गगनदीप कौर ने 82.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यशमिन वर्मा 76 प्रतिशत और सलोनी 75.60 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय और तृतीय रही। महाविद्यालय की 15 छात्राओं ने 80 से 90 प्रतिशत, 96 छात्राओं ने 70 से 80 प्रतिशत और 73 छात्राओं ने 60 से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्था अध्यक्ष चौ. जयमल राम मील और प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार गौड़ ने छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि छात्राएं शिक्षा के साथ खेल और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। संस्थान छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

गर्मी का असर : अगेती सरसों की फसल बचाने के लिए फव्वारों का सहारा



सीमा सन्देश

जानकीदासवाला। क्षेत्र के किसान नरमा-कपास की फसल संभालने के बाद अब गेहूं की बुवाई में जुटे हुए हैं। वहीं, जिन किसानों ने अगेती सरसों की बुवाई की थी, उनकी फसल पर बढ़ते तापमान का असर दिखाई देने लगा है। फसल को बचाने के लिए किसान ट्यूबवेल से फव्वारे चलाकर सिंचाई करने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि नहरों में पर्याप्त पानी नहीं आने से गेहूं की फसल को भी समय पर पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सरसों की फसल को ट्यूबवेल के सहारे पकाना पड़ रहा है, जिससे लागत बढ़ रही है। जिन किसानों के पास सिंचाई के निजी साधन नहीं हैं, उन्हें अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि नवंबर में भी अपेक्षित ठंड नहीं पड़ने से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, नहरों में कम पानी की समस्या हर बार किसानों के लिए चिंता का कारण बन रही है।

न्यूज इन ब्रीफ

एंटी-रैगिंग काउंसलिंग सत्र आयोजित

सीमा सन्देश # बींझबायला। शाह सतनाम गर्ल्स कॉलेज, श्रीगुरुसर मोडिया में यूजीसी के एंटी-रैगिंग दिशानिदेर्शों के तहत एंटी-रैगिंग कमेटी द्वारा काउंसलिंग सत्र एवं कॉलेज परिसर का औचक निरीक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। साथ ही उन्हें रैगिंग विरोधी नियमों, छात्र सुरक्षा और आपसी सम्मान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात कमेटी के सदस्यों ने कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल एवं एंटी-रैगिंग कमेटी की संयोजक जसप्रीत कौर, सहायक आचार्य, लोक प्रशासन के मार्गदर्शन में यह गतिविधि सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

गुरुद्वारा सिंहसभा में 50 यूनिट रक्त संग्रहित

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। श्री विजयनगर सेवा समिति एवं श्री गुरुद्वारा सिंह सभा, श्री विजयनगर के संयुक्त तत्वावधान में गुरु पर्व के पावन अवसर पर रविवार गुरुद्वारा सिंह सभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तपोवन ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 50 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। शिविर के सफल आयोजन में श्री विजयनगर सेवा समिति के जय नारायण जोशी, देवारा राम जाखड़, पंकज दुआ, हरविंदर सिंह, विनोद गेरा एवं देवेंद्र बाल भारती के विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

युवा के सर सजा सरपंची का ताज

कीकरवाली। पंचायत राज चुनावों के दौरान विभिन्न रौनक मामले सामने आए। गांव 42 आर बी का साधारण एवं खाद्य सुरक्षा योजना में जुड़े भगवानाराम मेघवाल ग्राम पंचायत 39 आर बी के नव निर्वाचित सरपंच के रूप में निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित सरपंच भगवानाराम मेघवाल ने बताया कि जन सेवक बनकर जनता की सेवा करुंगा।



ओवरवॉटर विला रिजॉर्ट

यह खूबसूरत तस्वीर मालदीव के एक प्रसिद्ध ओवरवॉटर विला रिजॉर्ट की है। हिंद महासागर में बसा मालदीव अपने क्रिस्टल-साफ फि रोजी नीले पानी, सफेद रेतीले तटों और समुद्र के ऊपर लकड़ी के खंभों पर बने इन आलीशान बंगलों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। तस्वीर में लकड़ी के एक लंबे पुल से जुड़े कई विला दिखाई दे रहे हैं, जो सीधे समुद्र के बीच स्थित हैं। सूर्यास्त के समय गुलाबी, नारंगी और बैंगनी रंगों में रंगा आसमान तथा शांत पानी में झिलमिलाती विला की सुनहरी रोशनी इस दृश्य को बेहद मनमोहक बनाती है। यह स्थान शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और लग्जरी पर्यटन का अद्भुत संगम है।

ग्लोबल न्यूज

ईरान ने बहरीन में अल-रिफा और अवाली ठिकानों पर अमेरिकी सैन्य चौकियों पर किया हमला



ईरान ने कहा है कि उसने बहरीन में अल-रिफा और अवाली ठिकानों पर अमेरिकी सैन्य चौकियों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन से संयुक्त हमला किया है। बहरीन ने कहा कि ईरानी हमले ने सिविलियन इंडस्ट्रियल फैसिलिटी को निशाना बनाया जिससे वहां आग लग गई। बकौल बहरीन, उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कई मिसाइलों और ड्रोनों को रोक दिया।

नथिंग ला रही बिना स्क्रीन वाला एआई डिवाइस, 8 दिसंबर को होगा लॉन्च



टेक कंपनी नथिंग एक स्क्रीनलेस एआई डिवाइस पेश करेगी। सोशल मीडिया पर लीक तस्वीर में यह 2 वेप जैसा दिखता है और इसमें कैमरा फीचर के संकेत मिले हैं। हालांकि, कंपनी ने फीचर्स की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अक पिन और रैबिट R1 की विफलता के बाद यह डिवाइस चर्चा में है। 8 दिसंबर को डिवाइस लॉन्च होगा।

सिग्नल पर अब नहीं ले सकेंगे चैट का स्क्रीनशॉट, जानें कंपनी ने क्यों लगाई पाबंदी



मेसेजिंग ऐप सिग्नल ने मोबाइल ऐप पर स्क्रीनशॉट लेने की सुविधा को सीमित करने का फैसला किया है। इसके पीछे वजह एआई एजेंट्स को बताया गया है जो ऑपरेटिंग सिस्टम के जरिए यूजर की स्क्रीन पर मौजूद जानकारी को पढ़ और कैप्चर कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, इससे निजी बातचीत/संवेदनशील जानकारी दूसरे सिस्टम या सर्वर तक पहुंच सकती है।

8 साल का सफर पूरा कर बुध ग्रह की कक्षा में पहुंचे 2 अंतरिक्षयान, खुलेंगे कई रहस्य



यूरोप और जापान के दो अंतरिक्षयान करीब 8 साल का सफर पूरा कर 21 नवंबर को बुध ग्रह की कक्षा में पहुंच गए। 'बेपीकोलंबो' मिशन के तहत ये अंतरिक्षयान बुध की सतह, आंतरिक संरचना और चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करेंगे। इनसे ग्रह पर मौजूद बर्फ, पुराने ज्वालामुखियों और रहस्यमयी गड्ढों से जुड़े कई सवालों के जवाब मिलने की उम्मीद है।

2 साल के निचले स्तर पर पहुंचा बिटकॉइन, क्रिप्टो मार्केट में क्यों आया भूचाल?



दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 5.10% टूटकर $55,830 पर आ गई है जो सितंबर-2024 के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। अकशेयरों के मुनाफे पर संदेह, एनवीडिया सीईओ का इस्तीफा, मजबूत डॉलर, ब्याज दरों के दबाव और बिटकॉइन एळऋसे $3 बिलियन की निकासी ने बाजार को हिला दिया। इससे 24-घंटे में $2 बिलियन के सौदे लिक्विडेट हुए।

उल्टी करने की कोशिश के दौरान 27 वर्षीय महिला ने गलती से निगल लिया फोर्क



न्यूजीलैंड में एक 27 वर्षीय महिला ने उल्टी करने की कोशिश के दौरान गलती से खाने वाला पूरा फोर्क (कांटा) निगल लिया। जब महिला अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने उसके पेट का एक्स-रे किया जिसमें उसके पेट के अंदर पूरा कांटा दिखाई दिया। डॉक्टरों को उसके पेट से उस कांटे को निकालने के लिए सर्जरी करनी पड़ी।

रूस ने यूक्रेन के किलेबंद ठिकानों पर किया तोप से हमला, वीडियो आया सामने



रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रूसी सेना के 'ईस्ट ग्रुप' ने यूक्रेन के जैपोरोजे में यूक्रेनी सेना के किलेबंद ठिकानों पर भारी तोपों और सेल्फ-प्रोपेल्ड गनों से गोलाबारी की है। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृह नगर क्रिवी रिह में रूसी मिसाइल हमले में 7 साल के बच्चे समेत कम-से-कम 2 लोगों की मौत हो गई थी।

पहला टेस्ट, चौथा दिन : न्यूजीलैंड पर 233 रन की बढ़त, जुरेल ने बनाएं 78 रन


पंत का शतक; भारत ने पहली पारी 720 रन के स्कोर पर डिक्लेयर की

वेलिंगटन।

ऋषभ पंत के शानदार शतक (128) और ध्रुव जुरेल के आक्रामक अर्धशतक (78) की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। भारत ने नौ विकेट पर 720 रन बनाकर पहली पारी घोषित की और 352 रन की विशाल बढ़त हासिल की। दिन का खेल समाप्त होने तक मेजबान टीम ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 119 रन बना लिए हैं, लेकिन वह अभी भी भारत से 233 रन पीछे है।

पंत का तूफानी पारी और मजबूत साझेदारियां

चौथे दिन भारत ने चार विकेट पर 486 रन से आगे खेलना शुरू किया। बासिन रिजर्व की सपाट पिच पर भारतीय बल्लेबाजों ने कीवी गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। रात के नाबाद बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए 135 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 153 गेंदों की अपनी पारी में 10 चौके और छह छक्के जड़े। पंत ने पहले अंशुल कंबोज (38) के साथ पांचवें विकेट के लिए 68 रन और फिर ध्रुव जुरेल के साथ छठे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर टीम को 600 के पार पहुंचाया।



शतक सेलिब्रेट करते विकेटकीपर ऋषभ पंत।

1 भारत ने न्यूजीलैंड टीम का 7 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

भारत ने 720/9 रन बनाकर न्यूजीलैंड में सबसे बड़े टेस्ट स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कीवियों ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 715/6 का स्कोर बनाया था।

2 भारतीय टीम ने टेस्ट में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

भारत ने टेस्ट में अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। सबसे बड़ा स्कोर 759/7 है, जो 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में बना था। टीम इंडिया 2009 में मुंबई में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 729/6 का स्कोर भी बना चुकी है।

3 सबसे ज्यादा 700+ बनाने में भारत दूसरे नंबर पर

भारत ने 5वीं बार टेस्ट की एक पारी में 700 रन से बड़ा स्कोर बनाया। वह 700 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली टीमों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज (4-4 बार) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस मामले में श्रीलंका (7 बार) पहले स्थान पर है।

4 148 साल में पहली बार, पहले 7 विकेट के लिए 50+ पार्टनरशिप

148 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार किसी टीम ने एक पारी में शुरूआती सभी 7 विकेट के लिए 50 या उससे ज्यादा रन की साझेदारियां की हैं। यह कारनामा भारत ने किया। इनमें शुरूआती 2 विकेट के लिए शतकीय साझेदारियां हुईं। चौथे विकेट के लिए गिल और पंत ने भी 100 रन जोड़े।

5 दूसरी बार टॉप-5 बैटर्स के 80+ रन

भारत के टॉप-5 बल्लेबाजों ने 80 या उससे ज्यादा रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा केवल दूसरी बार हुआ। इससे पहले 2014 में पाकिस्तान के बैटर्स ने यह अचीवमेंट हासिल की थी।

जुरेल और निचले क्रम का उपयोगी योगदान

पंत के आउट होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने मोर्चा संभाला और 79 गेंदों में सात चौकों व एक छक्के की मदद से 78 रन बनाए। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (24) के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अंतिम ओवरों में आकाश दीप ने महज पांच गेंदों में दो छक्कों की मदद से 13 रन ठोके, जबकि जसप्रीत बुमराह सात रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने तीन और रचिन रवींद्र ने दो विकेट चटकाए।

जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने दिए शुरूआती झटके

352 रन से पिछड़कर दूसरी पारी खेलने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत बेहद खराब रही। जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में कप्तान टॉम लैथम को शून्य पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स (31) ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने निकोल्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। स्टंप्स तक कॉनवे 59 रन और रचिन रवींद्र 27 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। अंतिम दिन भारत की नजरें जीत दर्ज करने पर होंगी।

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

थाईलैंड के खिलाफ भारत हॉकी में 7-0 से जीता



भोपाल। भोपाल में खेली जा रही महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे दिन रविवार को मलेशिया ने कोरिया को 3-1 से और जापान ने चीन को 3-1 से हरा दिया। जापान ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। अब दिन के आखिरी मुकाबले में मेजबान भारत ने थाईलैंड को 7-0 से हराकर चैंपियनशिप में जीत की हैट्रिक लगाई। भारत की ओर से नवनीत कौर ने पहला गोल दागा। दीपिका ने दूसरा और तुरंत बाद तीसरा भी गोल कर दिया। चौथा गोल मुमताज ने दागा। वहीं पांचवां गोल सुनेलिता टोप्पो ने किया।

मलेशिया ने कोरिया के सामने दिखाई फुर्ती : मलेशिया ने कोरिया को 3-1 से हराया। रविवार को खेले गए दिन के दूसरे मुकाबले में मलेशिया ने तीसरे क्वार्टर में दो गोल कर बढ़त बनाई। नूरमाइजातुल स्याफी ने 32वें मिनट में और नूरामिराह जुल्किफली ने 37वें मिनट में गोल किया। कोरिया की ओर से साएना जियोंग ने 35वें मिनट में गोल कर अंतर कम किया। चौथे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में मलेशिया की सिती मोहद ने 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर टीम की जीत पक्की कर दी।

चीन पर हावी रहा जापान : जापान ने चीन को 3-1 से हराया। दिन पहले मुकाबले में जापान के लिए यामामोटो रीना ने 18वें मिनट में, कानेको नानामी ने 34वें मिनट में और मास्यामा निको ने मैच के आखिरी क्षणों में 59:58 मिनट पर गोल किया। वहीं चीन की ओर से काई वेनकियान ने 44वें मिनट में गोल कर अंतर कम किया, लेकिन टीम बराबरी नहीं कर सकी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ हॉकी सीरीज भारत ने 1-0 से जीती, आखिरी मुकाबला ड्रॉ



ऑकलैंड (वार्ता) भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां लॉयड एल्समोर हॉकी स्टेडियम में मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम मुकाबला 2-2 से ड्रॉ खेलकर तीन मैचों की 2026 शताब्दी हॉकी सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत की ओर से कप्तान संजय राणा (16वें मिनट) और सेल्वम कार्थी (18वें मिनट) ने गोल किए, जबकि न्यूजीलैंड के लिए डायलन थॉमस (नौवें मिनट) और बेंजी कुल्हेन (55वें मिनट) ने गोल दागे। तीन मैचों की यह मैत्री सीरीज गुरुवार को शुरू हुई थी। भारत ने पहला मुकाबला उत्तम सिंह, शरदानंद तिवारी और संजय राणा के गोल की मदद से 3-2 से जीता था। अंगद बीर सिंह ने शनिवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत को बराबरी दिलाई थी, जबकि संजय राणा के आखिरी समय में किए गए गोल ने टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया था। तीनों मैचों में तीन गोल करने वाले संजय राणा सीरीज के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

दो हार के बाद दिल्ली ने चखा जीत का स्वाद

इंदौर (वार्ता) लगातार दो हार झेलने के बाद दिल्ली ने आखिर जीत का स्वाद चख लिया। विकेटकीपर तेजस्वी दहिया की 95 रन की बेहतरीन पारी और सुयश शर्मा (31 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली ने हरियाणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में रविवार को 43 रन से हरा दिया। तेजस्वी दहिया को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली ने 20 ओवर में छह विकेट पर 232 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद हरियाणा को आठ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। दिल्ली की पारी में उसके शीर्ष चार बल्लेबाजों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रियांश आर्य ने 62 रन, यश 27 रन व राणा ने 37 रन का योगदान दिया।

हांगकांग ओपन; कुनलावुत ने पीठ की चोट के कारण नाम वापस लिया

एंटोनसेन को वॉकओवर से पुरुष एकल का खिताब, झियी ने बरकरार रखा खिताब


हांगकांग (वार्ता)

हांगकांग ओपन 2026 में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को पुरुष एकल का चैंपियन घोषित किया गया। फाइनल मुकाबले से पहले दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न ने पीठ की चोट के कारण अपना नाम वापस ले लिया, जिसके बाद एंटोनसेन को वॉकओवर मिल गया। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा, पुरुष एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न पीठ की चोट के कारण ली-निंग हांगकांग ओपन 2026 के फाइनल मुकाबले से हट गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी एंडर्स एंटोनसेन को पुरस्कार वितरण समारोह



के दौरान खिताब प्रदान किया जाएगा। एंटोनसेन ने भारत के लक्ष्य सेन को 21-13, 21-13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि वितिदसर्न ने 72 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया के मोहम्मद जकी उबैदिल्लाह को 18-21, 21-15, 21-16 से हराया था। हांगकांग में मिली यह जीत एंटोनसेन का इस साल का दूसरा बीडब्ल्यूएफ 500 खिताब है। इससे पहले उन्होंने मई में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था। उस टूर्नामेंट के फाइनल में भी उनका सामना वितिदसर्न से हुआ था, लेकिन तब डेनमार्क के खिलाड़ी ने तीन गेम तक चले मुकाबले में जीत हासिल की थी। महिला एकल के फाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन वांग झियी ने पोर्नपावी चोचुवोंग को एकतरफा मुकाबले में हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। झियी ने पहला गेम 21-16 से जीता और फिर महज 40 मिनट में दूसरा गेम 21-11 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, सोमवार, 23 नवम्बर 2026

अगर ऑपरेशन सिंदूर चालू है तो क्या दुश्मन को बुलाकर बिरयानी खिलाओगे। देश में क्या तमाशा देखने को मिल रहा है।

- इमरान मसूद

न्यूज इन ब्रीफ

जहरीली शराब से 44 मौत मामले में चार दोषी करार

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के चर्चित जहरीली शराब कांड में विशेष उत्पाद न्यायालय-वन ने चार आरोपितों-अजय कुमार यादव, ललन यादव, राजेश सहनी और नवल किशोर यादव को दोषी करार दिया है। वर्ष 2023 में जहरीली शराब पीने से 44 लोगों की मौत हुई थी। न्यायालय ने उन्हें बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के तहत दोषी माना है। सजा पर 26 नवंबर को सुनवाई होगी।

थाने के पास दुकान में चोरी

अलवर। खेड़ली थाना क्षेत्र में पुलिस थाने से महज 200 मीटर दूर स्थित सैनी इलेक्ट्रॉनिक मोटर बाईंडिंग की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रात में दुकान का ताला तोड़कर करीब पांच क्विंटल तांबे के तार चोरी कर लिए। वारदात के दौरान चोरों ने पास स्थित ई-मित्र दुकान के सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए।

सुधार के कदम उठाएंगे : शेखावत

जयपुर। पंचायतीराज चुनावों के नतीजों को लेकर भाजपा ने समीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को जयपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजेय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के बावजूद ऐसे परिणाम पार्टी के लिए आत्मावलोकन का अवसर हैं। शेखावत ने कहा कि भाजपा जीत और हार दोनों की समान ऊर्जा से समीक्षा करती है। जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर मंथन कर सुधार के कदम उठाए जाएंगे।

10 बाइक चोरी

जयपुर। राजधानी में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरों ने 10 मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। सांगानेर, खो-नागोरियान, करणी विहार, वैशाली नगर, हरमाड़ा, मानक चौक, मानसरोवर और झालाना क्षेत्रों में घरों के बाहर, पार्किंग, बैंक और सार्वजनिक स्थानों पर खड़ी बाइक निशाना बनीं। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

भात भरने गए युवक का बैग चोरी

जयपुर। हरमाड़ा थाना इलाके में बहन के भात की रस्म निभाने पहुंचे युवक का रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में 3 लाख 25 हजार रुपए रखे हुए थे। घटना सीकर रोड स्थित मंगल बेला गार्डन की है। रस्म के दौरान उसका रुपयों से भरा बैग गायब हो गया। रस्म पूरी होने के बाद जब उसने बैग संभाला तो मिला नहीं।

भाजपा जनता के सुझाव लेगी

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने चुनावी संकल्पनामा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी गांव-गांव संकल्पनामा वैन भेजकर और सुझाव पेटियां लगाकर जनता की राय लेगी। इसके लिए मोबाइल और व्हाट्सएप नंबर भी जारी किए गए हैं। भाजपा नेताओं ने बताया कि रोजगार, विकास, आर्थिक स्थिति और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को शामिल कर दिसंबर मध्य तक घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।

युवक की चाकू मारकर हत्या

गन्नौर (सोनीपत)। गन्नौर के गांव खिजरपुर अहीर माजरा में शनिवार देर रात शराब पीने के दौरान हुए विवाद में 37 वर्षीय अनिल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह चार अन्य लोगों के साथ बैठा था, तभी कहासुनी के बाद एक युवक ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में अनिल को खानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सिंचाई संकट से पिछड़ा रबी बुवाई का गणित: नहरों में 15 से 25 दिन बाद मिल रही पानी की बारी, 2.75 लाख हैक्ट. में गेहूं की बुवाई करने पर होगा लक्ष्य पूरा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

कमजोर मानसून के चलते बांधों में घटते जल स्तर और नहरों में सिंचाई पानी की भारी किल्लत का सीधा असर इस बार रबी सीजन की बुवाई पर दिखाई दे रहा है। जिले में रबी फसलों की बुवाई की रफ्तार पिछले वर्ष के मुकाबले काफी धीमी है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक निर्धारित 7,14,680 हेक्टेयर के कुल बुवाई लक्ष्य के विरुद्ध केवल 4,39,024 हेक्टेयर क्षेत्र में ही बुवाई हो सकी है, जो गत वर्ष की तुलना में करीब 2.75 लाख हेक्टेयर कम है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, कम पानी वाली फसलों जैसे सरसों, जौ और चना की बुवाई का अनुकूल समय 20 नवंबर को समाप्त हो चुका है। ऐसे में अब निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का पूरा दारोमदार केवल गेहूं की बुवाई पर टिक गया है, जिसके लिए आगामी एक महीने (20 दिसंबर तक) में 2,75,565 हेक्टेयर रकबे में बुवाई करनी होगी। हालांकि, नहरों में पानी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस लक्ष्य के पूरा होने पर संशय बना हुआ है।



जौ और चना की बुवाई में भारी गिरावट

कृषि विभाग द्वारा कम पानी में पकने वाली फसलों को प्राथमिकता देने की एडवाइजरी के बीच इस बार किसानों का रुझान सरसों की ओर बढ़ा है। सरसों का बुवाई क्षेत्र पिछले साल के 2,83,893 हेक्टेयर के मुकाबले 24,847 हेक्टेयर की बढ़ोतरी के साथ 3,08,740 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इसके विपरीत, बारानी क्षेत्र में बरसात की कमी के कारण चना और जौ की बुवाई बुरी तरह पिछड़ गई है। इस सीजन में जौ की बुवाई मात्र 34,987 हेक्टेयर में हुई है, जो पिछले साल से 79,546 हेक्टेयर कम है। इसी तरह चना की बुवाई 35,697 हेक्टेयर में ही सिमट गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 26,232 हेक्टेयर कम दर्ज की गई है।

बिजाई की स्थिति

फसल	वर्ष 2025	वर्ष 2026*	अंतर
गेहूं	237490	52237	-185253
जौ	114533	34987	-79546
सरसों	283893	308740	+24847
चना	61929	35697	-26232
अन्य	16835	7363	-9472
कुल	714680	439024	-275656

*रिपोर्ट: 20 नवंबर 2026 तक आंकड़ा हेक्टेयर में

बांधों में 4.522 एमएएफ कम पानी, नहरों की बारी का अंतराल बढ़ा

जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली तीनों प्रमुख नहर परियोजनाओं–गंगनहर, भाखड़ा और इंदिरा गांधी नहर परियोजना (आईजीएनपी)–के जल स्रोत भाखड़ा, पौंग और रणजीत सागर बांधों की कुल भराव क्षमता 13.876 मिलियन एकड़ फुट (एमएएफ) है, लेकिन वर्तमान में इनमें 4.522 एमएएफ कम यानी केवल 9.354 एमएएफ पानी ही उपलब्ध है। पानी की इस कमी के कारण नहरों में सिंचाई की बारी का अंतराल 15 से 25 दिन तक बढ़ गया है।

आईजीएनपी: सबसे गंभीर संकट इसी परियोजना में है। पिछले साल इस समय 12,500 क्यूसेक पानी चलने से 8 से 12 दिन में बारी मिल रही थी, जबकि अब मात्र 6,600 क्यूसेक पानी उपलब्ध होने से तीन में से एक ग्रुप में नहरें चलाई जा रही हैं। इससे किसानों को 18 से 25 दिन बाद पानी मिल रहा है।

गंगनहर: 1,800 क्यूसेक के निर्धारित शेयर के मुकाबले 291 क्यूसेक कम यानी 1,509 क्यूसेक पानी मिल रहा है, जिससे 15 से 18 दिन में बारी आ रही है। गत वर्ष इस समय 1,825 से 1,900 क्यूसेक पानी चल रहा था।



भाखड़ा नहर: मात्र 1,200 क्यूसेक पानी उपलब्ध होने से दो में से एक ग्रुप में नहर चलाई जा रही है, जिससे किसानों को 15 दिन बाद सिंचाई की बारी मिल पा रही है।

पेयजल रिजर्व की नीति पर सवाल

वर्तमान में पौंग बांध का जल स्तर 1,358 फीट और भाखड़ा का 1,632 फीट है, जो पुराने रिकॉर्ड के लिहाज से कम नहीं है। वर्ष 2009-10 में पौंग में 1,339 फीट और भाखड़ा में 1,590 फीट जल स्तर होने के बावजूद किसानों को बुवाई के लिए पर्याप्त पानी दिया गया था। लेकिन पिछले एक दशक से पेयजल के नाम पर अधिक पानी आरक्षित रखने की अव्यावहारिक व्यवस्था के कारण बुवाई के समय सिंचाई शेयर घटा दिया जाता है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासनिक अधिकारी भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से समन्वय कर सिंचाई शेयर बढ़वाएं, ताकि समय पर गेहूं की बुवाई और फसलों का उचित पकाव संभव हो सके।



- सुभाष सहगल
प्रवक्ता किसान संघर्ष समिति श्रीगंगानगर

इधर, गंगनहर को शेयर से कम 1539, पाकिस्तान जा रहा 1000 क्यूसेक पानी

किसान नेताओं ने मौके पर पहुंच कर दावा किया कि कब रूकेगा यह सिस्टम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर। एक तरफ गंगनहर के किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी नहीं मिलने के कारण गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है।

अनेक नहरों के किसानों की दो से तीन बारिया सूखी जा रही है। इससे गेहूं की बिजाई समय पर नहीं हो पा रही है। हालात काफी खराब है। आज किसान नेता सुखबीर सिंह फौजी सहित अनेक किसानों ने हरिके बैराज जाकर मौके की स्थिति देखी। सुखबीर सिंह फौजी, दिलबाग सिंह ने बताया कि गंगनहर के किसानों शेयर से कम पानी मिल रहा है, दूसरी ओर एक हजार क्यूसेक पानी पाकिस्तान छोड़ा जा रहा है।

हैरिक बैराज पर जाकर उन्होंने दावा किया कि पंजाब हमें जान-बूझकर पर्याप्त पानीं नहीं दे रहा है। खखां हैड पर 1539 क्यूसेक पानी मिल रहा है जबकि गंगनहर का शेयर 1800 क्यूसेक है। इसके अलावा पंजाब द्वारा बार-बार गंगनहर के पानी में उतार-चढ़ा किया जाता है। इस वजह से अनेक नहरों के किसानों की दो-दो बारियां सूखी जा रही है। इस बार किसानों ने कम पानी चाहने वाली फसल सरसों की बुवाई पिछले वर्ष से कम की। लेकिन अब गेहूं की बुवाई अटक रही है क्यों कि पानी नहीं मिल रहा। क्योंकि इस बार मानसून की बारिश भी कम होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बरानी क्षेत्र में तो बुवाई ना के बराबर है। यदि सरकारें चाहें तो पाकिस्तान जा रहे पानी को रोक कर गंगनहर में पर्याप्त पानी दे सकती है।

ऐसा करने से क्षेत्र में बुवाई पूरी होगी तथा फसलें भी पकेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि फिरोजपुर फीडर की शेष रही लाइनिंग को भी पूरा किया जाये। इसके अलावा बीकानेर कैनाल की लाइनिंग को भी बनवाया जाए।



नवोदय की टिकट के लिए 5069 नौनिहाल मैदान में,19 केंद्रों पर 28 को होगी 100 अंकों की परीक्षा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बेहतर शिक्षा, शानदार आवासीय सुविधा और सुनहरे भविष्य का सपना लेकर हजारों नौनिहाल अब नवोदय की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का दम दिखाने जा रहे हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 28 नवंबर को जिलेभर में प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक होने वाली इस परीक्षा में श्रीगंगानगर जिले के 5069 विद्यार्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। इसके लिए जिले के 9 उपखंडों के तहसील एवं उपतहसील मुख्यालयों पर 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

इस बार महियांवाली नवोदय विद्यालय के लिए 2383 और सूरतगढ़ नवोदय विद्यालय के लिए 2686 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

फैक्ट फाइल

- जिले में नवोदय विद्यालय : 2
- महियांवाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी : 2383
- सूरतगढ़ के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी : 2686
- जिले में परीक्षा केंद्र : 19
- कुल पंजीकृत परीक्षार्थी : 5069
- परीक्षा तिथि : 28 नवंबर, शनिवार
- परीक्षा समय : सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक

तीन खंड और 80 सवालों की चुनौती

नवोदय प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों की मानसिक क्षमता, गणितीय समझ और भाषाई ज्ञान की कड़ी परीक्षा होगी। प्रश्नपत्र 3 खंडों में विभाजित रहेगा।

- **मानसिक योग्यता परीक्षा:** 60 मिनट में 40 सवाल, कुल 50 अंक।
- **अंकगणित परीक्षा:** 40 मिनट में 20 सवाल, कुल 25 अंक।
- **भाषा परीक्षा:** 30 मिनट में 20 सवाल, कुल 25 अंक

नौनिहालों के लिए 75 फीसदी सीटें आरक्षित

जिले में 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित होंगी। साथ ही कुल सीटों की एक तिहाई सीटों पर लड़कियों का आरक्षण रहेगा। बता दें कि प्रत्येक विद्यालय की छठी कक्षा में अधिकतम 80 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है।जबकि एससी और एसटी के लिए आरक्षण संबंधित जिले की जनसंख्या के अनुपात में दिया जाएगा। 27 प्रतिशत आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलेगा जो केन्द्रीय सूची के अनुसार होगी।

दिव्यांगों को 40 मिनट एकस्ट्रा टाइम



जेएनवीएसटी-2027 लिए पेपर के तीनों खंडों में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसमें नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। बच्चों को एमसीक्यू के उत्तर ओएमआर सीट पर केवल नीले या काले बॉल पेन से देने हैं। इसमें 80 प्रश्नों लिए होगा 100 अंक का पेपर आयोजित किया जाएगा। परीक्षा में दिव्यांग विद्यार्थियों को 40 मिनट अतिरिक्त समय भी देय होगा। - **भूपेश शर्मा, जिला समन्वयक, विद्यार्थी परामर्श केंद्र, श्रीगंगानगर**

पुष्कर मेला: मटका दौड़ और चेयर रेस का रोमांच

देशी प्रतिभागियों का दबदबा, विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से लिया हिस्सा

अजमेर। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला-2026 में रविवार को देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए मटका दौड़ और म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। मेला स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं में महिला प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सिर पर पानी से भरा मटका लेकर संतुलन बनाते हुए दौड़ती प्रतिभागियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया, जबकि म्यूजिकल चेयर रेस में संगीत रुकते ही कुर्सी पर बैठने की होड़ आकर्षण का केंद्र रही।

प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि मटका दौड़ में कुल 15 महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें 10 स्वदेशी और पांच विदेशी महिला पर्यटक शामिल थीं। विदेशी प्रतिभागियों ने भी पूरे उत्साह से प्रतियोगिता पूरी की, हालांकि मुकाबले में देशी प्रतिभागियों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में चूरू की मैना कुमारी प्रथम, पाली की शारदा राजपुरोहित द्वितीय और जोधपुर की कोयल विश्नोई तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर रेस में 29 महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें 26 स्वदेशी और 3 विदेशी महिला पर्यटक थीं।



टैंक की चपेट में आए दो जवान

हिसार। तोशाम रोड स्थित गांव भोजराज के पास सैन्य प्रशिक्षण के दौरान टैंक की चपेट में आने से दो जवानों की दुखद मौत हो गई। घटना शनिवार की है। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी नायक अंकुश कुमार (35) और शामली निवासी लांस नायक मनीष कुमार (27) के रूप में हुई है। गांव भोजराज स्थित सैन्य प्रशिक्षण केंद्र में करीब 32 टैंकों के साथ युद्ध अभ्यास चल रहा था। प्रशिक्षण के दौरान टैंक से काफी धूल उड़ने लगी, जिससे चालक को आगे तैनात दोनों जवान दिखाई नहीं दिए। टैंक की चपेट में आने से नायक अंकुश कुमार और लांस नायक मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में बड़े बदलाव की तैयारी

नई दिल्ली

केंद्रीय मा.शि. बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की मूल्यांकन प्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने पर विचार कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप इस प्रस्तावित व्यवस्था में विद्यार्थियों की रटने की प्रवृत्ति को कम कर विषयों की गहरी समझ, तार्किक सोच और सीखे गए ज्ञान को वास्तविक जीवन में लागू करने की क्षमता को प्रमुखता दी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थी केवल किताबी परिभाषाएं याद करके परीक्षा न दें, बल्कि विषय की मौलिक समझ भी प्रदर्शित कर सकें।

17-18 दिसंबर को जम्मू में होगा मंथन : इस प्रस्तावित मूल्यांकन नीति पर विचार-विमर्श के लिए 17 और 18 दिसंबर को जम्मू में सीबीएसई का 32वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मूल्यांकनः वैश्विक दृष्टिकोण और भविष्य के लिए तैयार विद्यार्थी विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन में देशभर के स्कूल प्रधानाचार्य और शिक्षा विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें पारंपरिक अंक-आधारित प्रणाली से आगे बढ़कर विद्यार्थियों की वास्तविक सीखने की क्षमता परखने और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के नए दिशा-निर्देशों पर चर्चा होगी।

पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा

कोटा में खड़े ट्रक से टकराई श्रद्धालुओं की क्रूजर, 9 की मौत

सीमा सन्देश # कोटा

नेशनल हाईवे-52 पर कोटा के शंभूपुरा बाईपास के पास शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसे में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। हादसा रात करीब 12:30 बजे हुआ, जब खाटू श्याम जी के दर्शन कर महाराष्ट्र लौट रही श्रद्धालुओं से भरी क्रूजर गाड़ी सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी। पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक वाहन की जांच के लिए उसे सड़क किनारे खड़ा कर नीचे उतरा था। इसी दौरान तेज रफ्तार क्रूजर पीछे से ट्रक में जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई यात्री अंदर फंस गए। पुलिस और राहत दल ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस उप अधीक्षक राजेश टेलर ने बताया कि महाराष्ट्र के धुले निवासी करीब 36 श्रद्धालु तीन वाहनों से राजस्थान की धार्मिक यात्रा पर आए थे।

उन्होंने ओंकारेश्वर, उज्जैन महाकाल, सांवरिया जी, पुष्कर, अजमेर, सालासर बालाजी और खाटू श्याम जी के दर्शन किए थे। हादसे में मृतकों के शव मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं, जबकि घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

डेढ़ घंटे में तीन हादसे, 12 की मौत : कोटा में शनिवार रात से रविवार सुबह तक नेशनल हाईवे पर हुए तीन हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हुए। पहला हादसा नांता थाना क्षेत्र में हुआ, जहां खड़े ट्रक में क्रूजर घुसने से महाराष्ट्र के नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दूसरे हादसे में सुकेत क्षेत्र में खड़ी पिकअप को कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हुई। तीसरे हादसे में उद्योग नगर क्षेत्र में खड़े कंक्रीट मिक्सर ट्रक से एसयूवी टकराई, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। पुलिस ने हाईवे पर खड़े वाहनों को लेकर एनएचएआई की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।



टेंपो ट्रैवलर कार से टकराया, 3 की मौत

फलोदी। देचू थाना क्षेत्र के मंडला कला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-125 पर टेंपो ट्रैवलर और कार की आमने-सामने हुई टक्कर में गुजरात के एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे में दोनों वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर जोधपुर रेफर किया। एमडीएम अस्पताल में पांच घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में मुकेश, राजेंद्र और जयंती भाई शामिल हैं। सभी गुजरात के बनासकांठा जिले से रामदेवरा दर्शन कर लौट रहे थे।

कच्छ में भीषण हादसा, 7 की मौत

अहमदाबाद। गुजरात के कच्छ जिले में भुज-खावड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतक उत्तराखंड के रहने वाले थे और कच्छ घूमने आए थे। मृतकों में सौरभ सिंह नेगी, उनकी पत्नी सविता, बेटी शिविका, राजेश सिंह रावत, उनकी बेटी रक्षिता, रिंकी गुंसाई और वामिका शामिल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भुज के जी.के. जनरल अस्पताल भेजा है। हादसे की सूचना मिलने पर सेना के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नोहर फीडर में छोड़ा 160 क्यूसेक पानी, विभाग ने जारी किया रेगुलेशन



सीमा सन्देश # चारणवासी। नहराना हेड से रविवार सुबह नोहर फीडर में 160 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। विदित रहे कि 13 नवंबर से फतेहाबाद ब्रांच में आठ दिन की बंदी चल रही थी, जिसके बाद शनिवार को ब्रांच में पानी प्रवाहित किया गया था। सिंचाई विभाग ने नोहर क्षेत्र के लिए 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक का सिंचाई रेगुलेशन भी जारी कर दिया है। इस रेगुलेशन के तहत 22 से 30 नवंबर तक प्रथम वरीयता में एनएचआर के ढंढेला, कर्मशाना और भगवान माइनर चलेंगे, जबकि द्वितीय वरीयता में बिरकाली, किंकराली और देईदास माइनर का संचालन होगा। इसी प्रकार 30 नवंबर से 8 दिसंबर तक प्रथम वरीयता में जसाना वितरिका तथा द्वितीय वरीयता में मलवानी, जनानियां और खिनानियां वितरिका चलाई जाएंगी।

विभाग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की मांग पर पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और हरियाणा से पानी की उपलब्धता के अनुसार ही नहरों में पानी प्रवाहित किया जाएगा। दूसरी ओर, नहर में पानी आने से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों का कहना है कि गेहूं की बिजाई के बिल्कुल अनुकूल समय पर नहरी पानी मिला है, जिससे खेतों की सिंचाई कर बुआई करने पर दानों का शत-प्रतिशत अंकुरण हो सकेगा और आगे फसल पकाने के लिए ट्यूबवेल के पानी का उपयोग करने पर भी उत्पादन पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528